सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 43.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-365 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 16 जून 2024
09 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## कर्नाटक में पेट्रोल और डीजल के दाम में बढ़ोतरी

**झटका**

**3** रुपये पेट्रोल में और डीजल की कीमतों में 3.05 रुपये प्रति लीटर की उछाल

**कांग्रेस सरकार ने सेल्स टैक्स में किया इजाफा**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार जनता को मंहगाई का झटका देने वाली है। राज्य सरकार पेट्रोल और डीजल के दाम में बढ़ोतरी करने वाली है। पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अनुसार, कर्नाटक में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग 3 रुपये और 3.05 रुपये की बढ़ोतरी होने की संभावना है। दरअसल, राज्य सरकार ने 15 जून को पेट्रोल और डीजल पर सेल्स टैक्स में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार, पेट्रोल पर 'कर्नाटक बिक्री कर' 25.92 प्रतिशत से बढ़ाकर 29.84 प्रतिशत और डीजल पर 14.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 18.4 प्रतिशत कर दिया गया है। वित्त विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, यह दरें तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। अखिला कर्नाटक पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अनुसार, पेट्रोल की कीमत बढ़कर 102.85 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी, जबकि डीजल की कीमत बढ़कर 88.93 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। बेंगलुरु में पेट्रोल फिलहाल 99.84 रुपये प्रति लीटर और डीजल 85.93 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। आखिरी संशोधन नवंबर 2021 में हुआ था, जब पिछली भाजपा राज्य सरकार ने कोविड-19 के बाद अर्थव्यवस्था को उबारने में मदद के लिए पेट्रोल की कीमतों में 13.30 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमतों में 19.40 रुपये प्रति लीटर की कमी की थी।



## उत्तराखंड हादसे में 14 की मौत

### ट्रैवलर सड़क से फिसलकर 200 फीट नीचे अलकनंदा नदी में जा गिरा, 23 पर्यटक थे सवार

**हादसा**

- **एम्स पहुंचकर सीएम धामी ने जाना घायलों का हाल**
- **16 घायलों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया**



**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में एक वाहन दुर्घनाग्रस्त होकर 250 मीटर गहरी खाई में अलकनंदा नदी किनारे जा गिरा। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई। 10 की घटनास्थल में ही दम तोड़ दिया था। इसके अलावा दो की मौत जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग और दो की मौत एम्स ऋषिकेश में हुई है। हादसे में घायल 13 लोगों में सात का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। जबकि 5 एम्स में भर्ती हैं। हादसे का कारण वाहन चालक को झपकी आना बताया जा रहा है। साथ ही वाहन में सवार 23 लोगों में अधिकांश भी नींद में थे। एम्स पहुंचकर सीएम पुष्कर सिंह धामी ने घायलों का हालचाल लिया और उपचार में सजग रहने व उचित देखरेख करने के निर्देश दिए है। शुक्रवार देर रात्रि को नई दिल्ली से अलग-अलग जगह के 23 युवाओं का दल टेंपो- ट्रेवलर में चोपता-तुंगनाथ-चंद्रशिला ट्रेकिंग के लिए रवाना हुआ था। शनिवार को ऋषकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर पूर्वाह्न लगभग 11.30 बजे वाहन रुद्रप्रयाग के समीप रैंतोली में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने आरसी पैराफिट तोड़कर सीधे गहरी खाई में अलकनंदा नदी किनारे जा गिरा। हादसे की सूचना पर प्रशासन, पुलिस, जिला आपदा प्रबंधन, एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची और रेस्क्यू में जुट गई। मौके पर 10 लोग मृत मिले। अन्य 16 घायलों को लगभग दो घन्टे में गहरी खाई से सड़क में लाकर जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। घायलों में सात को गंभीर हालत के चलते केदारनाथ यात्रा में संचालित हेलिकॉप्टर से एम्स ऋषिकेश रेफर किया गया। जहां, दो की मौत हो गई। जिला चिकित्सालय में भर्ती घायलों में भी दो की मौत हो गई। डीएम, एसपी ने गहरा दुख जताया है। दोनों अधिकारियों के नेतृत्व में घायलों का यथाशीघ्र उपचार दिलाया गया और कम से कम समय में गंभीर को हायर सेंटर रेफर किया गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन चारधाम यात्रा का नहीं था। इसलिए वाहन का ट्रिप कार्ड नहीं बनाया गया था।

**धामी ने जताया शोक**

हादसे के खबर पर दुख जताते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि टेंपो ट्रेवलर के दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत पीड़ादायक समाचार प्राप्त हुआ। स्थानीय प्रशासन व एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी हुई है। घायलों को नज़दीकी चिकित्सा केंद्र पर उपचार के लिए भेज दिया गया है।

**पीएम ने जताया दुख**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रुद्रप्रयाग जिले में हुए हादसे पर गहरा दुख जाहिर किया। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री राहत कोष से मदद का ऐलान किया गया है। मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## भारत-इटली की दोस्ती आबाद रहे: मोदी

**जी-7**

- **फिर चर्चा में पीएम मोदी और मेलोनी की सेल्फी**
- **द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा**



**इटली।** जी-7 समिट के आखिरी दिन शुक्रवार को पूरी दुनिया की नजर इटली के फसानो शहर पर टिकी थी। यहां इकट्ठा हुए वर्ल्ड लीडर्स ने दुनिया में छिड़ी 2 जंग से लेकर एआई और क्लाइमेट चेंज जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की।

भारत के लिए यह समिट इसलिए भी खास था, क्योंकि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने के बाद पहले विदेश दौरे पर गए थे। जी 7 के आउटरीच सेशन से इतर पीएम मोदी ने कई देशों के नेताओं से मुलाकात की। इनमें इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी से लेकर कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो तक शामिल रहे। मेलोनी ने मोदी के साथ अपनी सेल्फी का वीडियो भी शेयर किया। उन्होंने इस पर समेलोडी लिखा। इस पर मोदी ने उन्हें जवाब देते हुए कहा, भारत-इटली की दोस्ती आबाद रहे। मोदी और बाकी वर्ल्ड लीडर्स की मुलाकात और बैठकों के कई खास मोमेंट्स सामने आए। इस सम्मलेन के बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने इटली में जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान अपने इतालवी समकक्ष के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने दोनों देशों के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर चर्चा की और रक्षा औद्योगिक सहयोग को और बढ़ाने की उम्मीद जताई। बयान में कहा गया कि इस साल के अंत में इतालवी विमानवाहक पोत आईटीएस कैवूर और प्रशिक्षण जहाज आईटीएस वेस्पुची भारत आएगा। इसके अलावा, पीएम मोदी ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान इतालवी अभियान में भारतीय सेना के योगदान को मान्यता देने के लिए इतालवी सरकार को धन्यवाद दिया। पीएम ने बताया कि भारत इटली के मोंटोन में यशवंत घाडगे स्मारक का उन्नयन करेगा। पीएम मोदी और उनके इतालवी समकक्ष ने नियमित उच्च राजनीतिक वार्ता पर संतोष व्यक्त किया और भारत - इटली रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा की। मेलोनी ने प्रधानमंत्री मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में उनके लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई भी दी। पीएम मोदी 14 जून को आउटरीच सत्र में भाग लिया, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर पर केंद्रित था। इस सम्मेलन में मध्य पूर्व, गाजा और यूक्रेन में चल रहे संघर्षों पर चर्चा हुई। विश्वभर के नेता इन जटिल भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने और समाधान के तरीकों पर बात की। इसके अलावा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एजेंडा के प्रमुख विषयों में शामिल किया गया है।

## महाविकास अघाड़ी महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव साथ लड़ेगी

**उद्धव का ऐलान**

- **एमवीए को लोकसभा चुनाव में मिली जीत अंत नहीं, शुरुआत है**
- **महाराष्ट्र की जनता ने एमवीए उम्मीदवारों को विजयी बनाया है**



**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में महा विकास आघाडी (एमवीए) की जीत शुरुआत है, अंत नहीं। उन्होंने विश्वास जताया कि विपक्षी गठबंधन राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव जीतेगा। एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) शामिल हैं। ठाकरे दक्षिण मुंबई में एमवीए के घटक दलों के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जिसमें राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने भी अपनी बात रखी। महा विकास अघाड़ी के नेता शरद पवार, उद्धव ठाकरे और पृथ्वीराज चव्हाण ने शनिवार को मुंबई में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की और लोकसभा चुनाव 2024 में राज्य में गठबंधन का समर्थन करने के लिए देश की जनता को धन्यवाद दिया। एनसीपी (एससीपी) के शरद पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने जहां भी रोड शो और रैलियां कीं, एमवीए ने उन जगहों पर जीत दर्ज की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में शरद पवार ने कहा, जहां भी प्रधानमंत्री का रोड शो और रैली हुई, हम जीते। इसलिए मैं प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना अपना कर्तव्य समझता हूं। कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि हम सभी आज महाराष्ट्र की जनता को धन्यवाद देने और सभी का आभार व्यक्त करने के लिए एक साथ आए हैं। महाराष्ट्र की जनता ने एमवीए उम्मीदवारों को विजयी बनाया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद आज पहली बार महाराष्ट्र के इंडिया गठबंधन के नेताओं की मुलाकात हुई है। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस लोगों को धन्यवाद देने के लिए है। हमें महाराष्ट्र में अच्छी संख्या में वोट मिले हैं. हम सब लोकतंत्र को बचाने के लिए एक साथ आए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि जिस तरह से लोगों ने लोकसभा चुनाव में हमें वोट दिया, वैसा ही प्यार हमें विधानसभा चुनाव में भी मिलेगा।

## दूसरे दिन अराफात की पहाड़ी पर पहुंचे 15 लाख से ज्यादा हाजी

**अनुष्ठान**

- **सऊदी में चल रही 2024 की हज यात्रा**
- **सऊदी सरकार ने किए सभी इंतजाम**



**रियाद।** हज के लिए दुनियाभर के 16 लाख से ज्यादा मुसलमान इस समय सऊदी अरब में हैं। इस साल हज 14 जून से शुरू हुआ है। सऊदी में शनिवार को बकरीद होगी। ईद के एक दिन पहले हाजी अराफात की पहाड़ी पर पहुंचे हैं।

अराफात पर जाने को हज यात्रा का एक मुश्किल अनुष्ठान माना जाता है। हाजी मक्का से करीब 20 किलोमीटर दूर 230 फीट की चट्टानी पहाड़ी पर चढ़कर दुआ करते हैं, जहां पैगंबर मोहम्मद ने अपना आखिरी उपदेश दिया था। सऊदी के रेगिस्तान इलाकों में इस साल 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, जिससे हाजियों और खासतौर से बुजुर्गों के लिए मुश्किल पैदा हो रही है। सऊदी अरब के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि हज का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। हज यात्रियों को मीना भेजने करने की प्रक्रिया तय कार्यक्रम के अनुसार की गई। प्रवक्ता ने कहा कि पवित्र यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों और हज की शांति में खलल डालने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। 160 फर्जी हज सेवा प्रतिष्ठानों को सील कर दिया गया है, जबकि इकामा नियमों का उल्लंघन करने वाले 6,135 लोगों को हिरासत में लिया गया है। मक्का के दक्षिण-पूर्व में स्थित ये पहाड़ी इस्लाम के मानने वालों के बीच बहुत अहमियत रखती है।

## हमने हरियाणा से पानी देने की अपील की : आतिशी

**जल संकट**

- **चंडीगढ़ में अधिकारी करेंगे बातचीत**



**नई दिल्ली।** दिल्ली में पानी का संकट गहराता जा रहा है। कई इलाकों में दिल्लीवासियों को पानी की कमी से जूझना पड़ रहा है। इसे देखते हुए दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आपातकालीन बैठक बुलाई। बैठक में दिल्ली में पानी की समस्या को लेकर समीक्षा की गई। इसमें दिल्ली जलबोर्ड के बड़े अधिकारी शामिल थे। आतिशी ने कहा कि दिल्ली के कई इलाकों में पानी की कमी बरकरार है। दिल्ली में पानी की सप्लाई में लगातार कमी बनी हुई है। वजीराबाद तालाब में पानी खत्म हो गया है। मुनक नहर में भी पानी की कमी चल रही है। पानी की कमी के चलते वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में भी पानी का कम प्रोडक्शन हो रहा है। दिल्ली में करीब 70 एमजीडी पानी का उत्पादन कम हो रहा है। बवाना, नांगलोई में बोरवेल के जरिए पानी की सप्लाई की जा रही है। टैंकर की ट्रिप्स बढ़ाई गई है। 10 एमजीडी पानी टैंकर के जरिए मुहैया कराया जा रहा है। आने वाले दिनों में टैंकर की संख्या बढ़ाई जाएगी। यमुना अपर बोर्ड की बैठक में कोई समाधान नहीं निकला है। आतिशी ने आगे कहा कि हिमाचल के मुख्यमंत्री से भी बात हुई है। उन्होंने कहा की जो संभव होगा वो मदद करेंगे।

## नारायणपुर में आठ नक्सली ढेर

**कामयाबी**

- **आईईडी और एक कुकर बम बरामद**
- **दो दिन पहले मिली थी सूचना : एसपी**



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ की खबर है। जानकारी के अनुसार यहां अबूझमाड़ के जंगलों में मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं। मुठभेड़ में एक जवान बलिदान हो गया है और दो जवान घायल हैं। अभी मुठभेड़ जारी है। अबुझमाड़ के जंगलों में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्रवाई जारी है।

सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर सीमावर्ती जिलों के साथ मिलकर संयुक्त ऑपरेशन चलाया है। जवानों का संयुक्त ऑपरेशन अबुझमाड़ के कुतुल फरसबेड़ा कोड़तामेटा क्षेत्र में जारी है। जानकारी के मुताबिक, नारायणपुर जिले के माड़ में पिछले दो दिनों से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। संयुक्त ऑपरेशन में नारायणपुर-कोंडागांव-कांकेर-दंतेवाड़ा डीआरजी, एसटीएफ और आईटीबीपी 53वीं बटालियन बल शामिल हैं। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में एक जवान बलिदान हो गए और दो के घायल होने की खबर है। बस्तर संभाग के जगदलपुर, कांकेर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव से डीआरजी और एसटीएफ के 1400 जवान सर्चिंग पर निकले हैं। जानकारी के लिए बता दें कि 161 दिन के अंदर 141 नक्सली ढेर हो चुके हैं। मारे गए नक्सलियों की संख्या बढ़ भी सकती है। पिछले तीन दिनों से नक्सलियों खिलाफ लगातार ऑपरेशन चल रहा है।

नारायणपुर जिले के ओरछा थाना के अंतर्गत फरसबेड़ा-धुरबेड़ा के बीच सुरक्षाबलों की नक्सलियों संग हुई मुठभेड़ में 8 नक्सलियों के मारे जाने की खबर है। मुठभेड़ में एसटीएफ के एक जवान के शहीद होने और दो जवानों के घायल होने की भी दुःखद खबर आ रही है।

**चुनावी डेब्यू करने की तैयारी में प्रियंका गांधी**

## राहुल की जगह वायनाड से लड़ सकती हैं उपचुनाव



**वायनाड।** लोकसभा चुनाव से पहले प्रियंका गांधी वाड्रा के चुनावी राजनीति में संभावित प्रवेश को लेकर अटकलें तेज हो गईं, लेकिन उन्होंने तब चुनाव नहीं लड़ने का विकल्प चुना। चर्चा अब वापस आ गई है। सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है कि अगर राहुल गांधी रायबरेली को बरकरार रखते हैं और पूर्व सीट छोड़ देते हैं तो वह वायनाड लोकसभा सीट के लिए उपचुनाव लड़ सकती हैं।

राहुल गांधी, जिन्होंने लोकसभा चुनावों में रायबरेली और वायनाड दोनों निर्वाचन क्षेत्रों से महत्वपूर्ण जीत हासिल की, ने अपनी बहन की संभावित शुरुआत के बारे में और अटकलें तेज कर दीं। इससे पहले, उन्होंने कहा था कि अगर उनकी बहन वाराणसी में उनके खिलाफ चुनाव लड़ती तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ÷दो-तीन लाख वोटों से÷ बड़ी हार का सामना करना पड़ता। सूत्रों ने हवाला देते हुए कहा कि लोकसभा चुनावों से पहले, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गांधी भाई-बहनों से अपनी चुनावी भागीदारी पर निर्णय लेने का आग्रह किया था, उन्होंने अपनी प्राथमिकता व्यक्त करते हुए कहा था कि दोनों को चुनाव लड़ना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इन गढ़ों से उनकी अनुपस्थिति पार्टी कार्यकर्ताओं, कांग्रेस सहयोगियों और भारतीय गुट को नकारात्मक संदेश देगी।

**जिम्मेदारी** — **विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में सीएम ने दिए निर्देश**

## हर प्रोजेक्ट के लिए तय हों नोडल अधिकारी: योगी

- **नागरिक सुविधाओं पर दें ध्यान, समस्या निस्तारण में लाएं तेजी**
- **विकास परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित जमीनों की रजिस्ट्री व मुआवजा वितरण शीध्र करें**
- **हर माह जनप्रतिनिधियों के साथ करें परियोजनाओं की समीक्षा**

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हर प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे साप्ताहिक प्रगति की ली जाए। हर प्रोजेक्ट की वरिष्ठ अधिकारी पंद्रह दिन पर समीक्षा करें, साथ ही परियोजनाओं की प्रगति को लेकर माह में एक बार जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाए। हर परियोजना की एक समय सीमा तय होती है और उसे उसी अवधि में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए।

सीएम योगी शनिवार दोपहर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ एनेक्सी भवन में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, नगर निगम, जल निगम, जीडीए, गीडा समेत विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिन विकास परियोजनाओं के लिए जमीनों का अधिग्रहण किया गया है, वहां जमीन की रजिस्ट्री में तेजी लाई जाए और मुआवजा वितरण भी जल्द से जल्द किया जाए। इसमें किसी तरह की शिथिलता अक्षम्य होगी। मुख्यमंत्री ने कहा निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए एक नोडल अधिकारी को पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी जाए। नोडल अधिकारी हर सप्ताह की प्रगति की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि सभी परियोजनाओं की मॉनिटरिंग करने के लिए जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी होनी चाहिए। अधिकारी हर माह जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराएं, उनसे मिलने वाले सुझावों पर भी ध्यान दें। सीएम योगी ने कहा कि बरसात का समय सन्निकट है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना होगा कि बरसात होने पर कहीं भी जलभराव न होने पाए। जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में काफी अच्छा काम हुआ है, इसे लगातार उत्कृष्टता की ओर ले जाने की आवश्यकता है। समय रहते सभी नालों की सफाई का काम पूरा करने का निर्देश देने के साथ सीएम ने कहा कि जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए गोड़धोइया नाला परियोजना पर सतत ध्यान दिया जाए।

**बाढ़ बचाव कार्यों में लाएं तेजी**

बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा बाढ़ बचाव के कार्यों में और तेजी लाई जाए। अधिकारी, जनप्रतिनिधियों को साथ ले जाकर बंधों की स्थिति का जायजा लें। बेहतर कार्य के लिए उनसे सुझाव लें। पेयजल, स्वच्छता और अन्य नागरिक सुविधाओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें।

**जेई-एईएस पर जारी रहे नकेल**

सीएम ने कहा कि समन्वित प्रयासों से जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) और एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया गया है। तैयारी ऐसी बनी रहे कि आगामी मानसून सत्र में भी इस पर नकेल कसा रहे। मुख्यमंत्री ने एकला बांध प्रोजेक्ट की भी समीक्षा की और यहां मियावाकी वन विकसित करने पर जोर दिया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 41 शिकायती प्रार्थना पत्र हुए पंजीकृत, 7 शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण



अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 41 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 18, पुलिस 09, विकास 08, विद्युत 05, वन 01 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, पीडी एसएन चौरसिया, एसडीएम विनीत उपाध्याय, सीओ शमशेर बहादुर सिंह, एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता, तहसीलदार संतोष शुक्ला सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## निजी क्षेत्र की कंपनी में सुरक्षा गार्डो सुपरवाइजरों की भर्ती के लिए ब्लॉकवार लगेंगे पंजीयन शिविर, रोस्टर जारी

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी ने बताया कि निजी क्षेत्र की कम्पनी एसआईएस इण्डिया लि0 लखनऊ ट्रेनिंग सेंटर में सुरक्षा गार्डो/सुपरवाइजरों की भर्ती के लिए जनपद खीरी के ब्लॉक लखीमपुर में 14 और 15 जून, बेहजम 16, 18 जून, कुंभी(गोला) 19, 20 जून, बॉकेगंज 21, 22 जून, पलिया 23, 24 जून, बिजुआ 25, 26 जून, मितौली 01, 02 जुलाई, नकहा 03, 04 जुलाई, फूलबेहड़ 05, 06 जुलाई, मोहम्मदी 07, 08 जुलाई, पसगवां 09, 10 जुलाई, निघासन 11, 12 जुलाई, रमियाबेहड़ 18, 19 जुलाई, ईसानगर 20, 21 जुलाई, धौरहरा 22, 23 जुलाई और सेवायोजन कार्यालय 24 जुलाई में सुरक्षा कर्मियों के लिए पंजीयन शिविर कार्यक्रम प्रस्तावित है।

# तहसील परिसर में शनिवार को योग सप्ताह का किया गया आगाज

**लखीमपुर खीरी।** तहसील परिसर में शनिवार को योग सप्ताह का आगाज किया गया। विधायक सौरभ सिंह सोनू ने डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह की मौजूदगी में दीप जलाकर योग सप्ताह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. हरवंश कुमार ने किया। तहसील मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम मैं विधायक सौरभ सिंह सोनू, डीएम, एसपी, सीडीओ ने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक कुलदीप वर्मा ने विभिन्न, योगाभ्यास कराएं। दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस थीम पर व्यापक स्तर मनाया जा रहा है। विधायक सौरभ सिंह सोनू ने कहा कि योग प्राचीन भारतीय परम्परा एवं संस्कृति की अमूल्य दैन है। वहीं डीएम महैंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि योग केवल व्यायाम नही है। बल्कि स्वयं के साथ, विश्व और प्रकृति के बीच एकत्व खोजने का भाव हैं। एसपी गणैश प्रसाद साहा ने स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने घर के सदस्यों एवं अन्य लोगों को योग करने के लिए प्रेरित करैं। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने योग के महत्व को बताते हुए इसको वसुधैव कुटुंबकम की भावना को मजबूती प्रदान करने वाला बताया। इस मौके पर एसडीएम विनीत उपाध्याय, सीओ शमशेर बहादुर सिंह, तहसीलदार संतोष शुक्ला, नायब तहसीलदार अखिलेश मौर्या सहित जिला व तहसील स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों ने योग किया।

## लाखों रुपए के जेवर और नकदी चोरी

**लखीमपुर खीरी।** जिले के भीरा थाना क्षेत्र के पड़रिया तुला कस्बे में नौशाद कबाड़ी के यहां रात बड़ी चोरी हो गई। चोर लाखों रुपए के जेवर और नकदी चोरी कर ले गए। इनके यहां 15 महीने पहले भी चोरी की घटना हुई थी। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। जानकारी के अनुसार चोर पड़ोसी की छत से नौशाद के मकान की तीसरी मंजिल पर चढ़े और यहां से जीने से दूसरी मंजिल पर आए। यहां घुसने के बाद जीने का दरवाजा बंद कर दिया। दूसरी मंजिल पर दो कमरों में रखी आलमारी के ताले तोड़े और फिर पहली मंजिल पर आकर कमरे में आलमारी के ताले तोड़े। लाखों की चोरी हुई है।

# प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्री जंक्शन) योजनान्तर्गत 15 जुलाई तक करें आवेदन

**रायबरेली।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि जनपद के किसानो को एक छत के नीचे ''वन स्टाप शाप'' के माध्यम से गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक, कीटनाशक व जैव कीटनाशक, जैव उर्वरक, माइ कोन्यूट्रिएन्ट्स, जिप्सम, वर्मी कम्पोस्ट आदि समस्त कृषि निवेशों की आपूर्ति करना, तकनीकि जानकारी देना आदि हेतु प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन (एग्रीजंक्शन) योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में जनपद में कहीं पर भी निवास करने वाले बेरोजगार कृषि स्नातकों से दिनोंक 15 जुलाई, 2024 को सायं 5.00 बजे तक अपना आवेदन कार्यालय उप कृषि निदेशक, बस्तेपुर रोड़ गोराबाजार रायबरेली में पंजीकृत डाक/व्यक्तिगत उपस्थित हो कर जमा व भेज सकते है। इसके उपरान्त किसी भी माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदन पर विचार नही किया जायेगा। अधिक जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय उप कृषि निदेशक, रायबरेली में किसी भी राजकीय कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।उप कृषि निदेशक योजना की पात्रता के बारे में बताया कि बेरोजगार कृषि स्नातक/कृषि व्यवसाय प्रबंधन स्नातक/स्नातक जो कृषि एवं सहबद्ध विषयों में यथा- उद्यान, दुग्ध, पशुपालन, वानिकी पशु चिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इस तरह की गतिविधियां जो किसी राज्य केन्द्रीय विश्वविद्यालय से डिग्रीधारी हो, तथा आई0सी0ए0आर0/ यू0ज0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त हो। आवेदक की आयु 15 जुलाई 2024 तक 40 वर्ष से अधिक न हो, (अनुसूचित जाति/जनजाति/ महिलाओं) जो उत्तर प्रदेश का निवासी हो को आयु में अधिकतम 05 वर्ष की छूट)। पात्र अभ्यर्थियों में जिनकी जन्मतिथि पहले है, उन्हें वरीयता दी जायेगी। आवेदक पत्र के साथ (स्वप्रमाणित समस्त शैक्षिक अभिलेख जैसे हाई स्कूल, इंटरमीडिएट व कृषि स्नातक की अंक सूची तथा प्रमाण पत्र, मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र, पेन कार्ड व आधार संख्या तथा दो फोटो, मो0 नं0) संलग्न किये जायें। योजनान्तर्गत जनपद में कुल लक्ष्य 50 निर्धारित किया गया है, जिसमें से शहरी क्षेत्र हेतु 10 व ग्रामीण क्षेत्र हेतु 40 लक्ष्यों का आवंटन किया गया है।

# मण्डलायुक्त ने किया तहसील दिवस रामपुर मनिहारान का औचक निरीक्षण

- अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डा. हृषिकेश भास्कर यशोद ने तहसील रामपुर मनिहारान में आयोजित तहसील दिवस का औचक निरीक्षण किया गया। इसी के साथ उन्होने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर्ताओं की शिकायतों को भी सुना। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी रामपुर मनिहारान, तहसीलदार रामपुर मनिहारान, नायब तहसीलदार रामपुर मनिहारान, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामपुर मनिहारान, खण्ड विकास अधिकारी रामपुर मनिहारान व नानौता उपस्थित मिले। अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने तथा आगामी तहसील दिवस में सभी अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश उप जिलाधिकारी रामपुर मनिहारान को दिये गये। तहसील दिवस में ब्रजपाल सिंह पुत्र नकली सिंह निवासी रामपुर मनिहारान ग्राम पिलखनी द्वारा मण्डलायुक्त के सामने यह गुहार लगायी गयी कि उसके द्वारा 29 मई 2024 को नकल खतौनी खसरा नं0 637 से ऋण प्रविष्टि हटवाये जाने हेतु भारमुक्त प्रमाण पत्र के साथ अपना प्रार्थना पत्र तहसीलदार रामपुर मनिहारान के कार्यालय में जमा कराया गया था किन्तु आज तक भी उसकी नकल खतौनी से ऋण प्रविष्टि नहीं हटाई गयी है जबकि वह कई बार तसहील के चक्कर काट चुका है। मण्डलायुक्त द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया तथा सम्बन्धित रजिस्ट्रार कानूनगो दिनेश कुमार को चेतावनी प्रदान करते हुये आउटसोर्सिंग कम्प्यूटर ऑपरेटर श्रवण कुमार की सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के निर्देश दिये गये। ग्राम जन्धेडा समसपुर में स्थित सरकारी तालाब पर अवैध कब्जा कर मकान बनाने की शिकायत प्राप्त हुयी। जानकारी करने पर बताया गया कि शिकायत कानूनगो को की गयी थी। कानूनगो द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल विनय कुमार को जॉच के निर्देश दिये गये किन्तु लेखपाल द्वारा जाने से मना कर दिया गया। मण्डलायुक्त के संज्ञान में मामला आने पर अवैध कब्जे की पुष्टि हेतु तत्काल मौके पर नायब तहसीलदार व कानूनगों को भेजा गया। रिपोर्ट आने पर इस मामले में बडी कार्यवाही की जायेगी। तहसील दिवस में ज्यादातर शिकायतें खेतों की नालियां टूटी पडी होने अथवा इन पर दबंग व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किये जाने की प्राप्त हुयी। जिस कारण किसानों को सिंचाई करने में काफी परेशानियां आ रही है। मण्डलायुक्त द्वारा इसे गम्भीरता से लेते हुये जिलाधिकारी सहारनपुर को निर्देशित किया गया कि जनपद की समस्त तहसीलों में सिंचाई विभाग तथा नलकूप विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा अभियान चलाकर समस्त नालियों की मरम्मत कराते हुये इन पर से अवैध कब्जे हटवायें जिसमें राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जायेगा।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत योग सप्ताह का शुभारंभ

**रायबरेली।** दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2024) के उपलक्ष्य में भारत सरकार,शासन एवं निदेशालय द्वारा जारी की गई गाइडलाइन एवं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 रवि प्रकाश सोनकर के निर्देशन में आयुष विभाग द्वारा योग सप्ताह का उदघाटन प्रातः योग शिविर योग ग्राम गुरू गोविन्द सिंह पर्यावरणीय उद्यान, रायबरेली में किया गया। सर्वप्रथम प्रोटोकाल अनुसार डॉ0 रवि प्रताप सिंह (योग शिक्षक) द्वारा सामुहिक योगाभ्यास कराया गया। इसके पश्चात योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। विशिष्ट अतिथियों में नगरपालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर, जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, परियोजना निदेशक एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारी संख्या में जनमानस द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर जनपद में समस्त ब्लॉको एवम तहसीलो में भी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में योग सप्ताह का शुभारम्भ किया गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी लोगों की समस्याएं

- कुल 77 मामले आए, 9 का मौके पर निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील डलमऊ में लोगों की समस्याएं सुनी। जिला अधिकारी ने जन समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्याओं का समयबद्ध तरीके से गुणवत्ता परक निस्तारण किया जाए। उनके सामने सर्वाधिक राजस्व विभाग से संबंधित समस्याएं आई। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों में समस्याओ का निस्तारण करते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए। पुलिस अधीक्षक रायबरेली ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित को निर्देशित किया कि जो भी पीड़ित समस्याएं लेकर आए उसका तुरंत निस्तारण किया जाए। किसी भी प्रकार के मामले को लंबित न रखा जाए। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारियों ने राजस्व, बिजली, पानी, सड़क, पेंशन, स्वास्थ्य से संबंधित शिकायते सुनीं। समाधान दिवस में कुल 77 मामले आए जिनमें से 9 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने चोरी के माल समेत दो शातिर चोर दबोचे

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना नकुड़ पुलिस ने 02 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का सामान 01 इन्वर्टर, 01 बैटरा, 01 डीवीआर बाक्स एवं 01 एल.ई.डी. टीवी बरामद किया है।

विदित हो कि 03 जून को सोनू कुमार पुत्र रमेशचन्द्र निवासी ग्राम काजीपुरा थाना रामपुर मनिहारान ने रात्रि में अज्ञात चोरो द्वारा उसकी दुकान सोनू आटो सर्विस स्टोर का शटर तोड़कर दुकान में रखे 01 इन्वर्टर व बैटरा 01 एलईडी टीवी व 01 मोटर साईकिल का इंजन व कैमरो का डीवीआर बाक्स चोरी कर लेने व दुकान में लगे कैमरो को तोड़ देने के संबंध में थाना नकुड़ पर मुकदमा पंजीकृत कराया था।

थाना नकुड़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुकान का शटर तोड़ कर चोरी करने वाले 02 शातिर चोरों आबिद पुत्र इलियास निवासी ग्राम खेडा अफगान थाना नकुड़ व शमशाद उर्फ भूरा पुत्र आसिफ निवासी मजरा याकूबपुर ग्राम खेडा अफगान थाना नकुड़ को बस स्टैण्ड खेड़ा अफगान के पास से गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से 01 इन्वर्टर, 01 बैटरा, 01 डीवीआर बाक्स एवं 01 एल.ई.डी. टीवी बरामद किया है। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने एक स्वर में बताया कि 3 जून की रात्री को सोनू आटो सर्विस की दुकान से हम दोनों ने मिलकर 01 इन्वर्टर, 01 बैटरा, 01 डीपीआर बाक्स, 01 एल.ई.डी. टीवी और 01 मोटरसाइकिल का इन्जन चोरी किया था। मोटर साइकिल का इन्जन तो हमने एक राह चलते कबाड़ी को बेच दिया था। आज हम चोरी का सामान डीवीआर, एक इन्वर्टर बैटरा व एल.ई.डी. टीवी को बेचने के लिये जा रहे थे, तभी पुलिस ने पकड़ लिया। चोरों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र गौतम, उपनिरीक्षक नरेन्द्र भडाना, अजीत सिंह, हैड कांस्टेबल कुलदीप व कांस्टेबल प्रताप सिंह व लोकेश तोमर शामिल रहे।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 224/24 धारा 363/366/506 भादवि में वांछित अभियुक्त सैफ अली पुत्र नसीर नि0 पहाडखां पुरवा थाना व जनपद खीरी को रेलवे स्टेशन खीरी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## ट्रैक्टर-ट्राली व कार भिड़न्त में तीन युवक घायल

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी क्षेत्रान्तर्गत देहरादून रोड पर कार व ट्रैक्टर ट्रॉली की जोरदार भिड़न्त हो गयी, जिसमें कार सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। जानकारी के अनुसार थाना जनकपुरी क्षेत्रांर्तगत देहरादून रोड छजपुरा चौक पर देर रात्रि लगभग 12 बजे के करीब एक कार व ट्रैक्टर ट्रॉली में जबरदस्त भिड़त हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त हुई की कार के परखच्चे उड़ गए। बताया जा रहा है कि छजपुरा चौक पर बीती रात्रि लकड़ी के गुटकों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली कार से आगे चल रही थी। ट्रॉली पर कोई भी रिफ्लेक्टर व लाल कपड़ा नहीं बंधा हुआ था। रात में अंधेरा होने की वजह से कार ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टकरा गई, जिसमें कार सवार तीन युवक संजय, अमित विलयम साइमन घायल हो गये। घटना की सूचना मिलते ही थाना जनकपुरी पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# मण्डलायुक्त द्वारा तहसील दिवस पर रामपुर मनिहारान का औचक निरीक्षण

- अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने के दिए गए निर्देश

*(अहमद रज़ा)*



**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डा0 हृषिकेश भास्कर यशोद द्वारा तहसील रामपुर मनिहारान में आयोजित तहसील दिवस का औचक निरीक्षण किया गया। इसी के साथ उन्होने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत कर्ताओं की शिकायतों को भी सुना। निरीक्षण के समय उप जिलाधिकारी रामपुर मनिहारान, तहसीलदार रामपुर मनिहारान, नायब तहसीलदार रामपुर मनिहारान, पुलिस क्षेत्राधिकारी रामपुर मनिहारान, खण्ड विकास अधिकारी रामपुर मनिहारान व नानौता उपस्थित मिले। अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने तथा आगामी तहसील दिवस में सभी अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश उप जिलाधिकारी रामपुर मनिहारान को दिये गये। तहसील दिवस में श्री ब्रजपाल सिंह पुत्र श्री नकली सिंह निवासी रामपुर मनिहारान ग्राम पिलखनी द्वारा मण्डलायुक्त के सामने यह गुहार लगायी गयी कि उसके द्वारा 29 मई 2024 को नकल खतौनी खसरा नं0 637 से ऋण प्रविष्टि हटवाये जाने हेतु भारमुक्त प्रमाण पत्र के साथ अपना प्रार्थना पत्र तहसीलदार रामपुर मनिहारान के कार्यालय में जमा कराया गया था किन्तु आज तक भी उसकी नकल खतौनी से ऋण प्रविष्टि नहीं हटाई गयी है जबकि वह कई बार तसहील के चक्कर काट चुका है। मण्डलायुक्त द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया तथा सम्बन्धित रजिस्ट्रार कानूनगो श्री दिनेश कुमार को चेतावनी प्रदान करते हुये आउटसोर्सिंग कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री श्रवण कुमार की सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के निर्देश दिये गये ग्राम जन्धेडा समसपुर में स्थित सरकारी तालाब पर अवैध कब्जा कर मकान बनाने की शिकायत प्राप्त हुयी। जानकारी करने पर बताया गया कि शिकायत कानूनगो को की गयी थी। कानूनगो द्वारा क्षेत्रीय लेखपाल श्री विनय कुमार को जॉच के निर्देश दिये गये किन्तु लेखपाल द्वारा जाने से मना कर दिया गया। मण्डलायुक्त के संज्ञान में मामला आने पर अवैध कब्जे की पुष्टि हेतु तत्काल मौके पर नायब तहसीलदार व कानूनगों को भेजा गया। रिपोर्ट आने पर इस मामले में बडी कार्यवाही की जायेगी। तहसील दिवस में ज्यादातर शिकायतें खेतों की नालियां टूटी पडी होने अथवा इन पर दबंग व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किये जाने की प्राप्त हुयी। जिस कारण किसानों को सिंचाई करने में काफी परेशानियां आ रही है। मण्डलायुक्त द्वारा इसे गम्भीरता से लेते हुये जिलाधिकारी सहारनपुर को निर्देशित किया गया कि जनपद की समस्त तहसीलों में सिंचाई विभाग तथा नलकूप विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा अभियान चलाकर समस्त नालियों की मरम्मत कराते हुये इन पर से अवैध कब्जे हटवायें जिसमें राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जायेगा मण्डलायुक्त डा0 हृषिकेश द्वारा अभियान के उपरान्त इसकी रिपोर्ट भी जिलाधिकारी सहारनपुर से मांगी गयी है।

# ईद-उल-अजहा (बकरीद) व गंगा दशहरा को लेकर डीएम-एसपी ने धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों व पीस कमेटी के सदस्यों के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट के बचत भवन सभागार में संबंधित अधिकारियों, धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों के साथ ईद-उल-अजहा (बकरीद) व गंगा दशहरा सहित आगामी पर्वो व त्योहारों को लेकर पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की और धर्मगुरुओं व पीस कमेटी के सदस्यों से त्योहारों की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी के लिए स्थान का चिन्हांकन पहले से ही होना चाहिए। विवादित जगहों पर कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। तय स्थान के अतिरिक्त कहीं और कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न हो। कुर्बानी के उपरान्त अपशिष्ट के व्यवस्थित निस्तारण किया जाए। ऐसा न होने पर यह अपशिष्ट बीमारी का कारक बनते हैं। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 16 जून गंगा दशहरा व 17 जून को बकरीद का पूर्व है और बड़ा मंगलवार में डीजे, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप ही हो और इसमें केवल धार्मिक गीत व भजन ही बजाए जाएं। ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हो। आयोजकों को अनुमति देने से पूर्व उनसे शांति और सौहार्द सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में स्पष्ट शपथ-पत्र लिया जाए। हर पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किए जाए। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ कठोर कार्यवाही की जायेगी। पर्व-त्यौहार में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। धार्मिक परम्परा/आस्था को सम्मान दें, पर्व व त्योहारों में कोई नई परंपरा न शुरू हो। अमन चैन के साथ सभी पर्व व त्योहारों को मनाया जाए। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विद्युत विभाग को निर्देश दिये कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में पर्व-त्योहारों के बीच बिजली आपूर्ति सुचारू रखी जाए। कहीं से भी अनावश्यक कटौती की शिकायत न आए। मार्ग पर जर्जर बिजली के खंभे, झूलते-लटकते बिजली के तार आदि प्रबंधन समय से कर लिया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि गंगा दशहरा, गंगा स्नान के लिए घाटों पर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। गंगा दशहरा गंगा स्नान, व अन्य किसी प्रकार के प्रयोजन में व्यक्तियों के आवागमन में ट्रैक्टर ट्राली, माल वाहन वाहनों का प्रयोग न किया जाए। विधि मान्य सवारी वाहनों से ही आवागमन की अनुमति दी जाए। ताकि श्रद्धालुओं को समस्या न हो तथा किसी प्रकार की दुर्घटना की स्थिति न बने। श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए जनपद के घाटों पर बैरिकेडिंग सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं की व्यवस्था भी रखी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी सतर्क रहें और जनपद में भाईचारा कायम रखें, आगामी 17 जून को बकरीद का त्योहार है जो हर वर्ष की भांति बहुत ही हर्षोल्लास शांति व भाईचारे के साथ मनाया जाता है। इस बार बकरीद व गंगा दशहरा को गंगा जमुनी तहजीब व हंसी खुशी के साथ मिलजुल कर मनाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सभी अपने-अपने क्षेत्र के थानों में पीस कमेटी की बैठक करें और जो समस्याएं हों उनका तत्काल समाधान कराएं। उन्होंने कहा त्योहारों पर साफ सफाई के साथ मनाया जाए किसी भी तरह कही पर कोई गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई, पानी आदि व्यवस्था दुरूस्त होनी चाहिए। अमन चैन को कायम रखना, आमजन को सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन है। सभी लोग त्यौहार को शांतिपूर्वक और सौहार्द के साथ मनाएं, यदि कोई भी सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह जनक संदेशों से माहौल को खराब करने की कोशिश करेगा उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत पर योग सप्ताह का शुभारंभ

**रायबरेली।** दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2024) व योग सप्ताह के उपलक्ष्य में भारत सरकार, शासन एवं निदेशालय द्वारा जारी की गई गाइडलाइन एवं जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 रवि प्रकाश सोनकर के निर्देशन में आयुष विभाग द्वारा योग सप्ताह का उदघाटन प्रातः योग शिविर योग ग्राम गुरु गोविन्द सिंह पर्यावरणीय उद्यान, रायबरेली में किया गया। सर्वप्रथम प्रोटोकॉल अनुसार डॉ0 रवि प्रताप सिंह (योग शिक्षक) द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। इसके पश्चात योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर, जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, परियोजना निदेशक एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारी संख्या में जनमानस द्वारा योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर जनपद में समस्त ब्लॉक एवं तहसीलों में भी गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में योग सप्ताह का शुभारम्भ किया गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी लोगों की समस्याएं



- कुल 77 मामले आए, 9 का मौके पर निस्तारण

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील डलमऊ में लोगों की समस्याएं सुनी। जिलाधिकारी ने जन समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि समस्याओं का समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए। उनके सामने सर्वाधिक राजस्व विभाग से संबंधित समस्याएं आई। उन्होंने कहा कि राजस्व मामलों में समस्याओं का निस्तारण करते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुनी जाए।

पुलिस अधीक्षक रायबरेली ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित को निर्देशित किया कि जो भी पीड़ित समस्याएं लेकर आए उसका तुरंत निस्तारण किया जाए। किसी भी प्रकार के मामले को लंबित न रखा जाए। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारियों ने राजस्व, बिजली, पानी, सड़क, पेंशन, स्वास्थ्य से संबंधित शिकायते सुनीं। समाधान दिवस में कुल 77 मामले आए जिनमें से 9 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## नौसढ़ चौकी पर पुलिस कर्मी की मौजूदगी में बियर का सेवन करते फोटो वायरल

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना अंतर्गत नौसढ चौकी पर आखिर कौन यह बाहुबली है जो बाकायदा सिपाही की बगल की कुर्सी पर बैठकर बियर का सेवन करते हुए नजर आ रहे हैं वाह रे गोरखपुर की पुलिस सारी शर्मो हया बियर की घुट के साथ समाप्त हो गई सोशल मीडिया के क्षेत्र में काफी तेजी से वायरल हो रही है।



चौकी पर बैठकर उस व्यक्ति के द्वारा बियर पीने की फोटो वही इस संबंध में चौकी इंचार्ज अरुण कुमार सिंह का कहना है कि मेरी ग़ैर मौजूदगी में ऐसा हुआ है जिसकी जानकारी चौकी इंचार्ज ने उच्च अधिकारियों को दे दि अब देखना यह है कि क्या होता है इस प्रकरण में दबदबा है दबदबा था दबदबा बना रहेगा

## दलित आबादी की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर प्रदर्शन

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर - सहजनवा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुदहट टोला सरैया में दलित आबादी की भूमि पर किए जा रहे अवैध कब्जे के विरोध में दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। और अवैध कब्जा हटाने की मांग किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत बुदहट सरैया में आराजी संख्या 1726 चकबंदी द्वारा दलित आबादी के लिए भूमि निकाली गई है। लेकिन गांव के कुछ लोग इस भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। विरोध करने पर मार पीट पर आमादा हो रहे है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि मामले की जांच कराकर अवैध कब्जा हटाया जाये। प्रदर्शन करने वालो में दयाराम, सत्यवान, विनोद, मोतीलाल, मोनू, राधेश्याम, पुरुषोत्तम, सुंदर, नेबुलाल सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में दो का हुआ निस्तारण

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** शनिवार को सम्पूर्ण समाधान की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी कुंवर सचिन सिंह ने किया। इस दौरान 99 मामले आए जिसमे 2 मामले का मौके पर निस्तारण करा दिया गया। राजस्व 74,पुलिस 16,विकास 5, अन्य 4 मामले आए थे। राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित कर मौके पर भेजा गया। जबकि पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया,नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह, एसडीओ पुष्पेंद्र सिंह सहित अनेक विभाग के लोग मौजूद थे।

## मानसून आने से पहले ही नगर पालिका ने नगर के नालों की सफाई कराना किया शुरू

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** मानसून को देखते हुए नगर पालिका ने कराया नालों का सफाई अभियान शुरू किया है। नगर में छोटे बड़े मिलाकर कुल 13 नाले हैं , जिनको हर वर्ष की तरह नगर पालिका इस बार भी सफाई करा रही है। जिसका अभी सफाई का काम कराया जा रहा है। जिसमें दो जेसीबी मशीन, तथा 20 सफाई कर्मी लगाए गए हैं , जो पूरे नगर के नालों की सफ़ाई करेंगे ।नगर पालिका एस आई देवेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की नगर में हर साल नालों की सफाई नगर पालिका द्वारा मानसून आने से पहले किया जाता है। इस अभियान में अभी तक लगभग आधे नालों की सफ़ाई की जा चुकी है जो नाले शेष रह गए हैं उनकी सफाई 30 जून तक पूरी कर ली जाएगी ।लेकिन दूसरी तरफ अगर देखा जाए कि नगर में कई ऐसे मुहल्ले है जिसमें जल भराव की स्थिती काफी बनी रहती है बगैर मानसून के भी जल भराव बना रहता है अगर 30 जून के पहले मानसून आ गया और बरसात हो गई तो कई मोहल्ले में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है और नगर वासियों को काफ़ी कठनाई का सामना करना पड़ सकता है।

## बहू ने किया खुलासा ससुर के पास लगता है अपराधियों का जमावड़ा

**कौशांबी अवधनामा संवाददाता।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मंहगांव निवासी सरस्वती पत्नी लक्ष्मण ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उसके ससुर बेचू का संबंध अपराधियों से है और उसके घर आए दिन अपराधियों का आना-जाना लगा हुआ है जिससे महिला परेशान हो गई है महिला ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके ससुर के संपर्क में रहने वाले अपराधी उसके घर में रात में आते हैं और खाना खाने के बाद आधी रात को कहीं चले जाते हैं महिला का पति रोजगार के चक्कर में बाहर रहता है महिला डेढ़ साल के बच्चे के साथ घर में रहती है महिला का कहना है कि घर आने वाले अपराधी उस पर नियत खराब करते हैं जिसकी शिकायत उसने अपने ससुर से की है तो ससुर और सास ने मिलकर महिला और बच्चे को पीटा है जिससे उन्हें चोट आई है महिला ने मामले की शिकायत संदीपन घाट थाना पुलिस से की जिस पर पुलिस महिला के ससुर बेचू के पास पहुंची उससे मुलाकात करके वापस लौट आई पुलिस के लौट आने के बाद ससुर ने फिर महिला के साथ मारपीट किया उसे धक्के मार करके घर से भगा दिया है

# समयबद्धता और गुणवत्ता से तनिक भी समझौता बर्दाश्त नहीं: मुख्यमंत्री

## निर्माणाधीन देवरिया बाईपास फोरलेन और नाला का सीएम योगी ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



- नाला की ऊंचाई का रखें ध्यान, ढकने की हो व्यवस्था ताकि फुटपाथ के रूप में हो सके इस्तेमाल
- तारामंडल के सामने सड़क और नाला निर्माण का जायजा भी लिया सीएम ने

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्माणाधीन देवरिया बाईपास फोरलेन, नाला तथा तारामंडल क्षेत्र के सड़क व नाला का निरीक्षण कर निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

शनिवार पूर्वाह्न गोरखपुर चिड़ियाघर का निरीक्षण करने के बाद सीएम योगी ने भगत चौराहे पर देवरिया बाईपास फोरलेन के निर्माण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने भौतिक निरीक्षण करने के साथ ही प्रोजेक्ट के ड्राइंग मैप का भी अवलोकन किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों को सीएम ने निर्देशित किया कि फोरलेन के निर्माण में गुणवत्ता से तनिक भी समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्माण समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने की भी हिदायत दी।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नाला की ऊंचाई का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि इसमें आसपास के मोहल्ले का पानी आ सके। इसके साथ ही जहां जरूरी हो वहां चेम्बर बनाए जाएं। नाला को ढककर इसे फुटपाथ के रूप में इस्तेमाल करने लायक बनाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश भी दिए कि देवरिया बाईपास के शुरुआती कनेक्टिंग पॉइंट पर बन रहे नौसढ़-पैडलेगंज सिक्सलेन और फ्लाईओवर के पास सर्वे कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि कहीं भी भविष्य में जाम की समस्या न रहे। देवरिया बाईपास के बाद सीएम योगी तारामंडल क्षेत्र में बन रहे सड़क व नाला का जायजा लेने पहुंचे। तारामंडल के सामने निर्माण कार्य को देखने के बाद उन्होंने अधिकारियों से कहा कि काम में तेजी लाकर इसे जल्द पूरा किया जाए। गुणवत्ता के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इसकी ऊंचाई से आमजन को कोई असुविधा न हो।

# तहसील दिवस पर आई शिकायतों के निस्तारण में कतई हीलाहवाली न बरतें

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** संपूर्ण समाधान तहसील दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें, समय सीमा के अंदर शिकायतों का निस्तारण किया जाए, शिकायत निस्तारण में मानवीय दृष्टिकोणता को भी ध्यान में रखा जाए । यह निर्देश संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी राजेश पांडे ने उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों को दिए। इस दौरान 31 शिकायत दर्ज हुई तथा 8 का मौके पर निस्तारण किया गया।

संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभा कक्ष में जिलाधिकारी राजेश पांडे की अध्यक्षता में तथा पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इराज राजा की मौजूदगी में किया गया इस दौरान मात्र 31 शिकायतें दर्ज हुई जिसमें 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया,। लोकसभा चुनाव के चलते तकरीबन 3 माह से बंद तहसील दिवस का आयोजन बंद था लेकिन जैसे ही लोकसभा चुनाव संपन्न हुआ तो समाधान दिवसों का आयोजन शुरू हो गया । महीने के तीसरे शनिवार को जालौन तहसील का समाधान दिवस तहसील सभागार में संपन्न किया गया । इस दौरान जिलाधिकारी राजेश पांडे ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि तहसील समाधान दिवस पर आई शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें , समय सीमा के अंदर शिकायतों का निस्तारण करें । शिकायत निस्तारण में मानवीय दृष्टि कोण भी अपनाए, प्रत्येक शिकायत का मौके पर जाकर ही निस्तारित करें। इस दौरान मात्र 31 शिकायत दर्ज की गई जिसमें 8 राजस्व ,5 पुलिस, 3 विकास, 3 नगर पालिका, 2 विद्युत, 3 जल संस्थान, 1 डूडा, एक समाज कल्याण, एक पीडब्लू डी, एक शिक्षा की शिकायत दर्ज हुई। जिसमें 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण की गई । इस मौके पर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इराज राजा, सीएमओ के अलावा एसडीएम अतुल कुमार, सीओ, तहसीलदार, के अलावा नगर पालिका से सीमा तोमर, डॉक्टर कपिल गुप्ता ,वीडियो जालौन, तथा कुठौंद के अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय जालौन द्वारा आगामी पर्व ईद उल अजहा और बकरीद की दृष्टिगत में भ्रमणकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। भाजपा नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत ने 8 सूत्रीय मांग का ज्ञापन डीएम को सौंपा

## अल वसी फाउंडेशन द्वारा इमामबाड़ा मक़सद ए हुसैनी ठाकुरगंज में मजालिस को मौलाना रईस काजिम ने किया खिताब

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** अल वसी फाउंडेशन द्वारा इमामबाड़ा मक़सद ए हुसैनी, घासमंडी ढाल, ठाकुरगंज में तीन रोज़ा मजालिस का आयोजन किया गया। पहली मजलिस बा सिलसिला ए शहादत इमामे मोहम्मद बाकिर अलैहिसलाम 14 जून को मुनअकिद हुई थी जिसे आली जनाब मौलाना सैयद मोहम्मद अब्बास साहब ने ख़ितिब किया था। दूसरी मजलिस 15 जून को सफरे इमामे हुसैन अलैहिसलाम के उनवान से मुनअकिद हुई जिसे आली जनाब मौलाना सैयद रईस काजिम साहब ने खिताब किया। मौलाना ने इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का मक्के से कर्बला तक के सफर को बयान किया। मौलाना ने शहरे मक्का, हज और उमरे की अजमत व फजीलत बयान की। मौलाना ने बताया कि आख़िर क्या वजह थी कि इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम ने हज को उमरे में तब्दील करके कर्बला का सफर अख्तियार किया। आखिर में मौलाना ने इमाम की शहादत का ज़िक्र करते हुए कर्बला के मसायब को याद किया। तीसरी और आखिरी मजलिस 16 जून को शहादत मुस्लिम इब्ने अकील अलैहिस्सलाम के उनवान से मुनअकिद होगी।



## पुलिस ने दो टप्पेबाजो को माल सहित किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधी को चलाया जाए अभियान के क्रम में थाना कादरी गेट पुलिस एसओजी, सर्विलॉन्स टीम द्वारा दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। शोएब पुत्र इदरीश खान निवासी मघई टोला कोतवाली व जनपद शाहजहांपुर, राकेश उर्फ दीपक पुत्र पंचूराम निवासी गांव ग्राम पिपोरा थाना जनपद छतरपुर मध्य प्रदेश को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर अग्रिम विधि कार्रवाई की जाएगी घटना 13 /6/24 को पीड़ित मधु पत्नी स्वर्गीय संजीव कुमार निवासी अशरफ अली चौराहा जनपद फर्रुखाबाद को बस स्टैंड फर्रुखाबाद से दो व्यक्ति गाड़ी संख्या यूपी 27 बी डी 5550 टाटा टियागो नीले रंग से आए और पीड़ित को हरपालपुर जाने की बात कह कर अपनी गाड़ी में बैठा लिया और खुद को फोरेंसिक टीम का बात कर धोखाधड़ी करके दो सोने की चेन एक पेंडल सोने का ?5000 नगद चोरी कर लिया इसके बाद पीड़ित लिखित तहरीर के आधार पर थाना में मुकदमा पंजीकृत कराया थाना कादरी गेट पुलिस व एसओजी सर्विस टीम द्वारा संयुक्त रूप से दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ के दौरान बताया कि हम दोनों लोग साथ मिलकर अलग-अलग जगह से भोली भाली जनता को झांसे में लेकर अपनी गाड़ी में बैठा लेते हैं।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की शुरुआत एक जुलाई से

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने अवगत कराया है कि द्वितीय चरण संचारी रोग नियंत्रण अभियान आगामी 01 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 तक एवं दस्तक अभियान 11 जुलाई 2024 से 31 जुलाई 2024 तक पूरे जनपद में मनाया जाना है। कार्यक्रम के दिशा निर्देशों के अनुसार मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला दिव्यांग कल्याण/जिला समाज कल्याण अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत कुशीनगर द्वारा कार्यक्रम का कार्य योजना बनाकर 27 जून 2024 तक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय को प्रस्तुत किए जाने के निर्देश सहित टाइम लाइन के अनुसार कार्यक्रम का क्रियान्वयन किए जाने का निर्देश दिए गए हैं, साथ ही कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की शिथिलता अक्षम्य होने से आगाह भी किया गया है। टाइमलाइन के अनुसार जनपद ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण दिनांक 18- 19 जून 2024 जिसका उत्तरदायित्व राज्य मुख्यालय/यूनिसेफ/ पाथ/ डब्ल्यूएचओ को किया गया है। ब्लॉक स्तरीय अंतर विभागीय बैठक 20 जून 2024 को जिसका उत्तरदायित्व उप जिला अधिकारी/ब्लॉक प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/खंड विकास अधिकारी होंगे। प्रथम जनपद स्तरीय अंतर विभागीय बैठक 22 जून 2024 को जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी। ब्लॉक स्तर पर नोडल अध्यापकों का संवेदीकरण ब्लॉकवार योजना बनाते हुए दिनांक 24 जून 2024 के मध्य जिसका उत्तरदायित्व शिक्षा विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी होंगे। स्थानीय निकायों पर संवेदीकरण बैठकें-समस्त नगर पालिका परिषद दिनांक 25 जून 2024 समस्त नगर पंचायत 26 जून 2024 का उत्तरदायित्व स्थानीय निकायों के कार्यकारी अधिकारी। ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान/ग्राम विकास अधिकारी संवेदीकरण बैठक बुलाकर योजना बनाते हुए दिनांक 27-28 जून 2024 के मध्य जिसका का उत्तरदायित्व खंड विकास अधिकारी होंगे।

# राजस्व विभाग की लापरवाही के कारण लगा तहसील दिवस पर जमावड़ा

अवधनामा संवाददाता



**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** राजस्व विभाग की लापरवाही के कारण कई सालों से अटके पड़े मामले। राजस्व विभाग अगर समय से करें निस्तारण तो नहीं हो इतनी शिकायतों का जमावड़ा तहसील सभागार में 3 माह बाद संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न कराया गया जिसमें जिला अधिकारी डॉ बीके सिंह पुलिस अधीक्षक विकास कुमार क्षेत्राधिकार रविंद्र नाथ राय सी डो ओअरविंद मिश्रा यूपी जिला अधिकारी रविंद्र सिंह थाना अध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी राजेपुर थाना अध्यक्ष रण विजय बीएसए गौतम सिंह एडीओ पंचायत अजीत पाठक कल शिकायतें 76 आई जिसमें तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया आरती बदनपुर निवासी ने शिकायत में कहा कि कृषि बीमा नहीं मिला राधा कृष्ण निवासी कछुआ गड़ा की पेट्ट की भूमि पर कब्जा मुन्नालाल ताजपुर में बताया कि बीते दिन लगी आग का नहीं किया गया निरीक्षण हरिशंकर कुंवरपुरा ने बताया कि सर्वजनि के रास्ता बंद पड़ा जगबीर निवासी लभेडा ने बताया नहीं हो रहा है आपसी बंटवारा लेख राम परतापुर ने बताया दबंग व्यक्तियों ने कर लिया भूमि पर कब्जा शीशपाल पतारपुर निवासी ने बताया कृषि भूमि पर कब्जा सुखदेव बाली पट्टी ने बताया कि प्रधान पति ने काट लिया हरे पेड़ तेजपाल निवासी लीलापुर ने बताया पानी का नहीं निकास पानी मुन्नी देवी अहिल्याबाई ने बताया दबंगों द्वारा हरि फसल काट ली हरिमोहन भरेपुर ने बताया कि प्लांट पर दबंगों का कब्जा बृजेश कुमार बाली पट्टी ने बताया पानी निकालने का नहीं है रास्ता अशोक कुमार सक्सेना निवासी अमृतपुर ने बताया चक मार्ग अतिक्रमण अवधेश ईमादपुर ने शिकायत में कहा कि अवैध खनन दबंग कर रहा है सुनीता पत्नी बाली पट्टी ने बताया दबंग का कब्जा जमीन पर भूपेंद्र सिंह बिरसिंहपुर ने बताया रास्ता निकालने को नहीं दे रहे दबंग प्रकाशवाती उधरनपुर लीलापुर ने बताया कि गली में जल भराव मुकेश कानपुर दत्त ने बताया चक मार्ग पर मिट्टी का नहीं हुआ कार्य मुन्ना हुसैनपुर लड़ाई ने बताया का जमीन पर कब्जा शिकायत में कहा कि दबंगों का तालाब पर कब्जा कृष्ण पाल निवासी हरसिंहपुर ने बताया है कि प्रधान द्वारा गलत जगह पर लगवाया सरकारी हैंडपंप जिलाधिकारी डॉक्टर वीके सिंह ने बताया है कि 8 दिन के अंदर समस्त शिकायतों का निस्तान करें नहीं होगी कार्रवाई।

## कुएं में मिली बालिका की दो दिन पुरानी लाश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के परसरा गांव में रविवार को एक कुए में पानी भरने गए लोगो ने कुए के अंदर एक बालिका का शव उतरता हुआ देखा तो गांव में हड़कंप मच गया आसपास के घरों के लोग मौके पर पहुंच गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई कुएं से शव निकालने के पहले ही पड़ोस के रहने वाले रूप चंद्र ने यह कहना शुरू कर दिया कि उसकी पुत्री शिवानी का यह शव है रूपचंद के यह कहते ही लोगों में असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई कि कुएं से शव बाहर निकालने के पहले रूपचंद ने शव की शिनाख्त अपनी पुत्री शिवानी के रूप में कैसे कर ली है जानकारी के मुताबिक परसरा गांव निवासी शिवानी उम्र 17 वर्ष पुत्री रूपचंद तीन दिन पहले अचानक लापता हो गई शिवानी के लापता होने के बाद परिवार के लोगों ने ना आसपास के लोगों से चर्चा की ना मामले की सूचना थाना और चौकी पुलिस को दिया पुत्री के गायब होने के बाद भी उसके परिवार के लोग मामले को दबाते रहे जिस पर मोहल्ले के लोगों को शिवानी के गायब होने में शंका उत्पन्न होने लगी थी कि मामले में कुछ गड़बड़ जरूर है।

## जिलाधिकारी ने योग सप्ताह कार्यक्रम का द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने कलेक्ट्रेट स्थित बौद्ध वाटिका में आयोजित योग सप्ताह कार्यक्रम का द्वीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी ने कहा कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 21 जून 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेंगा। शासन के निर्देशानुसार 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं, ताकि योग के प्रति आमजन को जागरूक किया जा सकें। योग स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक हैं तथा योग से व्यक्ति तनावमुक्त भी रहता हैं। हम सभी को योग अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार गोंड व प्रबुद्ध सिंह, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 अक्षय लाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुष्पेन्द्र कुमार सहित कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन के अधिकारियों/कर्मचारियों तथा पतंजलि योग समिति के पदाधिकारी व सदस्य संतोष कुमार सुशील कुमार राजीव सोमवंशी गुलाब सिंह व भइया लाल एवं आमजन ने कार्यक्रम में प्रतिभाग कर योगाभ्यास किया जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान न्यास श्री हर्ष ने कहा कि योग से तन और मन का सर्वांगीण विकास होता है। भारत ने पूरे दुनियॉ को योग के क्षेत्र में जागरूक किया हैं, इसमें सभी देश बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहें हैं। अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए सभी से आवाह्न किया। उन्होंने जिलाधिकारी को योग दर्शन पुस्तिका भी भेंट किया।

## गांव-गांव हुई सकिपा की ग्राम मासिक बैठक

### स्थानीय स्तर पर खोली जाएं सरकारी डिजिटल लाइब्रेरी : अजय सोनी



अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में दिनांक 15 जून को जिले के कई गांवों में ग्राम मासिक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पार्टी के संगठन और विस्तार को लेकर पार्टीजनों ने चर्चा की। साथ ही आम जनता की समस्यायों को प्रशासन द्वारा प्रमुखता से समाधान कराने को लेकर लोगों ने सुझाव दिया। शनिवार 15 जून को समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में जिले के तमाम गांवो जैसे उदहिन बुजुर्ग, उदहिन खुर्द, बडनपुर घाटमपुर, फत्तेपूर बेला, जियापुर, पड़री, मलाक पिंजरी, देवखरपुर, सरसवा, अंधावा, पश्चिम शरीरा, अलवारा, टिकरी, महुआखाडा, मालीपुर महराजगंज, ऐडहरा, मनौरी, बथुई फदिलाबाद आदि गांवो में मासिक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पार्टी के तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। ग्राम बडनपूर घाटमपुर में हुई मासिक बैठक में शामिल होने पहुंचे पार्टी नेता अजय सोनी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से वार्ता करते हुए प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन कौशांबी समेत जिले के जनप्रतिनिधियों से स्थानीय स्तर पर सरकारी डिजिटल लाइब्रेरी खुलवाने की मांग की है, ताकि युवाओं को स्थानीय स्तर पर शिक्षा का समुचित संसाधन और वातावरण मिल सके। आगे कहा कि मैं स्वयं जिला पंचायत सदस्य होने के नाते जिला पंचायत सदन की बैठक में इस मुद्दे को उठाऊंगा ताकि क्षेत्रीय स्तर पर सरकारी डिजिटल लाइब्रेरी खुल सके और युवाओं को क्षेत्रीय स्तर पर शिक्षा का समुचित संसाधन और वातावरण मिल सके। इस अवसर पर आदित्य तिवारी, डॉ राजेश सिंह, अमरनाथ लोधी, प्रह्लाद लोधी, संतोष केसरवानी, दिलीप सोनकर आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत उदयकरनपुर वि.खं. पूरनपुर, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यो के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 19.06.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 20.06.2024 सायं 4:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

कुलवन्त कौर
ग्राम प्रधान

मो. वसीम
सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत गोनहां, वि.खं. मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

### अति अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत **गोनहां** विकास खण्ड **मोतीचक** द्वारा कनवर्जेन्स/केन्द्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), आर0जी0एस0ए0, बी0आर0जी0एफ0, एस0एल0डब्लू0एम0 (जी0) एवं मनरेगा/अन्य शासकीय योजना/अंत्येष्टी स्थल निर्माण, पंचायत भवन निर्माण योजनान्तर्गत वर्ष 2024–25 में स्वीकृत कार्य/कार्य योजना तथा कराए जाने वाले कार्यों हेतु ईट प्रथम श्रेणी, सफेद बालू, लोकल बालू, मोरंग, सरिया, राबिस, पत्थर की गिट्टी, ईट की गिट्टी, टाइल्स, ह्यूम पाइप, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, हार्डवेयर का सामान, सफाईकर्मी का सामान एवं ढेला, पेंट, बेन्च, वाल पेंटिंग, वाल राइटिंग, सेनेटरी का सामग्री, पलंबिंग की सामग्री एवं अन्य समस्त सामग्री ग्राम पंचायत के मांग के अनुसार आदि से सम्बन्धित सामग्री इत्यादि की निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी नियम एवं शर्ते निम्नवत् हैं:– (1) इच्छुक फर्म/आपूर्तिकर्ता द्वारा उक्त निविदा दिनांक **25.06.2024** को दिन के 10 से 12 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में डाली जाएगी एवं उसी दिन दिनांक **25.06.2024** को दिन के 01.00 बजे खोली जाएगी। (2) निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस तक मान्य होगी। एक बार प्रस्तुत की गयी बिड्स किसी भी दशा में विडर्स द्वारा वापस नहीं ली जा सकती। (3) निविदादाता के पास विगत 03 वर्षो का आयकर विभाग द्वारा निर्गत आयकर रिटर्न की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। (4) निविदा को निविदा के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन एवं जी0एस0टी0 रिटर्न तथा आयकर अदेयता प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। (5) बिड्स के साथ दिये गये सभी प्रपत्र के सत्यता एवं सूचना के सम्बन्ध में शपथ 10 रू0 के नान ज्यूडिशीयल स्टैम्प पर मूल रूप में सचिव/प्रधान/ग्राम पंचायत को सम्बोधित करते हुए बिड्स की अन्तिम तिथि के पूर्व का होना चाहिए। (6) प्रत्येक बिड्स के साथ धरोहर धनराशि 5000.00 (पांच हजार रूपये मात्र), को संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो कि राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0 या नकद के रूप में सचिव ग्राम पंचायत के पक्ष में, बन्धक होनी चाहिए तथा जिसकी वैधता निविदा/बिड्स की वैधता से 365 दिन अधिक होना चाहिए। (7) ऐसे राजपत्रित अभियन्ता/अधिकारी जिनका राज्य सरकार अथवा केन्द्र सरकार की अनुमति नहीं दी जायेगी। यदि कोई सेवानिवृत्त अभियन्ता/अधिकारी/ग्राम पंचायत सचिव/रोजगार सेवक/तकनीकी सहायक/अन्य कार्मिक/ग्राम प्रधान/ सदस्य/ जि0पं0सदस्य/क्षे0पं0स0/क्षेत्र पंचायत प्रमुख का सगा सम्बन्धी (ब्लड रिलेटिव) बिना सरकार की अनुमति के कार्य करते हुए पाये जायेगें, तो संज्ञान में आते ही उनकी निविदा तुरन्त निरस्त कर दी जायेगी। (8) अपराधिक रिकार्ड वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। कोई भी निविदादाता जो स्टेट बार काउंसिल में पंजीकृत है, उन्हें निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी। (9) अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा, निविदा के किसी भी भाग अथवा सभी निविदादाओं के निरस्त करने का अधिकार होगा। इस सम्बन्ध में ठेकेदार का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा। (10) निविदा प्रपत्र के अनुसार शेष शर्ते निविदादाता को मान्य होगी। (11) जिस आपूर्ति का दर सबसे कम होगा उसे ही आपूर्ति हेतु स्वीकृत किया जाएगा। (12) सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में कार्यस्थल पर प्रस्तुत दर में ही करना होगा। (13) सामग्री आपूर्ति ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी एवं सामग्री की मात्रा घटाई एवं बढ़ाई जा सकती है। (14) निविदा फर्म दिनांक **18.06.2024** तक ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है, प्रपत्र का मूल्य 100.00 (एक सौ रूपये) है। निर्धारित प्रपत्र पर ही स्वीकार किया जाएगा। अन्य जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय से किया जा सकता है।

ग्राम प्रधान- अवधेश यादव
ग्राम पंचायत-गोनहां,
वि.खं. मोतीचक, कुशीनगर

सचिव- शिवेन्द्र गुप्ता
ग्राम पंचायत-गोनहां,
वि.खं. मोतीचक, कुशीनगर

# विकसित भारत के लिये स्किल, स्केल,स्पीड और सस्टेनेबिलिटी अपनाना जरूरी

**आईसीएसआई के प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिवों का हुआ दो दिवसीय 25वां राष्ट्रीय सम्मेलन**

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** रामनगरी में हुयी दो दिवसीय इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिवों के 25वें राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्र के विकास में कॉर्पोरेट जगत की भूमिका और स्टार्टअप्स, फिनटेक और एमएसएमई के लाभ उठाने आदि विषयों पर चर्चा हुयी। वहीं विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिये स्किल, स्केल, स्पीड और सस्टेनेबिलिटी को अपनाने पर जोर दिया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन असीम अरुण, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, उत्तर प्रदेश ने किया था। जिसमें उन्होंने कहा कि सेक्रेट्रीज गुणवत्ता नियंत्रण में अहम भूमिका निभाते हैं। ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस में और इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत को विश्वगुरु भारत बनाने में इनका सहयोग बेहद आवश्यक है। इस दो दिवसीय सम्मेलन में विकसित भारत वर्ष 2047 में कंपनी सेक्रेट्रीज की भूमिका और देश की प्रगति तथा विकास के लिए चर्चा की गयी। सम्मेलन में असीम अरुण, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार के अलावा नीतीश कुमार, आईएएस, जिला मजिस्ट्रेट, अयोध्या, विशिष्ट अतिथि थे। मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह सम्मेलन विकसित भारत के विचार का ही एक रूप है। हम सभी सामाजिक समावेश और स्थिरता की दिशा में सामूहिक रूप से काम कर रहे हैं। भारत में सस्टेनेबिलिटी सदियों पुरानी अवधारणा रही है, जिसे की इनोवेशन और प्रौद्योगिकी के साथ जोड़ने की जरूरत है। मैं कंपनी सचिवों से आग्रह करता हूं कि विश्व गुरु बनने से पहले, आइए हम सब मिलकर विश्व शिष्य बनने का प्रयास करें और दुनिया से सीखने के सभी अवसरों का लाभ उठाएं। समावेशिता को अपनाने पर जोर देते हुए नीतीश कुमार ने कहा सुशासन के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक, सभी को साथ लेकर चलना है। क्षेत्र के विशेषज्ञों के रूप में, कंपनी सचिव ही ऐसी नीतियां विकसित करने में मदद कर सकते हैं जो देश में व्यापक बदलाव लाने के मानदंड निर्धारित करती हों। आईसीएसआई के अध्यक्ष बी. नरसिम्हन ने 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 4 एस अर्थात स्किल, स्केल, स्पीड और सस्टेनेबिलिटी को अपनाने के बारे में बात की। उन्होंने कहा कंपनी सचिवों को अधिक व्यापक जीडीपी (शासन, विकास और प्रदर्शन) के लिए एकाग्र प्रयास करने चाहिए। सीएस पेशे के ये 25 प्रतिष्ठित वर्ष देश में सुशासन की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में उद्योगपति, वरिष्ठ कॉर्पोरेट प्रोफेशनल्स, नियामक निकायों के वरिष्ठ अधिकारी और अन्य हितधारक भाग लिया।



राष्ट्रीय सम्मेलन में मौजूद राज्य मंत्री असीम अरुण व अन्य

## अवैध कब्जे को लेकर किसान नेता फरीद अहमद ने की जिलाधिकारी से शिकायत

**सोहावल-अयोध्या।** तहसील तहसील दिवस में जिला अधिकारी के समक्ष किसान नेता फरीद अहमद ने सालेपुर निमैचा पंचायत भवन पर खिरौनी नगर पंचायत बाबू कुलदीप पांडे द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है जिस पर डीएम के आदेशा अनुसार सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान होनी चाहिए जिसकी शिकायत कई बार किसान नेता फरीद अहमद ने किया था सुनवाई ना होने पर आज जिलाधिकारी से फिर शिकायत कर कहा कि भवन खाली न होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी और 4 किलोमीटर दूरी राशन लेने जाना पड़ता है और आपके आदेश का भी पालन नहीं कर रहा है बाबू इसी बात का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी महोदय ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खिरौनी को बुलाया अधिशासी अधिकारी के मौजूद न रहने पर एसडीम सोहावल को आदेश किया की 1 दिन का वेतन काटा जाए और जल्द से जल्द पंचायत भवन को खाली कराया जाए।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन हुआ

**कुल 202 शिकायतें प्राप्त हुई, 6 शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित**

**अयोध्या।** जन समस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने एवं विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाली सुविधाओं, शासकीय सुविधाओं की डिलवरी, विभिन्न कार्यालयों के स्थान पर यथासंभव एक ही स्थान पर सुगमता से उपलब्ध कराये जाने तथा जन सामान्य एवं अधिकारियों के मध्य सीधा जन-संवाद स्थापित करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में तहसील सोहावल में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान जिलाधिकारी के साथ साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर ने एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा यथासंभव उनका मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष समस्याओं को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा में निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया। जन समस्याओं की सुनवाई के दौरान राजकुमार प्रधान ग्राम पंचायत अमौना द्वारा ग्राम पंचायत अमौना में पशुचर भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सोहावल को प्रकरण में परीक्षण करने तथा तत्काल नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी द्वारा 02 बजे तक जन समस्याओं को सुनने के उपरांत सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर में दर्ज शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का अवलोकन किया जिसमें पैमाइश आदि से सम्बंधित विभिन्न शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता संतोषजनक न पाये जाने पर समस्त लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार तथा तहसीलदार व उप जिलाधिकारी को शिकायतों के गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करने के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने समस्त लेखपालों, कानूनगो को निर्देशित किया कि पैमाइश सम्बंधी प्रार्थना पत्रों को मौके पर जाकर पैमाइश कर निराकरण करें और आपसी सहमति से पैमाइश का निराकरण सम्भव न हो पाने की दशा में ही नियमानुसार धारा 24 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाए तथा सम्बंधित को धारा-24 की पूर्ण प्रक्रिया से अवगत करा दिया जाये।




फरियादियों की फरियाद सुनते जिलाधिकारी नीतीश कुमार

# जनता की समस्याओं का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम सत्येन्द्र कुमार

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में तहसील फतेहपुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आए हुए फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण कराने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुरूप जो समय सीमा समस्याओं के निस्तारण की दी गई है उसी के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के साथ-साथ लाभार्थी को संतुष्टि भी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है कि जमीन सम्बन्धित विवादों को तत्काल निस्तारित कराएं। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि समस्त अधिकारी प्रत्येक दिवस प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12 बजे तक कार्यालय में जनता की शिकायतों का निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 145 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें मौके पर 07 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया। राजस्व विभाग से संबंधित 83 प्रार्थना पत्र, पुलिस विभाग से संबंधित 21 प्रार्थना पत्र, विकास विभाग से संबंधित 7 प्रार्थना पत्र, विद्युत विभाग से सम्बन्धित 18 प्रार्थना पत्र अन्य विभाग से संबंधित 16 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, एसडीएम फतेहपुर रल्ला पल्ली जगत साई, क्षेत्राधिकारी फतेहपुर डॉ0 बीनू सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश तिवारी, तहसीलदार फतेहपुर प्राची त्रिपाठी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## रास्ते में दीवाल खड़ी कर उत्पन्न कर रहे अवरोध

**हैदरगढ़,बाराबंकी।** स्कूल के रास्ते में दीवाल खड़ी कर अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है मना करने पर लड़ाई झगडे पर आमादा हो रहे है। पीड़ित युवक ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के मुताबिक तहसील हैदरगढ़ क्षेत्र के मेनहुवा गांव निवासी राजकुमार पुत्र ढोढे ने उपजिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है प्राथमिक विद्यालय मेनहुआ से सटा हुआ गाटा संख्या 98 स्थित है इसके दक्षिण दिशा में स्कूल का रास्ता है और इसी रास्ते से होकर स्कूली बच्चे पढ़ने के लिए आते हैं जिस पर उक्त गांव निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र श्री राम व संदीप कुमार,विपिन कुमार पुत्रगण वीरेंद्र श्री राम पुत्र प्रभु आदि लोग रास्ते में जबरन दीवाल खड़ी कर अवरोध उत्पन्न करने पर रहे हैं और मना करने पर लड़ाई झगडे पर आमादा हो रहे हैं। पीड़ित युवक ने उपजिलाअधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

# नापापा ने राधा कृष्ण मन्दिर निर्माण को अवैध बताया, निर्माण रुकवाया

**पीठाधीश्वर व पूर्व चेयरमैन ने नगर पालिका पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप**

अवधनामा संवाददाता

**बाराबंकी।** धनोखर चौराहा स्थित चक्रतीर्थ चित्रगुप्त मंदिर के पास राधा कृष्ण मंदिर का निर्माण किए जाने के प्रयास पर उपजिलाधिकारी ने लगाई रोक। पीठाधीश्वर रंजीत बहादुर ने कहा मंदिर न बना तो एक एक माह के अंदर आत्महत्या कर लूंगा। ज्ञात हो कि गत जनवरी 23 को जनवरी सुभाष जयंती के अवसर पर भगवान चित्रगुप्त मंदिर की स्थापना यहां हुई थी। इसके साथ ही कार्यक्रम में ये भी घोषणा की गई थी की जल्द ही इसी स्थान पर एक राधा कृष्ण मूर्ति की भी स्थापना होगी। 10×10 क्षेत्र में निर्माण कार्य शुरू हो चुका था। बताते चले कि चक्रतीर्थ परिसर में निर्माणाधीन राधा कृष्ण मंदिर के निर्माण कार्य को रोकते हुए विनियमित क्षेत्र द्वारा नाले पर अवैध निर्माण कराए जाने की बात कहते हुए नोटिस जारी कर दिया गया है, जिसपर पीठाधीश्वर रंजीत बहादुर श्रीवास्तव ने सवाल उठाते हुए कहा कि पूरे परिसर अथवा आस पास में नगर पालिका अथवा विनियमित क्षेत्र की कितनी भूमि है इसका जवाब दें। मंदिर निर्माण में मात्र ढाई फीट की जमीन नाले पर आने से प्रशासन द्वारा पूरी ही अवैध बताई गई है क्या यह सही है। वर्तमान में कमेटी ने उसे हटा भी लिया है। नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि नाला सफाई गैंग सक्रिय है पूरे शहर में लगभग 70 प्रतिशत नालों पर कब्जा है मात्र 30 प्रतिशत नाले ही खुले हैं जिनकी सफाई कराई जाती है 7 परंतु पैसा पूरे नालों की सफाई का निकाला जाता है। राज्य मंत्री सतीश शर्मा के अतिरिक्त भाजपा के बाराबंकी पदाधिकारियों अथवा विधायकों में एक भी राम या कृष्ण भक्त नहीं रह गया है। इस बात को कहते हुए भावुक हो गए। पीठाधीश्वर ने कहा कि मैने एक माह का समय दिया है यदि मंदिर निर्माण पुनः शुरू ना कराया गया तो आत्मदाह कर लूंगा। मैं सच्चा सनातनी हूं मंदिर निर्माण हेतु मुझे जो कुछ झेलना पड़ेगा मैं उसके लिए तैयार हूं।



### राधा कृष्ण मन्दिर नही बना तो करेंगे आत्मदाह : पीठाधीश्वर

भाजपा फायर ब्रांड नेता व पूर्व नगर पालिका परिषद चेयरमैन से बने पीठाधीश्वर रंजीत बहादुर श्रीवास्तव ने प्रशासन को धमकी देते हुवे कहा कि वर्तमान नगर पालिका चेयरमैन शीला सिंह वर्मा व ईओ द्वारा जबरन राधा कृष्ण मन्दिर निर्माण को रुकवाने से सच्चे सनातन को चोट पहुचाने का काम किया है जो सरा सर गलत, अगर मन्दिर नही बना तो हम आत्मदाह कर लेंगे। उन्होंने प्रशासन से माँग की है कि अगर एक माह के भीतर पुनः मन्दिर निर्माण का कार्य नही शुरू किया गया तो इसका परिणाम बहुत ही भयानक होगा। पीठाधीश्वर के इस धमकी से जिला प्रशासन के हाथ पांव फूल गये। वैसे तो पीठाधीश्वर रंजीत बहादुर श्रीवास्तव ने प्रशासन को एक महीना का समय दिया है कि राधा कृष्ण का मंदिर निर्माण हो। उन्होंने नगर पालिका चेयरमैन व प्रशासन पर विकास कार्य मे जमकर धांधली का आरोप लगाया है और माँग की है कि इसकी उच्चस्तरीय जाँच कराई जाए।

## विकास भवन पार्क में दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग सप्ताह का माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

**गोंडा।** शनिवार को दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विकास भवन स्थित पार्क में योग सप्ताह का कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, एवं मुख्य विकास अधिकारी एम.अरून्मोली ने किया। इस योग सप्ताह कार्यक्रम में जनपद के समस्त विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित होकर योग प्रशिक्षक आदर्श मिश्रा के द्वारा बताए गए योगाभ्यास को किया गया। यह कार्यक्रम 15 जून से लेकर 20 जून 2024 तक योगाभ्यास कार्यक्रम चलेगा तथा 21 जून 2024 को दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बृहद स्तर पर योग दिवस कार्यक्रम मनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी अरुण कुमार कुरील, आदर्श कुमार मिश्रा योग प्रशिक्षक,मंडलीय खाद्य अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# योग सप्ताह कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के दृष्टिगत शनिवार को गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवेद्यनाथ डिग्री कॉलेज चौक बाजार में योग सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सदर जय मंगल कनौजिया द्वारा किया गया।

योगाभ्यास के दौरान लोगों ने स्कंध संचालन, वज्रासन, अर्ध हलासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम सहित विभिन्न आसन को योग प्रशिक्षकों के देखरेख में किया। योगाभ्यास कार्यक्रम योग प्रोटोकॉल के अनुसार योग वेलनेस सेंटर राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय जिला मुख्यालय के योग प्रशिक्षक आशुतोष कुमार चौधरी द्वारा कराया गया, जिसमें आए हुए लोगों को योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया गया व सभी को स्वस्थ दिनचर्या के बारे में बताया गया।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष चौक, अपर उपजिलाधिकारी सदर शैलेंद्र गौतम, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, डॉ राकेश कुमार द्विवेदी तथा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ हरेंद्र जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## ठगी का प्रयास करने वालों के खिलाफ शिकायत

**नौतनवा (महराजगंज)।** क्षेत्र स्थित कोल्हुई बाजार के निवासी प्रिंस जयसवाल ने ठगी का शिकायत करते हुए थाने में तहरीर दी है। जिसमें उन्होंने क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर पैसे मांगने और मामला को मैनेज करने का दबाव बनाने वाले पर कार्यवाही की मांग की है। प्रिंस जयसवाल ने अपने तहरीर में लिखा है कि बीते दिनों मेरे मोबाइल पर लखनऊ क्राइम ब्रांच अधिकारी बनकर फोन आया और बताया कि आपके खिलाफ गूगल क्रोम मे एक शिकायत दर्ज हुआ है। जिसमें 190000 का जुर्माना वह 01 साल का सजा है। इस दौरान उक्त मामले को रफा-दफा करने के चक्कर में वह ठगी का प्रयास करने लगा। बताया जा रहा है की ठगी का प्रयास करने वाला वह अपने सीईओ से बात कराया और बोला कि इस मामले को मैनेज करने के लिए आप हमारे सीईओ साहब से बात कर लीजिए मामला मैनेज करने को लेकर सीईओ बनकर बात करने वाले व्यक्ति ने प्रिन्स जायसवाल से 8500 गूगल पे, फोन,पे, या पेटीएम पर भेजने की लिए दबाव बनाने लगा। इस संदर्भ में पीड़ित ने कोल्हुई थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की हैं।

# समाधान दिवस में 67 मामले में से 15 का निस्तारण

**महराजगंज।** लोकसभा आम चुनाव के उपरांत प्रथम जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन निचलौल तहसील सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 67 मामले में से 15 प्रकरणों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का परीक्षण करते हुए निर्धारित समय में निस्तारित करें। कहा कि निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और नियमानुसार होना चाहिए। उन्होंने भूमि विवाद के 03 मामलों में राजस्व और पुलिस की टीम को मौके पर भेजकर प्रकरण को निक्षेपित करने और आख्या जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय को प्रेषित करने का निर्देश दिया। उक्त 03 प्रकरण ग्राम टीकर, मेघौली खुर्द और निचलौल से संबंधित थे। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तुत प्रकरणों में 20 राजस्व विभाग, 23 पुलिस विभाग और 24 विकास विभाग से संबंधित थे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, एसडीएम निचलौल मुकेश कुमार सिंह, सीओ निचलौल श्अनुज सिंह, पीडी रामदरश चौधरी, तहसीलदार निचलौल राजेश कुमार श्रीवास्तव, जिला कृषि अधिकारी वीरेन्द्र कुमार, एआर कॉपरेटिव सुनील गुप्ता, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव व अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में कर्नलगंज तहसील गोण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी नेहा शर्मा व पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल व राजस्व, पुलिस तथा अन्य विभाग के अधिकारी /कर्मचारीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अधिकारीगणों द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारीगणों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों से अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को अवगत कराते हुये प्रार्थना-पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्यवाही एवं समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत द्वारा तहसील मनकापुर पर जनता की जनसमस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी कर्नलगंज, क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज, तहसीरदार सदर, प्र0नि0 को0 कर्नलगंज आदि सहित राजस्व व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।



# अग्निपीडितो को हरसंभव मदद का भाजपा विधायक ने दिया भरोसा

**केन्द्रीय राज्य मंत्री ने की पीडितों से विडियो काल पर बात मिलेगा प्रधानमंत्री आवास**

अवधनामा संवाददाता

**नवाबगंज,गोंडा।** विकासखंड के गैलन ग्रंट गांव मे आग से छ घर जल जाने के बाद क्षेत्रीय भाजपा विधायक रमापति शास्त्री अपने सहयोगियों साथ अग्निपीडितो से मिल आर्थिक मदद कर हरसंभव मदद का दिया आश्वासन वही केन्द्रीय राज्य मंत्री कीर्तीवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने दुरभाष से अग्निपीडितो से बात कर बधाया ढाढस जल्द मिलेगा सभी को सहयोग।

मिली जानकारी अनुसार क्षेत्र के गैलन ग्रंट गांव मे बीती देर रात अचानक आग लगने से छ घर जलकर राख हो गये घटना के बाद सुबह जब यह सूचना स्थानीय भाजपा विधायक रमापति शास्त्री को पहुंची तो उन्होंने इस अग्निकांड बाबत गोंडा भाजपा सांसद/ केन्द्रीय राज्य मंत्री कीर्तीवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया को सूचना से अवगत कराया इधर भाजपा विधायक अपने टीम साथ घटनास्थल पर जाकर अग्निकांड पीडीतो से मुलाकात कर सभी छ परिवारो को आर्थिक सहायता दी वही केन्द्रीय राज्य मंत्री कीर्तीवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने दिल्ली से ही सभी अग्निकांड पीडीतो से विडियो काल पर बात कर अधिकारियों को हरसंभव मदद का निर्देश दिया। भाजपा विधायक प्रतिनिधि वेदप्रकाश दुबे ने बताया कि हल्का लेखपाल को निर्देश दिया गया की घटनास्थल पास टेंट लगवा दिया जाए जिससे पीडित अपने परिजनो साथ रह सके और रिपोर्ट आधार पर अग्निपीडितो को प्रधानमंत्री आवास देने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर गोंडा भाजपा सांसद कीर्तीवर्धन सिंह उर्फ राजा के प्रतिनिधि कमलेश पांडेय लिदेहना ग्रंट ग्राम पंचायत प्रधान प्रतिनिधि गिरधारी लाल चौहान गैलन ग्रंट प्रधान पंचमराम जनार्दन प्रसाद तिवारी दिलीप तिवारी सुभाषपा जिला अध्यक्ष पप्पू राजभर कल्पनाथ कुरील सहित तमाम लोग



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचनाः–

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20415-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.07.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.07.2024 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12231-SLR-F1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.07.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.07.2024 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22417-SLR-F1-BSB-NDLS-22-6 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.07.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.07.2024 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12429-SLR-F2-LKO-NDLS-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.07.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.07.2024 समय 13:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20413-SLR-F2-BSB-INDB-22-3 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 14.06.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.07.2024 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.07.2024 समय 13:10 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1822/2024

अवधनामा



# तहसील समाधान दिवस में आये 44 मामले में दो का मौके पर निस्तारण

अवधनामा संवाददाता



- बांसी में प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ तहसील समाधान दिवस

**बांसी सिद्धार्थनगर।** शासन के मंशा के अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। तहसील बांसी में प्रभारी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता एवं विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तहसील बांसी में आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई प्रभारी जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी बांसी कुणाल तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा किया गया। प्रभारी जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस बांसी में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 44 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-13, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-10, विकास-06, विद्युत-06, चकबन्दी-04, पूर्ति-01, नगर पालिका-01, समाज कल्याण-01 व अन्य 02 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। प्रभारी जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा राजस्व के 02 प्रार्थना-पत्र का मौके पर ही निस्तारित करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्र्देशित किया गया। एक ऐसा मामला प्रस्तुत हुआ आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में पेश होकर शिव नगर डिड़ई थाना क्षेत्र के डारीडीहा गांव निवासी घनश्याम ने शिकायत पत्र देकर हल्का लेखपाल पर 30 हजार रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि लेखपाल ने बंजर की जमीन पट्टा करने के नाम पर रुपया लिया था लेकिन अभी तक न उनका काम हुआ और न ही रुपया वापस मिला है। असोगवा गांव निवासी भीम चन्द्र सिंह ने आरोप लगाया कि गांव निवासी एक व्यक्ति उसके बैनामाशुदा जमीन में जबरन खेत जोत रहे है जबकि इस खेत से उनका कोई लेना देना नही है। भीम चन्द्र सिंह ने न्याय दिलाने की मांग किया। इसके बाद आत्मा, सुग्रीव, सिद्दु निवासी बनकटा ने पेश होकर फरियाद किया कि इनका आबादी के अन्दर मकान बना हुआ है। दक्षिण तरफ पुरब पश्चिम आरसीसी सड़क है और आबादी में पश्चिम तरफ हरिजन आबादी है। हरिजन आबादी का गंदा पानी हम प्रार्थी के भुसेला के पश्चिम उत्तर होते पूरब गड़हा में गिर जाता है। जिसको गांव के कुछ लोग शादी के मौके पर पाट दिए जिसकी शिकायत पुलिस से करने पर नाली को खोल दिया गया था मगर पुनः नाली को पाट दिया गया है।

## लापरवाह कर्मियों को हटाए जाने की मांग



अवधनामा संवाददाता

- गाड़ी आती है और जाती है, बस कूड़ा नहीं उठाती है

**सिद्धार्थनगर।** जिला मुख्यालय स्थित नगर पालिका सिद्धार्थ नगर के मोहल्ला भगत सिंह नगर (जवाहरनागर) में बजबजाती हुई नालियां कूड़े का ढेर और गंदगी का अंबार है। सफाई कर्मी जो भी मुहल्ले में झाड़ू लगाने आते हैं, वह सड़क के पटरियों पर पड़े कूड़ा और गंदगी को नजर अंदाज करके सिर्फ सड़क के किनारे झाड़ू को घसीटते हुए चले जाते हैं। इसी तरह कूड़ा उठाने वाली गाड़ी भी आती है और जाती है लेकिन सड़क के किनारे लोगों द्वारा एकत्र किए गए कूड़े के ढेर को बिना उठाए चली जाती है। मुहल्लावासी राम वृक्ष, किसलावती, अनवर अली, कलीमुल्लाह, दीना नाथ, भगत, निसाब, शिवम, अली, अब्दुल मन्नान आदि ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं अधिशाषी अधिकारी से लापरवाह सफाई कर्मियों को हटाए जाने की मांग की है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

### उपजिलाधिकारी ने सुनी शिकायतें, निस्तारण के लिए टीमों का किया गठन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** चुनाव आचार संहिता हटने के बाद अब तहसील समाधान दिवस का आयोजन शुरू हो गया है। शनिवार को डुमरियागंज तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी डॉ. संजीव दीक्षित की अध्यक्षता में तहसील समाधान दिवस आयोजित हुआ।

ज्यादातर शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। इस पर उपजिलाधिकारी ने पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीमों का गठन कर मौके जाकर शिकायतों के समाधान का निर्देश दिया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 71 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-40, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-12, विकास-04, अन्य-15 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। उपजिलाधिकारी द्वारा राजस्व के 05 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया तथा अवशेष 35 को जल्द से जल्द निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया। उपजिलाधिकारी डॉ. संजीव दीक्षित ने तहसील समाधान दिवस डुमरियागंज में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। इस दौरान तहसीलदार संतराज सिंह, नायब तहसीलदार महबूब आलम, खण्ड विकास अधिकारी अमित सिंह, आलोक उपाध्याय, अधिशाषी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव, अजय पाण्डेय, आशुतोष सिंह, सीडीपीओ अभय सिंह, संजय प्रसाद, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विजय सहाय, लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेश लाल श्रीवास्तव आदि अन्य अधिकारी, कर्मचारी व फरियादी उपस्थित रहे।

## रेहान व शिवानी का वालीवाल छात्रावास में चयन होने खेल प्रेमियों में प्रसन्नता दी बधाई

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** गांधी आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज बढ़नी के दो विद्यार्थियों रेहान अहमद, कुमारी शिवानी का वॉलीबॉल छात्रावास में चयन होने पर जनपद के विभिन्न खेल संघठनो, खेल प्रेमियों ने प्रसन्नता वयक्त करते हुए बधाई दी है। मिली जानकारी के मुताबिक रेहान अहमद कक्षा आठ एवं कुमारी शिवानी कक्षा नौ की गांधी आदर्श विद्यालय इण्टर कालेज बढनी के विद्यार्थी है।

यूपी वॉलीबॉल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मो इब्राहिम ने बताया कि उक्त खिलाड़ी विगत वर्ष अंडर 14 वर्ष मे उत्तर प्रदेश स्कूल चयम्पियनशिप बरेली में प्रतिभाग कर चुके है। रेहान अहमद का चयन मैनपुरी में तो वही कुमारी शिवानी का चयन केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में हुआ है। इनके चयन पर जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष कमालुद्दीन, देवेंद्र पांडेय, निज़ाम अहमद, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेश वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष मो. इब्राहिम, गांधी आदर्श इंटर कालेज के प्रबन्धक डॉक्टर राकेश प्रताप शाह, प्रधानाचार्य विजय कुमार वर्मा, जागृति स्पोटिंग क्लब के अकील अहमद, करमहुसेन इदरीसी, अजय प्रताप गुप्ता, अब्दुल कय्यूम, असलम खान, सगीर अहमद, कोच शम्भू गुप्ता, मयंक सिंह, मुन्नू अल्वी, अब्दुल अलीम, दीपक गुप्ता, रिया श्रीवास्तव, रत्नेश सिंह, विनय शर्मा, इशांक सिंह आदि ने बधाई दी है।

## योग दिवस सप्ताह के अवसर पर सामुहिक किया गया योगाभ्यास

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** अन्तर्राष्टीय सप्ताह योगा दिवस के अवसर पर शनिवार को विकास खण्ड लोटन बाजार के परिसर में अमृतसरोवर पर ब्लाक प्रमुख आशीष सिंह व खण्ड विकास अधिकारी के नेतृत्व में अंतरराष्टीय सप्ताह योग दिवस का शुभारम्भ किया गया। ग्राम पंचायत मे बने अमृतसरोवर पर प्रधानो की मौजूदगी में सामुहिक योगाभ्यास किया जायेगा जो 15 जून से 21जून तक सुबह 6 बजे से लेकर 7 बजे तक यह कार्यक्रम निरंतर चलेगा।

प्रतिदिन अलग अलग कार्यक्रम होगा जैसा की उच्च स्तरीय निर्देश दिया गया है। रंगोली योग से सम्बंधित, योग के माध्यम से उच्च रक्तचाप प्रबंधन पर सेमिनार, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, जीवन शैली समस्याओं मे योग का महत्व, योगाभ्यास निबंध लेखन आधुनिक जीवन शैली मे महिलाओं के लिए योग का महत्व पर आधारित,आशु भाषण एवं ड्राइंग विषय पर प्रतियोगिता, मानसिक स्वास्थ्य योग, सम्पूर्ण विकल्प पर योगासन, प्रर्दशन पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण और 21, जून को समाप्त किया जायेगा। खण्ड विकास अधिकारी ने लोगों से कहा कि स्वस्थ रहने के लिए हमारे जीवन में योग बहुत जरूरी है। योग के दौरान अपनी सांसों व आसन पर ध्यान केंद्रित करना होता है। ब्लाक प्रमुख ने कहा की योग दिवस के दिन ही नही बल्कि प्रति दिन योगा जरुरी है और अपने बच्चों को भी योगा के बारे में जागरूक करे ताकी कोई भी बिमारी उत्पन्न न हो पुरा परिवार स्वास्थ्य रहे।योगाभ्यास में ब्लाक प्रमुख आशीष कुमार सिंह, एडीओ कापरेटिव युनुस अनसारी, सहायक लेखाकार अभिषेक कुमार गुप्ता दिलीप पटेल, विनोद कुमार चौधरी, उमेश राय, रविन्द्र जाटव, मनोज कुमार, ईश्वर देव, प्रियंका गोस्वामी, सुशील पटेल, सुग्रीव प्रसाद, राम कृष्ण मिश्र, ग्रीश चन्द पाण्डेय, देवेश कुमार कुस्वाहा, लोकेश श्रीवास्तव, कमेश सहित प्रधान लोग मौजूद रहे।

## सरदार सेना का सांगठनिक विस्तार, बृजेश पटेल, विनय को मिली जिम्मेदारी

**बस्ती।** सरदार सेना का सांगठनिक विस्तार करते हुये कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. आरएस पटेल की मौजूदगी में बड़ेवन स्थित एक होटल में हुई बैठक में चौधरी बृजेश पटेल को प्रदेश उपाध्यक्ष, विनय चौधरी को जिलाध्यक्ष बनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि एकजुटता व समर्पण सबसे बड़ी सांगठनिक ताकत है। सभी लोग एकजुट होकर संगठन को मजबूत करें और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें। उन्होने नये पदाधिकारियों को बधाइयां व शुभकामनायें देते हुये अपेक्षा व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन सही दिशा में पूरी ताकत के साथ आगे बढ़ेगा। प्रदेश उपाध्यक्ष बृजेश पटेल ने कहा संगठन जिन उद्देश्यों को लेकर स्थापित हुआ उसी दिशा में लगातार प्रगति कर रहा है। संविधान की रक्षा करते हुये सरदार बल्लभ भाई पटेल के विचारों को लेकर आगे बढ़ना होगा। जिलाध्यक्ष विनय चौधरी ने कहा संगठन की ओर से मिली जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ निर्वहन करूंगा।

## बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला 2024 का समापन समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** बालिका सशक्तिकरण अभियान कार्यशाला - 2024 समापन समारोह का आयोजन सरगम सभागार एनटीपीसी टांडा अंबेडकरनगर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन तथा परियोजना के कार्यकारी निदेशक ए.के. चट्टोपाध्याय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम बालिक सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत आसपास की प्राथमिक विद्यालय की बीपीएल श्रेणी में आने वाली 40 बालिकाओं ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।इन सभी बालिकाओं को एनटीपीसी परिसर में एक माह आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। एक माह तक चलने वाले इस आवासीय कार्यक्रम में, छात्राओं के लिए प्रारम्भिक शिक्षा, संचार कौशल, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, योग एवं क्रीडा से संबंधित विभिन्न कार्यशालाएं आयोजित कराई गई। साथ ही सामाजिक समानता और सशक्तिकरण के बारे में बालिकाओं को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि द्वारा उपस्थिति प्रतिभागियों को बधाइयाँ दी गई एवं सभी को संबोधित करते हुए कहा की आज के सांस्कृतिक संध्या में बालिकाओं का प्रदर्शन केवल एक छोटा सा उद्धारण है कि वे अपने जीवन में बड़ी उचाइयाँ छूने के लिए सक्षम हैं। इसके साथ-साथ बालिकाओं के माता पिता से आग्रह किया कि वे अपनी बालिकाओं को आगे भी पढ़ने के लिए पूरा प्रोत्साहन प्रदान करें। इस दौरान मौके पर समस्त महाप्रबंधकगण, समस्त विभागाध्यक्षगण एवं कर्मचारीगण, गरिमा महिला मंडल की सदस्य गण उपस्थित रहे।

## निर्धारित समय सीमा के अंदर अपनी आख्या दें अधीनस्थ : एसडीएम



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** सामान्य लोकसभा का चुनाव खत्म हो गया अब सभी अधीनस्थ राजस्व कर्मचारी निर्धारित समय सीमा के अन्दर अपनी आख्या भेजे जिससे समय से पत्रावलियों का निस्तारण किया जा सके। उक्त बातें उपजिलाधिकारी सदर डॉ ललित कुमार मिश्र ने कही वह शनिवार को तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस समाप्त होने के बाद राजस्व कर्मियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने ने कहा कि धारा 24, धारा 80, धारा 116, धारा 30 के पत्रावलियों का समय अन्दर रिपोर्ट आ जाय जिससे अग्रिम कार्यवाही की जा सके। तहसीलदार सदर पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि गांवों के सीमा चिन्हों का सत्यापन, जायद पड़ताल कर अपनी आख्या तत्काल दें। इस अवसर पर नायब तहसीलदार माधुरी यादव, राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद द्विवेदी, गयादीन मौर्य, राजेश गुप्ता, अरुण श्रीवास्तव, अब्दुल कयूम,यशोदा नन्द मिश्र, श्यामनारायन, अशोक श्रीवास्तव, लेखपाल रामकरन गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, अनूप यादव, देवेन्द्र त्रिपाठी, महेन्द्र, अखिलेश यादव, आशुतोष कुमार, अमित, शशांक, विकास, सुबोध, रमेश,बबिता सिंह, श्रद्धा सुमन, प्रीती लता गरिमा आदि की मौजूदगी रही।

## पुलिस ने वांछित को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** ढ़ेबरूआ पुलिस टीम ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय भेज दिया है। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को थानाध्यक्ष शशांक सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा वांछित आरोपी हरिकृष्णा पुत्र रामस्वरूप निवासी सद्करपुर थाना छपिया बाजार जनपद गोंडा, हाल मुकाम लिपिक कार्यालय खंड विकास अधिकारी शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष शशांक कुमार सिंह थाना .का0 शहजाद अली, का0 प्रबल आदि रहे।

## योग दिवस/सप्ताह का हुआ शुभारम्भ



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2024 जिसकी थीम योग-स्वयम् और समाज के लिये निर्धारित है के बृहद / सफल आयोजन हेतु योग सप्ताह 15 जून से 21 जून, तक मनाये जाने हेतु योग सप्ताह शुभारम्भ के अवसर पर शनिवार को प्रातः 6 बजे से 7 बजे तक राजकीय अलंकृत उद्यान पार्क में कुशल योग प्रशिक्षकों द्वारा मुख्य विकास अधिकारी महोदय के नेतृत्व में जनपदीय अधिकारियों/कर्मचारियों / जनप्रतिनिधियों के साथ आमजन मानस ने योगाभ्यास किया तथा योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के विषय पर विस्तृत चर्चा हुयी। जिसमें प्रमुख रूप से मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना निदेशक, वरिष्ठ कोषाधिकारी, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 विजय बहादुर, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आदि लोग सम्मिलित हुये।

# कोर्ट का स्टे नहीं मान रहे दबंग, हो रहा जबरिया कब्जा

- लालगंज पुलिस की मिलीभगत से अवैध कब्जा कर रहे दबंग
- बैनामाशुदा जमीन पर विपक्षी बनवा रहे घर, स्थानीय पुलिस की मिलीभगत का आरोप



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** लालगंज थाना क्षेत्र के उमरिया उर्फ अमिलहा निवासी परशुराम पुत्र रामबली ने विपक्षी निर्मल, रामकरन पुत्र भागीरथी, शेषराम, संदीप पुत्र जगराम, तथा पंकज पुत्र रामकरन द्वारा दबंगई से अपनी जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है।

परशुराम का कहना है कि इस बावत तहसील दिवस में शिकायती पत्र दिया गया, पुलिस क्षेत्राधिकारी द्वारा फोन करने पर विपक्षी निर्माण कार्य कुछ देर के लिये बंद कर देते हैं किन्तु पुनः मनमानीपूर्वक निर्माण शुरू करा देते हैं। मना करने पर वे फौजदारी पर उतर आते हैं।

स्थानीय पुलिस विपक्षी पर दबाव नही बना पा रही है। परशुराम का कहना है कि गांव में डीही आबादी की 100 फिट चौड़ाई व 110 फिट लम्बाई की जमीन है। यह बैनामाशुदा है। सिविल जजज जूनियर डिवीजन बस्ती ने उक्त जमीन पर स्थगन आदेश दिया है, लेकिन पुलिस और विपक्षी दोनो स्थगन आदेश नही मान रहे हैं। परशुराम ने यह भी कहा कि राकमरन थाने पर चौकीदार है, उसी के नाते स्थानीय पुलिस मामले में रूचि नही ले रही है। समय रहते एक्शन नही लिया गया तो विपक्षी दूसरे की जमीन पर अपना मकान खड़ा करने में सफल हो जायेगा और गांव मं इस बात को लेकर दो पक्षों में तान हमेशा बना रहेगा। उन्होने उच्चाधिकारियों से गुहार लगाया है कि मामले में ठोस कार्यवाही कर मौके पर अवैध कब्जा रोकते हुये शांति कायम रखी जाये।

## जनपद में जल्द ही एआईआईएमएस का निर्माण कराया जायेगा : नवनिर्वाचित सांसद

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** नवनिर्वाचित सांसद लालजी वर्मा ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा की जनपद अंबेडकरनगर में विकास के लिए बहुत काम बाकी है उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा की बस्ती टांडा रेलवे लाइन की शुरुवात के साथ जनपद में सेंट्रल स्कूल की स्थापना शुरू की जाएगी। पत्रकारों को संबोधित करते सांसद लालजी वर्मा ने नीट परीक्षा पर सवाल उठाते हुए कहा की बच्चो के भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ कर रही है, उन्होंने कहा की मौजूदा सरकार के समय सबसे ज्यादा एग्जाम की तैयारी करने वाले युवाओं को ठगा जा रहा है। अभी जल्द ही लखनऊ में स्टाफ नर्सो की 400 भर्ती में ज्यादातर 100 से अधिक अभ्यर्थी राजस्थान से आए है। यही नहीं नीट की परीक्षा में 67 बच्चो के टॉपर होने पर भी उन्होंने आश्चर्य चकित होते हुए कहा की आज तक जो नही हुआ है वो इस सरकार में हो रहा है , नीट के लिए 25 लाख बच्चो के भविष्य को अधर में करने के बाद भी सरकार अपनी गलती मानने को तैयार नहीं है। पूर्व में चुनाव पर बोलते हुए लालजी वर्मा ने कहा प्रशासन पूरी तरह से पक्षपात कर रहा था यही नहीं 10 से ऐसी अधिक सीट हैं जहां समाजवादी पार्टी प्रत्याशी जीत सकते थे परंतु प्रशासन की मिली भगत से समाजवादी और कांग्रेस को हरा दिया गया , प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से पूर्व एम एल सी हीरा लाल यादव, रविंद्र सिंह,कमला प्रसाद वर्मा, विधानचंद्र चौधरी, आदि मौजूद रहे।

## सीडीओ ने सुनी लोगों की समस्याएं

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस



तहसील रूधौली में मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मुख्य विकास अधिकारी ने लोगों की समस्याओं को सुना और समय से निस्तारित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद ने भी लोगों की समस्याओं को सुना। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 77 मामलें प्राप्त हुए, जिसमें से 16 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसमें राजस्व विभाग 46, पुलिस 18, विकास 4 पूर्ति एवं कृषि 2-2 तथा अन्य विभागों के 5 मामलें आये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में, सीएमओ डा. रमा शंकर दुबे, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी राजेश कुमार त्रिपाठी, डीपीआरओ रतन कुमार, डीआईओएस जगदीश शुक्ला, बीएसए अनूप तिवारी, गन्ना अधिकारी मंजू सिंह, उद्यान अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार, डीएसओ भानुभाष्कर, पीओ डूडा सुनीता सिंह, तहसीलदार तथा विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# मुक्त विश्वविद्यालय ने आरएएफ जवानों को दिलाई योग की शपथ

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के परिपेक्ष्य में गिनीज वर्ल्ड बुक में रिकॉर्ड बनाने जाने हेतु ऑनलाइन शपथ दिलाए जाने के क्रम में प्रयागराज के फाफामऊ स्थित आर ए एफ की 101 बटालियन के परिसर में इसका आयोजन किया गया। जिसमें आर ए एफ की ओर से डिप्टी कमांडेंट रामचंद्र राम ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार और विश्व योग दिवस 2024 के संयोजक डॉ देवेश रंजन त्रिपाठी का स्वागत करते हुए आर ए एफ परिसर के सभी सदस्यों को मुक्त विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से परिचित कराया गया।

इसी क्रम में मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने सभी जवानों को योग का महत्व समझाते हुए वर्तमान में आयोजित हो रहे ऑनलाइन योग शपथ महा अभियान के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा योग ही एक ऐसा माध्यम है जिससे जीवन में शांति लाई जा सकती है। योग समन्वयक डॉ देवेश रंजन ने उपस्थित सभी प्लाटून कमांडर को विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों की उपयोगिता समझाते हुए ऑनलाइन योग शपथ लिए जाने के विभिन्न चरण समझाए। तत्पश्चात सभी ने सामूहिक ऑनलाइन शपथ ली । सभी प्लाटून कमांडर ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे इस महा अभियान को अपने प्रत्येक जवान तथा पारिवारिक सदस्यों तक पहुंचाने और शपथ दिलाए जाने का संकल्प लिया। अंत में डिप्टी कमांडेंट ने अपने कमांडेंट श्री मनोज एवं कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। डिप्टी कमांडेंट श्री राम ने यह आश्वस्त किया कि भविष्य में भी मुक्त विश्वविद्यालय एवं आर ए एफ संयुक्त रूप से इसी प्रकार से जनोपयोगी कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। इसके साथ ही राजभवन, लखनऊ ने विश्व योग दिवस-2024 के अवसर पर विश्व में सर्वाधिक योग संबंधी शपथ का रिकॉर्ड बनाने के निर्देश मिलने के बाद प्रदेश का एकमात्र मुक्त विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरन्तर शपथ ग्रहण अभियान चला रहा है। नवनियुक्त कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम की अभिप्रेरणा से आज विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने योग शपथ अभियान में बढ़चढ कर भागीदारी की। इसके साथ ही विर्श्विवद्यालय कैम्पस के समीप प्रतिष्ठानों में भी योग शपथ अभियान में विश्वविद्यालय का साथ देने के लिए लोंगो को प्रेरित किया।

## कुलपति ने दिखाई हरी झंडी, दूसरे चरण की परीक्षा सामग्री रवाना

**प्रयागराज।** उ. प्र. राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र जून 2024 की परीक्षाएं प्रदेश के 166 केंद्रों पर विगत 11 जून 2024 से प्रारंभ होकर शांतिपूर्ण ढंग से संचालित की जा रही है। इन परीक्षा केंद्रों में 4 केंद्रीय कारागार भी शामिल हैं। परीक्षा में लगभग 80 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने अगले चरण की परीक्षा हेतु शनिवार को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्थित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सामग्री लेकर जा रही गाड़ियों को ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में परीक्षा को पारदर्शिता पूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न कराने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। विश्वविद्यालय की स्नातक, परास्नातक तथा शेष परीक्षाएं 18 जून से 16 जुलाई तक 2 पालियों में प्रातः 10:00 से 1:00 तथा दोपहर 2:00 से 5:00 बजे तक आयोजित की जाएंगी। भीषण गर्मी एवं लू के प्रकोप को देखते हुए कुलपति के निर्देशों परीक्षा केदो पर पर्याप्त शीतल जल की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

# आतंकवादियों द्वारा जानलेवा हमला निंदनीय: अभाविप

- पाकिस्तान पोषित आतंकवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए कड़े कदम उठाए केंद्र सरकार : याज्ञवल्क्य शुक्ल

**प्रयागराज।** हाल ही में शांतिपूर्ण क्षेत्र जम्मू के अंदर आम नागरिकों एवं सुरक्षा बलों पर आतंकवादियों द्वारा जानलेवा हमले करना अत्यंत निंदनीय एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। जम्मू में आतंकी घटनाओं के विरोध में एबीवीपी लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही है और केंद्र सरकार से जम्मू में शान्ति स्थापित करने की माँग कर रही है। काफ़ी समय के बाद ऐसा देखने को मिल रहा है कि जम्मू जैसे शांतिपूर्ण क्षेत्र में इस प्रकार के आतंकवादी हमले हो रहे हैं। अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री गुलाम मुस्तफा अली ने कहा कि अभाविप केंद्र सरकार से मांग करती है कि जम्मू-कश्मीर में सीमा सुरक्षा तंत्र के साथ-साथ आंतरिक सुरक्षा तंत्र को और कड़ा किया जाना चाहिए, साथ ही क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में भारतीय सेना की उपस्थिति बढ़ाने की जरूरत है। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि पकिस्तान पोषित निर्मम आतंकवादियों द्वारा निर्दोष नागरिकों एवं सुरक्षाबलों पर जानलेवा हमला करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है बल्कि देश की अस्मिता पर भी हमला है। इस प्रकार की कायरतापूर्ण घटनाओं को अंजाम देना अक्षम्य है, केंद्र सरकार को इस विषय में सख्त कदम उठाते हुए ऐसे अपराधियों पर अंकुश लगाना चाहिए। साथ ही जम्मू कश्मीर में ऐसी घटनाओं के कारण विद्यार्थियों को भी बहुत मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के सभी विश्विद्यालयों में भी प्रवेश का कार्य चल रहा है और नेट परीक्षा की तिथि भी दूर नहीं है। ऐसी स्थिति में विद्यार्थी घर से निकलने में डर रहे हैं। अभाविप केन्द्र सरकार से मांग करती है कि त्वरित निर्णय लेते हुए क्षेत्र में शांति बहाली हेतु कड़े कदम उठाते हुए आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

## टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**जौनपुर।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के खानपुर मारुति एजेंसी के पास डीज़ल टैंकर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। सुचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लिया और पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जब कि घायल का उपचार वाराणसी में चल रहा है।

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्धिकपुर ग्राम निवासी रामकेश यादव 50 वर्ष रितिक यादव28वर्ष दोनो शहर किसी काम से आये थे घर जाते समय खानपुर के पास डीजल टैंकर के चैपेट में आगए घाटनस्थल पर रामकेश की मौत हो गई ।रितिक को घायल अवस्था में स्थानिय लोगों और 108 नंबर एंबुलेंस कर्मचारीयों द्वार जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। यहां पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात हालत गंभीर देखकर बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और आगे की कार्यवाही करने में जुट गई।

## एसीए की तीन सदस्यीय प्रोटेस्ट एवं डिसिप्लिन कमेटी का गठन

**प्रयागराज।** इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने तीन सदस्यीय ÷प्रोटेस्ट एवं डिसिप्लिन कमेटी÷ का गठन किया है। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशक आरपी भटनागर ने बताया कि इस कमेटी में देवेश मिश्र (इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व क्रिकेट कोच), अनुराग श्रीवास्तव (एडवोकेट एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व क्रिकेट कप्तान) और सलीम अहमद (अंडर-19 भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी) को शामिल किया गया है। यह कमेटी मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर होने वाली आपत्ति एवं खिलाड़ियों के द्वारा ऑफिशियलों से दुर्व्यवहार पर फैसला लेगी।

## श्री सहायक लाल अंडर-12 क्रिकेट 21 से

**प्रयागराज।** श्री सहायक लाल अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता 21 जून से डॉ. केएन काटजू इंटर कॉलेज मैदान पर शुरू होगी। लीग कम नॉकआउट आधार पर खेली जाने वाली इस प्रतियोगिता में प्रवेश की इच्छुक टीमें हृदय नारायण पाण्डेय (9580070303) अथवा अमर चौधरी (9807757577) से संपर्क कर सकती हैं।

# नुक्कड़ नाटक द्वारा छात्रों ने गैस रिसाव पर बचाव का दिया संदेश



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** सर्वस्य लोक कल्याण स्वैच्छिक संस्था और इण्डेन ऑयल के संयुक्त तत्वावधान में कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रयागराज शहर के करेली, मीरापुर, मुंडेरा, चौक, अल्लापुर, आदि क्षेत्रों में गैस रिसाव के कारण हो रही दुर्घटना से जनमानस को जो हानि हो रही है उस पर नुक्कड़ नाटक द्वारा उसके बचाव पर अच्छी जानकारी दी गई। नुक्कड़ नाटक में इण्डेन आयल द्वारा जारी नंबर 1906 जो कि एक टोल फ्री नंबर है जो ग्राहक के लिए गैस रिसाव की समस्या से निजात दिलाने के 24 घंटे उपलब्ध है। नुक्कड़ नाटक में कलाकार रोहित बाजपेयी, सोनाली शर्मा, रतिभान सिंह, अमन सिंह, शुभम कश्यप, और इण्डेन आयल के अधिकारी समीर शुक्ला, सर्वज्ञ श्रीवास्तव, चन्दन गुप्ता आदि उपस्थित रहें,इन शानदार नुक्कड़ नाटक का निर्देशन पंकज गौड़ ने किया। राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि-कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा ने बच्चों द्वारा गैस रिसाव से होने वाली अग्नि दुर्घटना से बचने के सम्यक उपाय के नाट्य मंचन की सराहना की और कहा इससे समाज में अग्नि से बचाव की सजगता आएगी। सर्वस्व लोक कल्याण स्वैच्छिक संस्था एवं इंडेन आयल को ऐसे सामाजिक सुरक्षा विषयों के नुक्कड़ नाटक हेतु बधाई दी ठीक है ऐसा देशहित कार्यक्रम करते रहें।

## अंश हेला क़े अपहरण क़े बाद हुई हत्या क़े मामले में सपा नेतृत्व ने लिया संज्ञान

**प्रयागराज।** शहर क़े थाना कीडगंज अंतर्गत ओल्ड लश्कर लाइन बैरहना निवासी श्रीमती ज्योति हेला क़े दस वर्षीय पुत्र अर्थ आनंद उर्फ़ अंश हेला क़े अपहरण क़े बाद हत्या कर दिए जाने क़े मामले को सपा नेतृत्व ने गंभीरता से सज्ञान में लिया है। घटना क़े सभी तथ्यों एवं अब तक की हुई पुलिसिया कार्रवाई की जानकारी जुटाने क़े लिये सपा नेताओं क़ा सात सदस्यों क़ा दल रविवार 16 जून को मृतक अंश हेला क़े परिजनों से मुलाक़ात करेगा। ज्ञात हो कि अंश हेला 17 मई 2024 की सायं 7 बजे अपने घर क़े बाहर खेलते हुए गायब हो गया था जिसकी गुमशुदी 18 मई को माता श्रीमती ज्योति हेला द्वारा कीड गंज थाने म दर्ज करा दी गई थी। दु:खद है कि 19 मई 2024को उसकी लाश अंदावा क़े पास एक झाड़ी में बरामद हुई थी। जिसके बाद चार लोगों क़े खिलाफ अपहरण एवं हत्या क़ा मुकदमा दर्ज कराया गया था। दो अभियुक्त जेल में हैं लेकिन अभी तक दो अभियुक्त पुलिस की पकड़ से बाहर हैं जिसमें एक को भाजपा क़ा नेता बताया जा रहा है। सपा क़े प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल द्वारा गठित कमेटी में सपा विधायक संदीप पटेल, पूर्व विधायक हाजी परवेज अहमद, यमुनापार अध्यक्ष पप्पूलाल निषाद एवं उपाध्यक्ष जय शंकर भारतीय शामिल हैं।

# 10 दिवसीय 'अलौकिक दिव्य गुण एवं चरित्र निर्माण' समर कैम्प

अवधनामा संवाददाता

- बच्चें स्वस्थ तो देश स्वस्थ है: पाण्डेय
- प्रतिभागियों, प्रशिक्षणों को गिफ्ट देकर किया सम्मानित

**फिरोजाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वास विद्यालय ज्योति भवन कैला देवी स्थित सेवाकेंद्र पर चल रहें बच्चों का 'अलौकिक दिव्य गुण एवं चरित्र निर्माण' विषय पर समर केम्प का समापन जिला विकास अधिकारी दीक्षा जैन, परियोजना निर्देशक अधिकारी प्रदीप पाण्डेय, सरिता दीदी, कर निर्धारण अधिकारी नीरज पटेल व माथुर वैश्य समाज की जिला महामंत्राणी मधुरमा गुप्ता नें कर किया।

जिला विकास अधिकारी दीक्षा जैन नें बच्चों को अच्छी पढ़ाई करने के लिए मैडिटेशन करने की सलाह दी और मैडिटेशन से होने वाले फायदे बताये। परियोजना निर्देशक अधिकारी प्रदीप पाण्डेय नें कहा कि बच्चों को फ़ास्ट फ़ूड से बचना चाहिए क्योंकि बच्चें स्वस्थ तो देश स्वस्थ है। सभी अथितिगण नें ब्रह्माकुमारीज़ के कार्य की सराहना की।

बच्चों के 10 दिन जो प्रशिक्षण चले आज उसकी कम्पटीशन हुई जिसमे मेंहदी में प्रथम प्रांशी प्रजापति द्वितीय रानी प्रजापति तृतीय मानवी जोशी, पेंटिंग में आदर्श राजपूत द्वितीय अभिनव तृतीय अंश रंगोली, लेखन में प्रथम भव्या द्वितीय प्रगति सिंह तृतीय हर्ष राठौर, डांस में प्रथम निकिता उपाध्याय द्वितीय आनंदी सविता तृतीय वर्षा राठौर, क्राफ्ट में प्रथम कृष्णा द्वितीय उत्कर्ष तृतीय सार्थक, रंगोली में प्रथम नीतू ठाकुर, द्वितीय अंकांक्षा यादव, तृतीय मानसी उपाध्याय रहीं।

प्रतियोगिता के बच्चों को सर्टिफिकेट और गिफ्ट वितरण किया और प्रशिक्षण शिक्षकों को बुक और गिफ्ट देकर सम्मानित किया। अन्य बच्चों व अभिभावको को मिस्ठान वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण देने वाले शिक्षक अनिल शर्मा, मीनू अरोरा, अंजना गुप्ता, सुनीता अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, सुमन राठौर एवं सेंटर की बहने और अन्य भाई बहन मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## जैविक जागरूकता कार्यक्रम संपन्न



**प्रयागराज।** सी एम पी कॉलेज प्रयागराज के जंतु विज्ञान विभाग में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद , उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा वित्त पोषित नेमाटोड्स आर यूसिंग एस ए बायोमॉनिटरिंग एनालाइज सॉइल हेल्थ स्टेटस आफ रिवर गंगा एण्ड यमुना एट प्रयागराज नामक परियोजना के अंतर्गत दारागंज क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आज संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में परियोजना की मुख्य अन्वेषिका डॉक्टर हेमलता पंत असिस्टेंट प्रोफेसर, जंतु विज्ञान विभाग, सी एम पी पी जी कॉलेज प्रयागराज ने बताया कि ज्यादातर नेमाटोड हानिकारक होते हैं जो पौधों, मनुष्यों एवं पशुओं को हानि पहुंचाते हैं लेकिन कुछ सूत्रकृमि लाभदायक भी होते हैं। जो मृदा की गुणवत्ता को बढ़ाने का कार्य भी करते हैं। हमें ऐसे ही लाभदायक सूत्रकृमियों को खोजने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में कुमारी निधि गुप्ता जे आर ए (यू पी सी एस टी प्रोजेक्ट) में कुछ सूत्रकृमियों एवं उनके होने वाले हानि के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में 50 किसान उपस्थित थे।

## साहित्यांजलि प्रकाशन द्वारा पत्रकार साहित्यकार उमेश चन्द श्रीवास्तव सम्मानित




**प्रयागराज।** साहित्यांजलि प्रकाशन के तत्वावधान में सिबिल लाइन्स स्थिति कार्यालय में साहित्यकार श्याम फत्तनपुरी की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान कार्यक्रम में प्रतिष्ठित पत्रकार शहर समता समाचारपत्र के संपादक उमेश श्रीवास्तव को अंग-वस्त्र एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेन्द्र कुमार मिश्र विश्वबन्धु ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन साहित्यकारों में उमंग-उल्लास का संचार करते हैं। उक्त अवसर पर एक काव्य-गोष्ठी आयोजित हुई। प्रकाशन के प्रोपराइटर डाज़्भगवान प्रसाद उपाध्याय ने कार्यक्रम का संचालन किया।प्रदीप सिंह पत्रकार ने समस्त साहित्यकार बन्धुओं का शब्द-सुमनों से स्वागत तथा डाज़्रामलखन चौरसिया ने आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कवि शम्भूनाथ श्रीवास्तव शम्भु, वरिष्ठ फोटोग्राफर अरविंद मालवीय, वरिष्ठ शायर अजय मालवीय, कवि रजनीश पांडेय रायबरेली एवं कवि पंज़्राकेश मालवीय उपस्थित रहे।

## दि फ़िफ्त पिलर क्लब दस विकेट से जीता

**प्रयागराज।** दि फ़िफ्त पिलर क्लब ने अभ्युदय यूथ प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता में रामबाबू पाल क्लब को दस विकेट से हराया। सीएवी कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में रामबाबू पाल क्लब ने 34.5 ओवर में 140 रन (शौर्य प्रताप सिंह 40, दीपांशु 37, युवराज 4/24, अनिल 2/19, अनिक सिंह 2/44) बनाये। जवाब में दि फ़िफ्त पिलर क्लब ने 7.2 ओवर में बिना विकेट खोए 143 रन (अंश यादव 71 नाबाद, आदित्य वर्मा 69 नाबाद) बना लिए।

# जन शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं: डीएम

अवधनामा संवाददाता



- अधिक समय तक शिकातय लम्बित रही तो होगी कार्यवाही
- प्रत्येक जरुरतमंद को न्याय दिलाना और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना शासन की प्राथमिकता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद की दूरस्त तहसील मड़ावरा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बारी-बारी शिकायतकर्ताओं को अपने समक्ष बुलाकर उनकी समस्याएं सुनी और आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार आमजन की सुविधा एवं उनकी समस्याओं के त्वरित गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक तहसील में पहले व तीसरे शनिवार को किया जाता है, जिसमें समस्त विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन के जीवन से जुड़ी छोटी-बड़ी समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित कराते हैं, इससे लोगों को दूरस्त ग्रामों से जनपद मुख्यालय आकर परेशान नहीं होना पड़ता है। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि चुनाव खत्म हो चुका है, अब पूर्व की भांति पुनः एक्शन मोड में कार्य करें, कोई भी शिकायत अधिक समय तक लम्बित नहीं रहनी चाहिए, यदि ऐसा हुआ तो सम्बंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसलिए पूरी गंभीरता एवं तत्परता के साथ शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करायें। तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 88 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 44, विकास विभाग के 11, पुलिस विभाग के 08, पूर्ति के 11, चकबंदी केके 02, विद्युत के 05, सिंचाई विभाग के 06 तथा अन्य 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 12 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 39 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, राजस्व के 20, पुलिस का 01, विद्युत 03 तथा अन्य विभागों के 15 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 04 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 88 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 30, पुलिस विभाग के 09, विकास के 04, पूर्ति के 11, विद्युत के 04, चकबंदी के 21, नगर पंचायत के 02 तथा अन्य 07 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 13 का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 46 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 32, पुलिस के 03, चकबंदी के 09, विद्युत विभाग का 01 तथा विकास विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

# भागवत कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** विकास खंड शाहगंज के ग्राम धौरईल चल रही भागवत कथा में कथा वाचक व्यास अखिलेश चंद्र मिश्र के मधुरवानी से कथा को श्रवण कर सभी क्षेत्र वासी आह्लादित हो भाव विभोर उठे मधुर कथा का प्रभाव इस कदर रहा की चिलचिलाती गर्मी में भी ग्रामीण क्षेत्र होने के बावजूद दो से तीन हजार की संख्या में श्रोता प्रत्येक दिन डटे रहे ।कथा के अंतिम दिन वरिष्ठ भाजपा नेता जिला शांति समिति के सदस्य यादवेंद्र प्रताप मिश्र एडवोकेट ने व्यास पीठ पर बैठे कथा वाचक अखिलेश चंद्र मिश्र को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया साथ में सहायक के रूप में अन्य आचार्य गण को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कथा के अंत में सभी श्रोता गण एवम् कथा में लगे सभी सदस्यो को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र मिश्र,संजय मिश्र,राहुल सिंह,मंगला उपाध्याय,उपेंद्र तिवारी,योगेश मिश्र, रवि गुप्ता,दिनेश उदित नारायण मिश्र आदि सम्मानित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# चौधरी नौनिहाल और फाफामऊ क्लब फाइनल में

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** चौधरी नौनिहाल सिंह क्रिकेट क्लब ने भानु प्रताप सिंह क्लब को 66 रन और फाफामऊ क्लब ने होटल रामा कॉन्टिनेंटल को सुपर ओवर में हराकर न्याज़ हसन टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में जगह बना ली है।

केपी कॉलेज मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 159 रन (शिवाकांत शुक्ला 55, अभिषेक यादव 46, दिव्यांश यादव 2/15) बनाकर भानु प्रताप सिंह क्लब को 17.2 ओवर में 93 रन (विभव कुशवाहा 42, अभिषेक यादव 2/02, अमर चौधरी 2/20, शुभ शर्मा 2/29) पर समेट दिया। मैच में अंकित तिवारी व ताहिर अब्बास अंपायर और प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे।

खेलगांव पब्लिक स्कूल मैदान पर फाफामऊ क्लब ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 178 रन (सौरभ त्रिपाठी 65, अनुज सिंह परिहार 61, ध्रुव प्रताप सिंह 27 नाबाद, सक्षम अवस्थी 3/20) बनाये। जवाब में होटल रामा कॉन्टिनेंटल ने भी 20 ओवर में 9 विकेट पर 178 रन (राहुल राजपाल 65, अंकित यादव 40, सौरभ प्रताप सिंह 34 नाबाद, विपिन चंद्रा 3/42, दिव्य प्रकाश 2/25, ध्रुव प्रताप सिंह 2/38) बनाये। मैच टाई होने पर सुपर ओवर हुआ जिसमें होटल रामा कॉन्टिनेंटल ने आठ रन बनाए और फाफामऊ क्लब ने 10 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व हितेश श्रीवास्तव अंपायर और अंकित पाण्डेय स्कोरर रहे।

फाइनल मुकाबला रविवार (16 जून) को दोपहर 2 बजे से होगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. उमर मुस्तफा हसन शाम पांच बजे पुरस्कार वितरित करेंगे।

# 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन हेतु हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता




- स्कूली बच्चों, अभिभावकों, स्वयंसेवी संस्थाओं सहित आमजन को योग से जोडऩे के निर्देश

**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद में दशम् अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 15 से 21 जून तक जनपद मुख्यालय सहित समस्त विकास खण्डों एवं नगर पालिका/नगर पंचायत में योगाभ्यास कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों हेतु समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने शासन की मंशा के अनुरूप दशम् अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 15 से 21 जून तक पूरे एक सप्ताह को योग सप्ताह के रूप में मनाए जाने से संबंधित सभी तैयारियों/गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग इस संबंध में अपने-अपने विभाग से संबंधित माइक्रोप्लान तैयार कर योग सप्ताह को वृहद स्तर पर सफल बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इसमें मा0 जनप्रतिनिधिगणों की उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि योग सप्ताह मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब आम जनमानस में करें योग-रहें निरोग का भाव समझते हुए लोग योग को अपनी जीवन शैली में एक निरंतर प्रक्रिया के रूप में अपनाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके प्रति लोगों को उत्साहित एवं प्रेरित किया जाए जिससे लोग योगाभ्यास को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए निरंतर योग्य अभ्यास करें और अपना जीवन स्वस्थ एवं सुखी बनाएं। उन्होंने कहा कि योग सप्ताह के दौरान आयोजित होने वाले समस्त योगाभ्यास कार्यक्रमों को आयुष कवच एप पर अपडेट किया जाए तथा आयुष कवच एप के बारे में लोगों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से अवगत कराते हुए इसके उपयोग के प्रति जन सामान्य को जागरूक किया जाए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि इस संबंध में जिला स्तरीय समिति का भी गठन कर लिया जाए, आयोजित होने वाले योगाभ्यास कार्यक्रमों का फोटोग्राफ्स अवश्य बनाया जाए, इसके लिए एक नोडल अधिकारी भी नामित कर दिया जाए। आवश्यकतानुसार योग के प्रति लोगों में उत्साह एवं प्रेरणाओं का फीडबैक लेने एवं समय-समय पर उन्हें योग के फायदे को बताने तथा जागरूक करने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया जा सकता है। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आगामी 21 जून 2024 को पुलिस लाइन प्रांगण में आयोजित होने वाले बृहद योगाभ्यास कार्यक्रम को आयोजित करने कराए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पुलिस लाइन प्रांगण में आयोजन से सम्बंधित समस्त व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, जिला क्रीड़ाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि योग साधकों, विशिष्ट अतिथियों, महिलाआओं, बच्चों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, कहीं कोई अव्यवस्था न हो। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थलों पर साफ सफाई, दुरुस्त किया जाए, शौंचालय की व्यवस्था होनी चाहिए, पीने के पानी की भी व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर कराए जाने के निर्देश दिये गये।

# योग द्वारा एकाग्रता बढ़ाएं एवं तनाव कम करें

अवधनामा संवाददाता

**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद के जंतु विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्री-योग प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पर आज प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विभाग हेमवती नंदन बहुगुणा विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल के मिस प्रेरणा त्यागी और मिस्टर ईशान चौहान ने विद्यार्थियों को एकाग्रता बढ़ाने और तनाव दूर करने के लिए योग पर व्याख्यान दिया, और उन्हें त्राटक, सूर्य नमस्कार, भ्रामरी, और ओम उच्चारण जैसे महत्वपूर्ण अभ्यास भी कराए गए। इन अभ्यासों ने छात्रों को मानसिक शांति और शारीरिक स्फूर्ति प्रदान करने में मदद की। साथ ही, युवाओं को नशे से दूर रहने और तनाव प्रबंधन के लिए योग अभ्यास के महत्व पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक सचिव जिला नोडल अधिकारी फ़िरोजाबाद डॉ. एम.पी. सिंह ने बताया कि छात्र-छात्राएं योग के नियमों का अनुसरण करें और स्वस्थ रहे, तनाव दूर होगा, सकारात्मक सोच पैदा होगी। संयोजक प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार वॉलिंटियर्स को धन्यवाद दिया एवं अतिथि वक्ताओं का स्वागत किया। इस योग सप्ताह का उद्देश्य छात्रों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करना और उन्हें योग के महत्व से अवगत कराना है। कार्यक्रम को छात्रों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि इस प्रकार के आयोजन उनकी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक हो रहे हैं। योग (ल्वहं) को अपनाने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक विकास भी होता है। यहाँ कुछ महत्वपूर्ण योग टिप्स हैं जो आपके योग अभ्यास को अधिक प्रभावी और आनंददायक बना सकते हैं।

# अयोध्या में शिक्षकों का दो दिवसीय चिन्तन शिविर संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** अयोध्या जनपद में चल रहे उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट का दो दिवसीय ग्रीष्मकालीन चिन्तन शिविर का समापन हो गया। शिविर में शिक्षकों की समस्याओं से सम्बंधित कई प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गये।

शिविर के समापन पर संगठन के प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व एमएलसी प्रत्याशी राजीव यादव ने कहा कि अयोध्या में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट द्वारा आयोजित दो दिवसीय ग्रीष्मकालीन चिन्तन शिविर में सहायता प्राप्त माध्यतिक विद्यालयों के राजकीयकरण, सेवा सुरक्षा की धारा 21 बहाल करने, प्रवक्ता पद पर पदोन्नति शुरू करने, तदर्थ प्रधानाचार्यों को वेतन देने, आनलाइन स्थानांतरण शुरू करने, ग्रीष्मावकाश की जगह अन्य कर्मचारियों की भाँति अर्जित अवकाश प्रदान करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, वित्तविहीन शिक्षकों की सेवा नियमवाली बनाने, आनलाइन स्थानांतरण शुरू करने, कार्यालयों में सिटीजन चार्टर लागू करने, प्रधानाचार्य पदों पर भर्ती लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर कराये जाने, शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा प्रदान करने, नई शिक्षा नीति के आलोक में विद्यालयों की कार्यावधि बढ़ाने के बाद पॉच दिवसीय कार्यदिवस लागू करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

चिंतन शिविर में पास किये गये प्रस्तावों को शीघ्र ही मुख्यमंत्री को सौपा जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष सोहनलाल वर्मा ने राजकीयकरण सहित विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए 24 जून को माध्यमिक शिक्षा निदेशालय पर विशाल प्रदर्शन करने की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में आयोजक मण्डल के पदाधिकारियों को श्री वर्मा ने सम्मानित किया गया।

चिंतन शिविर में संरक्षक डा0हरि प्रकाश यादव, प्रदेश प्रवक्ता श्रवण कुशवाहा, कोषाधक्ष बिजेन्द्र कुमार, आय व्यय निरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश मंत्री सदीप शुक्ल, उपाध्यक्ष उपेन्द्र वर्मा, पवन यादव, मैनुद्दीन अंसारी, तीर्थराज, विजय जायसवाल, जिलाध्यक्ष जेपी मौर्य सहित सुरेश पासी, रविन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र यादव, बिरजू सरोज, मो सद्दाम, उमेश पासवान, आर एल गौतम, अमित चौधरी, अशोक यादव, कुंवर सिंह, विनोद कुमार, अरविंद यादव सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

## राम के कार्य मै समर्पित कार्यकर्ता चुनाव हारे ये चिंता का विषयः साक्षी

**वृंदावन (मथुरा)।** भाजपा के सात बार से सांसद स्वामी साक्षी महाराज शुक्रवार को धर्म नगरी वृंदावन पहुंचे। यहां पर परिक्रमा मार्ग स्थित अपने आश्रम पर साक्षी महाराज ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुझे भगवान बांकेबिहारी, राधारानी, श्रीराम और ब्रजवासियों का आशीर्वाद मिला है।

उन्होंने कहा कि सबसे पहले मथुरा से चुनाव जीता और फिर लगातार बड़े-बड़े नेताओं की जमानत जब्त कराकर सात बार सांसद बना, जोकि किसी अदृश्य शक्ति की कृपा मुझ पर है, वहीं उन्होंने अयोध्या से भाजपा की हार पर बोला कि मैं समझता हूं अयोध्या पर विकास नहीं जातिवाद ने चुनाव जीता है।

# मथुरा में प्रारंभ हुआ योग सप्ताह

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जनपद में 21 जून को मनाए जाने वाले विश्व योग दिवस से पहले योग सप्ताह की शुरुआत की गई। मथुरा मैं 15 से 21 जून के मध्य योग सप्ताह का शुभारंभ मथुरा के जवाहर बाग मै किया जा रहा है। जिसमें योग के माध्यम से शरीर को किस प्रकार स्वस्थ रखें इसकी जानकारी दी जा रही है। आयुर्वेद विभाग के चिकित्सा अधिकारी डाक्टर गोपाल सिंह ने बताया कि योग सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम योग स्वयं और समाज के लिए रखी गई है। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि इस बार योग दिवस के कार्यक्रम कॉलेज, यूनिवर्सिटी, आंगनबाड़ी केंद्र, के साथ साथ हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर , योग सेंटर, मंदिर, तहसील, ब्लॉक पंचायत, पार्क, मै ट्रेंड योगा कोऑर्डिनेटर द्वारा अभ्यास कराया जायेगा। योग सप्ताह के प्रथम दिन जिलाधिकारी मथुरा शैलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि योग दिवस और उससे पहले योग दिवस सप्ताह को पूरी उमंग से मनाया जाए। उन्होंने सभी की सहभागिता के लिए प्रचार प्रसार के व्यापक इंतजाम करने के लिए कहा। सभी प्रमुख स्थानों पर लोगों को योग की व्यवस्था की जाय, तहसील ब्लाक स्तर पर भी इंतजाम किया जाय। इस कार्यक्रम की सफल बनाने के लिए कई अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। शनिवार से शुरू हुए योग सप्ताह की शुरुआत मथुरा के जवाहर बाग से हुई। योग प्रशिक्षक द्वारा अधिकारी जनप्रतिनिधि और पार्क में टहलने वाले लोगों को निरोगी रहने के लिए योग के विभिन्न आसान सिखाए गए।

मथुरा वृंदावन नगर निगम योग दिवस का कार्यक्रम सात अलग-अलग स्थान पर कराएगा। जिसमें सात अलग-अलग स्थान के लिए सात अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जो योग सप्ताह के कार्यक्रम के लिए योग प्रशिक्षण स्थल की साफ सफाई, पानी की व्यवस्था देखेंगे। जवाहर बाग के अलावा श्री कृष्ण जन्म भूमि, गांधी पार्क, भगत सिंह पार्क, बंगाली घाट, वृंदावन के केशी घाट पर भी योग सप्ताह की शुरुआत की गई।

# युवा इकाई ने किया संतोष चौहान का सम्मान



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष शसंतोष सिंह चौहान के 4 वर्ष पूर्ण होने पर युवा नगर कार्यालय पर अजय कुमार गुप्ता के द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान को फूल मालाओं से लाद कर सभी व्यापारियों ने स्वागत किया सभी व्यापारियों ने ऐसे ही कुशल नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिए व्यापारियों ने आभार व्यक्त किया इस अवसर पर युवा शहर अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि परसों में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने जनपद में अपनी 111 इकाइयां समस्त नगर बा कस्बाहो में गठित की है सम्मान करने वालों में संरक्षक एमपी सिंह तोमर संरक्षक हरि गोपाल शुक्ला जिला उपाध्यक्ष मुन्ना चौहान जिला उपाध्यक्ष लालजी पोरवाल नगर उपाध्यक्ष राजीव पाल जिला उपाध्यक्ष बंटू यादव जिला उपाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा नगर उपाध्यक्ष विनीत पांडे युवा जिला महामंत्री रिंकू यादव जिला अध्यक्ष महेवा अनिल भदौरिया जिला उपाध्यक्ष गोरखनाथ वर्मा जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र राजावत युवा नगर उपाध्यक्ष अंकुर शाक्य चितभवन अध्यक्ष शकीला बेगम भवनअंजू वर्मा मंजू यादव रजनी गोयल मंजू तोमर आदि लोग सम्मिलित हुए।

# दुवासुः जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में विचार विमर्श मंथन सत्र आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ-अनुसंधान संस्थान, मथुरा के जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा दिनांक 15 जून 2024 को एक विचार-मंथन सत्र का आयोजन विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में ÷वन हेल्थ फॉर फूड सिक्योरिटी÷ पशुओ के टीकाकरण में उन्नतिया÷ विषय पर आयोजित किया गया। विचार मंथन सत्र, में पशुओं के टीकाकरण में उन्नतियों के माध्यम से खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देने के विषय पर महत्वपूर्ण चर्चाओं को एकत्रित किया गया। इस दौरान विभिन्न शोध संस्थानों के प्रसिद्ध वैज्ञानिक एकत्रित हो कर, विचारों का विनिमय करने और पशु स्वास्थ्य प्रबंधन को प्रभावी परिवर्तन लाने के लिए सत्र के मुख्य वक्ताओं के द्वारा व्याख्यान, पैनल चर्चा तथा गतिशील कार्यशाला आयोजित की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में वन हेल्थ फॉर फूड सिक्योरिटी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा के साथ-साथ पोषण सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने बताया कि ÷अनसेफ फूड का मतलब नो फूड÷ है जिसमें मुख्य चुनौती बीमारियों को नियंत्रित करना है। बीमारियों को नियंत्रित करने में टीकाकरण का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आमंत्रित विशेषज्ञ, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के पूर्व कुलपति/निर्देशक, डॉ. आर. के. सिंह; भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहायक महानिदेशक, पशु विज्ञान, डॉ. अशोक कुमार, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, मुक्तेश्वर के संयुक्त निदेशक, डॉ. वाई.पी.एस. मलिक; अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय विश्वविद्यालय, झांसी के डॉ. बी.पी. सिंह; पूर्व प्रधान वैज्ञानिक, पशु विज्ञान, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, डॉ ज्योति मिस्त्री; प्रधान वैज्ञानिक, जैविक उत्पाद, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जत नगर, बरेली के डॉ. बब्लू कुमार रहे। सत्र को संबोधित करते हुए, प्रोफेसर श्रीवास्तव ने कहा कि हमें नए अनुसंधान एवं वैक्सीन उत्पादन के साथ-साथ किसानों को टीकाकरण करने हेतु जागरूक करने की आवश्यकता है। साथ ही साथ वैक्सीन के नियमित रूप से आपूर्ति भी निश्चित सुनिश्चित करनी होगी। इस अवसर पर अधिष्ठाता पशु चिकित्सा संकाय, प्रोफेसर विकास पाठक ने वन हेल्थ फॉर फूड सिक्योरिटी विषय पर चर्चा करते हुए संतुलित भोज्य पदार्थ तथा उनके उपयोग के बारे में विस्तृत चर्चा की। आयोजक सचिव,अधिष्ठाता जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, प्रोफेसर रश्मि सिंह ने बताया कि सत्र वैश्विक खाद्य सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सहयोगी प्रयासों के प्रति हितकर सिद्ध होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव, प्रोफेसर अरुण कुमार मदान, निदेशक शोध, प्रोफेसर विनोद कुमार, प्रोफेसर अतुल प्रकाश, प्रोफेसर देश दीपक सिंह, डॉ बरखा शर्मा, डॉ. उदित जैन, डॉ. नीरज कुमार गंगवार, डॉ. राहुल सिंह आर्य, डॉ. अजय प्रताप सिंह सहित विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## भाषा विश्वविद्यालय में हुआ कैंपस प्लेसमेंट

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों के लिए कैंपस प्लेसमेंट द्रीवेबका आयोजन किया गया। बतादें कि इंजीनियरिंग संकाय के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के बी0टेक0 के 05 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ। इन पांच छात्रों का चयन मनास सॉल्यूशंस प्रा0 लि0, गुरूग्राम कम्पनी द्वारा किया गया है। छात्रो का चयन 4.10 लाख रूपये वार्षिक वेतन के अनुबंध पर कम्पनी द्वारा किया गया है। छात्रों के चयन होने के अवसर पर खूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के माननीय कुलपति प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह ने चयनित सभी छात्रों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मिथिलेश दीक्षित के नाम से ग्रन्थालय एवं संग्रहालय स्थापित होगा

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** डा. मिथिलेश दीक्षित ग्रन्थालय एवम संग्रहालय होगा स्थापित माँ रुद्राणी धाम रुरिया स्थिति स्वदेशी समाज सेवा समिति के सौजन्य से स्थापित पर्यावरणीय एवं आध्यात्मिक वन में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.मिथिलेश दीक्षित के नाम से ग्रन्थालय एवं संग्रहालय स्थापित होगा। समिति के सरंक्षक सदस्य एवं पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक डॉ.कैलाश चंद्र यादव व संस्थापक सचिव विवेक यादव रुद्राक्ष मेन ने जानकारी दी हैं। उन्होंने बताया कि डॉ.मिथिलेश दीक्षित द्वारा लिखी गयी अस्मिता, अक्षत, सार्थक संवाद, परिसंवाद, साहित्य और संस्कृति, आस्थावाद अन्य निबंध, अमरबेल, एक पल के लिए सिन्धु सीपी में , आशा के बीज, बोलती यादे, लहरों पर धूप, रेशम के दिन, सदी के प्रथम दशक के हिन्दी हाइकु काव्य, हिन्दी हाइकु-सन्दर्भ एवम विमर्श, यादों के साये, स्वर विविध क्षणबोध आदि 75 पुस्तके प्रकाशित हो चुकी हैं। डॉ.दीक्षित का मूल्य परक चिन्तन हैं और मानवतावादी लेखक, चिन्तक और समाजसेवी हैं। पर्यावरण पर विशेष लेखन और प्रदेय है। इसलिए डॉ. दीक्षित के प्रदेय और लेखन को सुरक्षित रखने तथा नयी पीढ़ी को संस्कारित करने के लिए संस्था ने यह संकल्प लिया है।

# अनुबंधित बस संचालकों की गुटबाजी से अराजकता का माहौल

अवधनामा संवाददाता

- कार्यवाही के डर से चालक बसों को बाहर की लगाते हैं
- टैक्स चोरी के माल और मादक पदार्थों की होती है तस्करी

**मथुरा।** कान्हा की नगरी मथुरा में पुराना सरकारी बस स्टेशन पूर्ण सुविधायुक्त और यात्रियों के लिए पर्याप्त संसाधनों से परिपूर्ण है नए बस स्टेशन के बनने के बाद से इस बस स्टेशन से हाथरस अलीगढ़ मेरठ के लिए रोडवेज बसों का संचालन होता है दूसरी तरफ दर्जन भर अनुबंधित बसें भी इस बस स्टेशन से गंतव्य के लिए जाती हैं अनुबंधित बस संचालकों के आधा दर्जन गुट बनें हुए हैं। जिनकी गुंडागर्दी से विभागीय अधिकारी और कर्मचारी भयभीत रहते हैं वही अराजकता का माहौल बना हुआ है अनुबंध बस संचालक बस के अंदर स्टेफनी (स्टोर ) में मथुरा से पूजा पाठ का और अन्य सामग्री टैक्स चोरी कर ले जाने के काम में लगे हुए हैं वहीं दूसरी जगह से मादक पदार्थों को लाने का काम इन्ही अनुबंधित बसों के माध्यम से किया जाता है। जानकारी के अनुसार शहर के मध्य थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुराना रोडवेज बस स्टैंड है जहां से अलीगढ़ हाथरस रूट के लिए सरकारी बसों का आवागमन होता है इन्हीं के साथ रोडवेज से अनुबंधित बसों का संचालन होता। अनुबंध की शर्तो के अनुसार कोई भी अनुबंधित बस का मालिक या उसका व्यक्ति बसों के संचालन में कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकता है रोडवेज और अनुबंधित बसों के संचालन की जिम्मेदारी अधिकारी और कर्मचारियों की होती है। मथुरा में अनुबंधित बसों के मालिकों के द्वारा अनुबंध की शर्तों के विपरीत चलते हुए अपनी बसों में सवारियों को बिठाने के लिए बाउंसर और नामित व्यक्तियों को छोड़ रखा है जो जबरदस्ती और बाहुबल के आधार पर अनुबंधित बसों में सवारियों को भरते देखे जा सकते हैं। इन अराजक तत्वों की वजह से रोडवेज बसों के चालक परिचालक और कर्मचारी अधिकारी भयभीत रहते हैं। बताया जाता है अनुबंधित बसों के अनाधीकृत व्यक्ति रात 2:00 बजे से ही आकर जम जाते हैं जब के नियमानुसार सभी बसों को स्टेशन के अंदर जाकर नियत स्थान पर खड़े होकर सवारियों को भरना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं होता है जबरन स्टेशन के बाहर बगलामुखी मंदिर के सामने बसों को लगाकर उसमें सवारियों को भरा जाता है इस दौरान सवारी के साथ भी अभद्रता का व्यवहार किया जाता है पुराना बस स्टेशन पर होने वाली गैर कानूनी नियम विरुद्ध गतिविधियों को लेकर शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। सूत्रों के अनुसार उत्तर प्रदेश परिवहन निगम से अनुबंधित बस संचालक बसों में सवारी के अलावा टैक्स चोरी कर पूजा पाठ में काम आने वाले बर्तन, मूर्तियां और मुकुट पोशाकों को ले जाया जाता है।

# गाँधी भवन सभागार में हुआ योग सप्ताह का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** 15 जून से 21 जून तक चलने वाले योग सप्ताह का शुभारंभ आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने गांधी भवन सभागार में दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही सभी तहसील और ब्लॉक मुख्यालय पर भी योग सप्ताह का शुभारंभ किया गया। गांधी भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, उप कृषि निदेशक डॉ नंदकिशोर, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी आशा रावत, क्षेत्रीय होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी और अन्य अधिकारी कार्मिक और नागरिक उपस्थित रहे। पतंजलि योगपीठ के योग शिक्षक हरिवंश सिंह ने सभी को योग कराया। डीएम साहब ने सभी को करें योग रहे निरोग के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा सभी ग्राम पंचायत, ब्लॉक, तहसील और जनपद में आज से 21 जून तक सुबह योग सप्ताह मनाया जाएगा। सभी जनपद वासी योग की शिक्षा लें योग करें और अपना और अपने परिवार जनों का स्वास्थ्य बेहतर करें। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर पूरे देश और विश्व में योग के प्रति स्वास्थ्य के प्रति चेतना जागरूकता आ रही है। उन्होंने बताया कि 21 जून को स्पोर्ट्स स्टेडियम हरदोई में बहुत बड़े स्तर पर सुबह 5.30 बजे से योग दिवस समारोह का आयोजन होगा।

# अनुप्रिया पटेल के केन्द्रीय मंत्री बनने की खुशियाँ इटावा कार्यकारिणी ने मनाई

- अनुज कुमार यादव ने अपना दल एस में आस्था जताते हुए सदस्यता गृहण की

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** लगातार तीसरी बार केन्द्रीय मंत्री बनी माननीय अनुप्रिया पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष अपना दल(एस)को स्वास्थ और परिवार कल्याण एवं केमिकल और फर्टिलाइजर केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार बनने पर इटावा कार्यकारिणी ने खुशियाँ मनायी। अपना दल एस की समीक्षा बैठक की शुरुआत अखण्ड भारत के शिल्पी सरदार बल्लभ भाई पटेल जी एवं अपना दल के संस्थापक यशःकायी डा0 सोनेलाल पटेल जी के चित्र में माल्यापर्ण कर प्रारम्भ हुए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राहुल पाल ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप मे डा0हरीशंकर पटेल ÷सदस्य÷राष्ट्रीय कार्यकारिणी रहे। बैठक जिला उपाध्यक्ष हरिओम सिंह चौहान के निज आवास पंजाबी कॉलोनी, करम गंज में सम्पन्न हुई। बैठक में अपना दल(एस) के विस्तार पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई इसी कड़ी मे हरिओम सिंह चौहान जिला उपाध्यक्ष के द्वारा अपना दल एस में आस्था रखने वाले अनुज कुमार यादव को पार्टी का सदस्य बना अपना दल एस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डा0 हरीशंकर पटेल ने माल्यार्पण कर पार्टी की सदस्यता गृहण करायी तथा माननीय अनुप्रिया पटेल के केन्द्रीय मंत्री बनये जाने पर 5 सफदर जंग दिल्ली पहुँच कर स्वागत करने की चर्चा हुयी। बैठक में जिला उपाध्यक्ष हरिओम सिंह चौहान, जिला महासचिव राजेश पटेल, डा0सुधीर सविता, जिला सचिव अरूण दुबे, जिला कोषाध्याक्ष दीपक सविता, कबिता वर्मा जिलाध्यक्ष महिला मंच, सन्दीप सिंह जिलाध्यक्ष युवा मंच , अवधेश कुमार पटेल जिलाध्यक्ष व्यापार मंच, रविन्द्र सिंह जाटव जिलाध्यक्ष एसीएसटी मंच जसवीर सिंह जिला महामंत्री एससीएसटी मंच, कार्यकारिणी सदस्य अनुपम पटेल, राहुल श्रीवास्तव आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# अनिरुद्धाचार्य के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होः रमेश सैनी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रमेश सैनी के नेतृत्व में कथित भागवताचार्य अनिरुद्धाचार्य गौरी गोपाल आश्रम परिक्रमा मार्ग थाना कोतवाली मथुरा वृंदावन द्वारा अयोध्या लोकसभा चुनाव 2024 में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी की जीत को भागवत कथा के दौरान व्यास की गद्दी से सैंकड़ों भक्तों को अपने प्रवचन से समूचे अयोध्या वासियों सहित देश के करोड़ों लोगों को अधर्मी, मंथरा, शकुनी, जयचन्दों की जीत बताकर पिछड़े, एससी, एसटी, व भारत के सम्मानित मतदाताओं का सरेआम अपमान कर अभद्र भाषा का प्रयोग करने वाले के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने व कठोर कार्रवाई करने को लेकर जिलाधिकारी मथुरा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मथुरा के नाम खुला मांग पत्र ब्यान की वीडियो की पेनड्राइव सहित एसडीएम रजत कुमार को सोंपा। इस दौरान समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि भागवताचार्य अनिरुद्धाचार्य पर संविधान का उल्लंघन सामाजिक सौहार्द एवं परम् धाम अयोध्या सहित करोड़ों मतदाताओं का अपमान करने व समाज में बुराइयों के प्रतीकों से तुलना करने के कारण अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार के निवारण अधिनियम के अंतर्गत जांच कर प्रभावी कार्रवाई हो कथित भागवताचार्य अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ साइबर क्राइम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर करवाई हो मुकदमा दर्ज न होने पर समाजवादी पार्टी आन्दोलन करने के लिए मजबूर होगी।

# जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले की एआइपीएमएम ने की निन्दा

अवधनामा संवाददाता

- कितनी भी साजिशें करे पाकिस्तान कश्मीरी भारत के साथ खड़े हैंः परवेज़

**लखनऊ।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज राष्ट्रवादी सामाजिक संगठन है जो पसमांदा मुस्लिम समाज को जागरूक करके मुख्यधारा में शामिल करने के लिए कार्य कर रहा है। संगठन ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर में हुई आतंकवादी घटना की कड़ी निन्दा की है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज हनीफ ने कहा आज कश्मीर की आम जानता भारत सरकार के साथ खड़ी हैं। यह बात पाकिस्तान व उसके आतंकी संगठनों को रास नहीं आ रही, जिसके कारण वह मासूम आम जनता को निशाना बना रहे हैं, इसकी उन आतंकी संगठनों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि यह संदेश पाकिस्तान व उसके आतंकियों को मिले कि अगर वह भारत के लोगों की तरफ आंख उठा कर देखेगा तो उसके गंभीर परिणाम होंगे। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद यूनुस ने कहा आने वाले दिनों में जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। आतंकी संगठन देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। कश्मीर के लोग भारत सरकार के साथ बहुत ज्यादा खुश हैं और यह बात पाकिस्तान को हजम नहीं हो रही है इसलिये वह माहोल खराब करने के लिये बार्डर क्रास करके आतंकी हमले करवा रहे हैं, इसमें वह हमेशा की तरह कम्यूनल एंगल लाने की भी कोशिश कर रहे हैं। उनका मकसद यह बाताना है कि जम्मू कश्मीर की अवाम भारत के साथ खुश नहीं है, लेकिन देखा गया है कि कश्मीर के गांव के लोगों ने ही कई बार आतंकी हमले की सूचना वहां के सुरक्षा बलों को दी है, जो यह प्रमाणित करता है कि कश्मीर के लोग भारत के साथ हैं। कार्यवाहक अध्यक्ष शारिक अदीब ने कहा आतंकी संगठन जैशे मोहम्मद व लश्करे तैयबा डरपोक व बुज्दिल हैं। यह वह लोग हैं जो हमारी आर्मी से हमारी सरकार से मुकाबला नहीं कर पाये तो मासूम निहत्थे लोगों पर हमला कर रहे हैं।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शमीम अंसारी ने कहा जिस तरह किसी और मुल्क में आम लोगों पर हमला हो तो हम यहां से आवाज उठाते हैं उसी तरह जब हमारे देश में पाकिस्तान साजिशें रच कर हमारे लोगों पर हमले कर रहा है तो हम हिन्दुस्तानियों को चाहिए कि एक होकर इस पर आवाज उठायें कि हम उनके प्रोपगेंडा में नहीं आने वाले हैं और हम अपने देश अपनी आर्मी के साथ खड़े हैं।

## आगरा—मथुरा के बीच 1 जुलाई से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के आदेश

**मथुरा।** आगरा और मथुरा के बीच अगले महीने की पहली तारीख से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो जाएगी. पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को पर्यटन विभाग की एक समीक्षा बैठक् के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक जुलाई से मथुरा आगरा हेलीकॉप्टर सेवा हर हाल में शुरू कर दी जाए. इसके लिए 25 जून तक सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली जाएं। उन्होंने बताया कि आगरा टूरिस्ट प्लेस है और मथुरा धार्मिक नगरी. दोनों शहरो के बीच हेलीकॉप्टर की कनेक्टिविटी होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को सुविधाएं. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल्द ही दोनों शहरों के बीच हेलीकॉप्टर सेवा का किराया व दी जाने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी जाए. इसके अलावा उन्होंने कहा कि चित्रकूट और मध्य प्रदेश से लगे इसके भाग में पय्रअकें को आकर्षित करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार और यूपी के बीच जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराई जाए।

# प्रधान पति को जान से मारने का प्रयास

अवधनामा संवाददाता

- आरोपी को पुलिस पकड़ने में नाकाम

**हरदोई।** जनपद हरदोई के ग्राम दहेलिया थाना अरवल के उवैश आलम S/O अहमदजान मौजूदा ग्राम प्रधान दहेलिया का प्रधान पति है। उन्होंने बताया कि दिनांक 26.05.2024 को सुबह 8.30 बजे पंचायत भवन में शौचलय का निर्माण कार्य चल रहा था जिसे देखने मैं मौके पर गया वहीं लेवर मिस्त्री से बातचीत कर रहा था तभी अचानक पूर्व प्रधान महेन्द्र उर्फ कल्लू यादव पुत्र नन्हू निवासी ग्राम बारामऊ अपने साथ तीन अन्य आदमी अपने साथ लेकर आये और चले रहे निर्माण कार्य को लेकर उत्तेजित होकर गंदी गंदी गालियां देने लगे। विरोध करने पर मेरे गले मे पड़ा गमछा को पडकर दोनो हाथो से खीच दिया जिससे मेरा दम घुटने लगा। मौके पर मेरे गाव के काफी लोगो ने मुझे बचाया। यदि मौके पर लोग मुझे नहीं बचाते। तो मेरे साथ कोई भी घटना घट सकती थी।

प्रधान पति का कहना है उपरोक्त महेन्द्र उर्फ कल्लू यादव थाने के प्रचलित हिस्ट्रीशीटर है तथा दवग अपराधी किस्म का व्यक्ति है जिस पर संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत हैं। विवृत अपराधिक इतिहास महेन्द्र तर्फ कल्लू पुत्र नन्हू लाल निवासी वारामऊ।

1-मु0अ0सं0-217/14 धारा 307/504 आई0पी0सी0 पी0एस0 अरवल

2: मु0अ0सं0-37 ए/11 धारा 302 आई0पी0सी0 पी0एस0 अरवल ।

3- मु0अ0सं0-100/17 धारा 447 आई0पी0सी0 व 2/3 लोक सम्पत्ति क्षति नि0अधि0अरवल

4- मु0अ0सं0-61/19 घारा 2/3 यू0पी0 गैगेस्टर एक्ट पी0एस0अरवल ए136/20-11-06-2020

5: मु0अ0सं0-136/24 धारा 323,504,506 आई0पी0सी0 पी0एस0 अरवल

इस कारण समाज में उपरोक्त लोगो में भय व्याप्त है। अपराधिक किस्म होने के कारण समाज का कोई भी व्यक्ति आरोपी के विरुद्ध साक्ष्य देने की हिम्मत नहीं जुटा पाता है। उवैश आलम की मांग है कि शासन आरोपी पर उचित कार्यवाही करे।

वहीं ग्राम पंचायत दहेलिया की निर्वाचित वर्तमान ग्राम प्रधान ने बताया कि मैं उस दिन अस्वस्थ थी और मेरे पति उवैश आलम ब्राहम्णपुर्वा गये हुये थे तथा वहीं पर पंचायत भवन पर शौचालय निर्माण कार्य हो रहा था। निर्माण कार्य कर रहे मिस्त्री व लेवरों से बात करने लगे तभी उक्त लोग पहले से घात लगाये अपने साथियों के साथ विकास कार्यों वाधा उत्पन्न करने की गरज से मेरे पति के गले में पड़े हुये गमक्षे से फांसी लगाकर जान से मारने का प्रयास किया तथा मारपीट भी की और हो रहे शौचालय निर्माण कार्य को रुकवा दिया।

महिला प्रधान अफर्ज़ाना बेगम ने बताया कि वर्तमान समय में उपरोक्त लोग विकास कार्य में वाधा उत्पन्न कर रहे है। ऐसी स्थिति में ग्राम पंचायत में हो रहे विकास कार्यो की देखभाल करने में असुविधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा मुझे व मेरे परिवार वालो को जान माल का सख्त खतरा बना हुआ है। कभी भी उपरोक्त लोग कोई भी अप्रिय घटना घटित कर सकते है। ग्राम प्रधान ने मुंख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सुरक्षा की मांग करते हुए, आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है घटना के 18 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली। देखना होगा कि क्या सूबे के मुख्यमंत्री गुंडाराज खत्म करने वाली बात पर खरा उतर पाएंगे।

# समय से पहले इन कारणों से आता है बुढ़ापा, जवानी में एजिंग से परेशान

आजकल गलत लाइफस्टाइल के चलते समय से पहले चेहरे पर बुढ़ापा नजर आने लगता है। वैसे तो एजिंग एक प्राकृतिक प्राक्रिया है जो समय के हिसाब से चेहरे पर दिखाई देते हैं। लेकिन, समय से पहले झुर्रियां होना सहीं नही है। जेनेटिक्स के अलावा लाइफस्टाइल, प्रदूषण, पोषण, फिजिकली फिटनेस जैसे फैक्टर्स भी हमारी एजिंग में काफी प्रभाव डालते हैं। अगर आप भी लंबे समय तक जवान दिखना चाहती हैं तो आपको अपनी लाइफस्टाइल से कुछ आदतों को जल्दी ही बदल लेना चाहिए।

***इन चीजों का सेवन करने से बचें***

अगर आप झुर्रियों की समस्या से बचना चाहते हैं, आप इन चीजों का सेवन न करें। चीनी, प्रॉसेस्ड फूड्स और तला-भुना खाने से आपके शरीर को ही नहीं स्किन को भी नुकसान होता है। वहीं, इन चीजों का सेवन करने से एजिंग को तेज करती है।

***फिजिकल एक्टिविटी करना जरुरी***

एजिंग की प्रॉब्लम को कम करने के लिए जरुरी है कि आप फिजिकल एक्टिविटी करें। आप जॉगिंग, रनिंग, साइकिलिंग और एरोबिक्स जैसी चीजें एजिंग की प्रक्रिया को धीमा करती हैं।

***हाइड्रेशन जरुरी है***

समय से पहले एजिंग की समस्या न हो, इसके लिए हाइड्रेशन बहुत जरुरी है। पानी पूरे शरीर को चलाने के लिए जरुरी होता है। इसके साथ ही यह आपकी स्किन को हेल्थी रखता है। शरीर में पानी की कमी बिलकुल भी ना होने दें।

***धूम्रपान हानिकारक***

अगर आप धूम्रपान करते हैं, तो इससे एजिंग की प्रक्रिया को तेज करता है। जिस वजह से चेहरे पर झुर्रियां और फाइन लाइंस दिखने लगती है। आज ही धूम्रपान छोड़ दें। स्किन की देखभाल करें।

***शराब का सेवन न करें***

अगर आप ज्यादा शराब पीते हैं तो डिहाइड्रेशन की दिक्कत होने लगती है, साथ ही लिवर भी खराब होता है। इससे कई बीमारियों का रिस्क और एजिंग भी तेज होती है।

***तनाव लेना***

अगर आप हद से ज्यादा तनाव ले रहे हैं तो स्ट्रेस की वजह से शरीर में कॉर्टिसोल नामक हार्मोन रिलीज करता है जिसे बैड हार्मोन भी कहा जाता है। ये बुढ़ापे को बढ़ाता है।

***नींद पूरी न होना***

अगर आपकी नींद पूरी नही होती या फिर आप देर रात तक जागते हैं और सोते नहीं है। तो नींद की कमी से शरीर और स्किन पर बुरा प्रभाव डालती है जिससे आप समय से पहले बूढ़े दिखने लगते हैं।



# पुरुषों को भी अपने मेकअप में शामिल करना चाहिए ये प्रोडक्ट, स्टाइलिश होगा लुक



अक्सर लोगों को ये कहते हुए सुना होगा कि लड़कियों और महिलाओं के पास तो मेकअप का सामान होता है, अपने लुक्स को बेहतर बनाने के लिए। वहीं पुरुषों का मेकअप से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं होता है। लेकिन ऐसा नहीं है। आज के समय में पुरुष भी महिलाओं की तरह ही अपनी स्किन का खास ख्याल रखते हैं। पुरुष भी यह प्रयास करते हैं कि उनका चेहरा भी दमकता रहे। जैसे महिलाएं कहीं पार्टी या फंक्शन में जाने के दौरान मेकअप करना पसंद करती हैं।

ठीक उसी तरह पुरुषों को भी पार्टी या फंक्शन में जाने से पहले मेकअप का इस्तेमाल करना चाहिए। हालांकि अधिकतर पुरुषों को यह समझ नहीं आता है, उन्हें कौन-कौन सा मेकअप प्रोडक्ट इस्तेमाल करना चाहिए। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे मेकअप प्रोडक्ट के बारे में बताने जा रहे हैं, जो हर पुरुष के पास होने चाहिए।

***बीबी क्रीम***

लड़कियों व महिलाओं की तरह हर लड़के के पास भी बीबी क्रीम जरूर होनी चाहिए। बीबी क्रीम की मदद से स्किन कलर को एक जैसा कर सकते हैं। चेहरे पर कोई दाग-धब्बा हो, तो उसको आप बीबी क्रीम की सहायता से ढक सकते हैं। बीबी क्रीम छोटी होती है, इसलिए इसको आप आसानी से कहीं भी कैरी कर सकते हैं।

***कंसीलर***

लड़कियों के पास हर लड़के के पास कंसीलर होना बेहद जरूरी होता है। कंसीलर की मदद से लड़के डार्क सर्कल और दाग-धब्बों को छिपा सकते हैं। हालांकि कंसीलर खरीदने के दौरान इतना ध्यान रखें कि यह आपकी स्किन टोन से मैच करता हो।

***लिप बाम***

आप कितने ही अच्छे से तैयार क्यों न हो, लेकिन यदि होंठ रूखे-सूखे रहेंगे। तो आपका पूरा का पूरा लुक खराब हो सकता है। इसलिए पुरुषों को हमेशा अपने पास अच्छी क्वालिटी वाला लिप बाम जरूर रखना चाहिए।

***सेटिंग स्प्रे***

मेकअप को सही से सेट करने के लिए सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करना चाहिए। क्योंकि अगर आप सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल नहीं करेंगे तो आपका पूरा मेकअप लुक खराब हो जाएगा।

# पंजाबी स्टाइल सलवार-सूट में दिखेंगी बेहद प्यारी, हर कोई देखता रह जाएगा

फैशन के इस बदलते दौर में हर रोज कोई न कोई फैशन ट्रेंड करता है। वहीं सलवार-सूट एक ऐसा आउटफिट है, जो आप रोजाना से लेकर हर पार्टी व फंक्शन में पहनते हैं। आजकल मार्केट में रेडीमेड से लेकर सूट के फैब्रिक को खरीदकर खुद कस्टमाइज लुक दे सकती हैं। वहीं फैशन के इस बदलते दौर में कई बार हम सेलिब्रिटीज के लुक्स को री-क्रिएट करते हैं।

आजकल पंजाबी स्टाइल सलवार-कमीज को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पंजाबी स्टाइल सलवार-सूट के कुछ लेटेस्ट डिजाइंस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको आप स्टाइल कर अपने लुक को परफेक्ट बना सकते हैं।

***गोल घेरे वाला सूट***



आपको कई अनारकली और कलीदार सूट के डिजाइन गोल घेरे में आसानी से मिल जाएंगे। गर्मियों में इस तरह के लाइट वेट प्लेन या प्रिंटेड फैब्रिक से बने सूट कैरी कर सकती हैं। इस सूट के साथ हैवी झुमकी पहनकर अपने लुक को कंप्लीट करें। गोल घेरे वाले सूट के साथ आप गोटा-पट्टी लेस वाले दुपट्टे को स्टाइल करें।

***पटियाला स्टाइल सलवार-सूट***

पंजाब में यह सलवार सूट सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। पटियाला स्टाइल सलवार-सूट के साथ आप फुलकारी दुपट्टे को कैरी कर सकती हैं। इस तरह के सलवार के साथ आप शॉर्ट स्टाइल सूट की कमीज बनवाएं और हैवी लुक पाने के लिए घेरे पर चौड़े डिजाइन की लेस लगवा सकती हैं। इस तरह के सूट के साथ आप गुरकाबी स्टाइल जूती पहनकर अपने लुक को कंप्लीट कर सकती हैं।

***चौड़े घेरे वाला सूट***

आप अपने लुक को अच्छा बनाने के लिए चौड़े घेरे वाले सूट के साथ आप सलवार या पैन्ट्स को कैरी कर सकती हैं। क्योंकि कई बार हम शॉर्ट कमीज पहनने में कंफर्ट महसूस नहीं करते हैं। ऐसे में यह डिजाइन आपके लिए बेस्ट रहेगा। इसके साथ ही आप हैवी वर्क वाला दुपट्टा कैरी कर सकती हैं। इस तरह के सूट के साथ आप एंकल लेंथ वाली पैंट्स कैरी कर सकती हैं। यह आपको मॉर्डन टच देने का काम करेगा।

# बालों की सुंदरता के लिए गर्मियों में लगाएं अनार के ये हेयर मास्क, हेयर्स होंगे मजबूत



गर्मियों में स्किन के साथ-साथ बालों की केयर करना भी बहुत जरुरी है। गर्मी में आमतौर पर बाल डैमेज होने के साथ कई बार पसीने के कारण हेयरफॉल भी काफी बढ़ जाता हैं। गर्मी में लोग इस तरह की समस्या को दूर करने के लिए महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स यूज करते हैं। लेकिन कई बार इन प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल करने से बालों को नुकसान होने के साथ कई बार मन मुताबिक परिणाम भी नहीं मिलता हैं। वहीं, आप इस भीषण गर्मी में बालों की केयर के लिए अनार से बने ये हेयर पैक लगा सकते हैं। अनार में पाएं जाने वाले एंटी-ऑक्सीडेंट्स बालों को मजबूत बनाने के लिए साथ स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता हैं। अनार के हेयर पैक लगाने से बालों की शाइन बढ़ाने के साथ बाल मजबूत होंगे। आइए जानते हैं गर्मी में बालों की केयर करने के लिए अनार के हेयर पैक कैसे बनाएं।

***अनार और दही का हेयर पैक***

***सामग्री***

-7 से 8 चम्मच - अनार

- 2 चम्मच - दही

***बनाने का तरीका***

-सबसे पहले आप सभी चीजों को ब्लेंडर में चलाकर हल्का सा चलाएं।

-अब इस मिश्रण को बालों और स्कैल्प पर 20 मिनट के लिए लगाएं।

- इसके बाद बालों को पानी से वॉश करें। ये हेयर पैक बालों को पोषण देने के साथ स्कैल्प को हेल्दी रखता है।

***अनार और शहद का हेयर पैक***

***सामग्री***

- 1 चम्मच - शहद

- 4 से 5 चम्मच - अनार का रस

***बनाने का तरीका***

-अनार और शहद का हेयर पैक बनाने के लिए सभी चीजों को मिलाकर मिश्रण तैयार करें।

- अब इस मिश्रण को बालों पर अच्छे से लगा लें। यह हेयर मास्क बालों को ड्राई बनाने से रोकता है और हेयरफॉल भी रोकता हैं। ये हेयर पैक बालों में शाइन भी लाता है।

***अनार और जैतून के तेल का हेयर पैक***

***सामग्री***

- 1/4 कप- अनार का रस

- 1 चम्मच - जैतून का तेल

- 1/2 कप पानी

***बनाने का तरीका***

- इसे बनाने के लिए सभी चीजों का अच्छे से मिला लें।

- अब इस मिश्रण को बालों पर लगाकर 20 मिनट के लिए रखें।

- उसके बाद बालों को पानी से वॉश करें। ये हेयर पैक बालों को अंदरुनी रुप से पोषण देता है और ग्रोथ को भी बढ़ाता है।

# फ्रिज़ी बालों से ना हों परेशान, घर पर बनाएं ये हेयर जेल



गर्मी के मौसम में हमें बालों की कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इनमें से रूखे व फ्रिजी हेयर की समस्या बेहद आम है। गर्मी के मौसम में जब ह्यूमिडिटी बढ़ जाती है, तो बालों का मॉइश्चर कहीं खोने लगता है और वे रूखे व फ्रिजी हो जाते हैं। इतना ही नहीं, जब इस मौसम में बाल चिपचिपे हो जाते हैं तो ऐसे में हम उन्हें बार-बार धोते हैं। ओवरवॉशिंग के कारण भी बालों का नेचुरल ऑयल कहीं खो जाता है और वे रूखे व बेजान नजर आने लगते हैं।

अमूमन यह देखने में आता है कि जब गर्मी में बाल फ्रिजी होने लगते हैं तो हम तरह-तरह के हेयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना शुरू कर देते हैं। जबकि आपको बालों को नेचुरल तरीके से पैम्पर करना चाहिए। रूखे व फ्रिजी हेयर को मैनेज करने के लिए आप घर पर ही हेयर जेल बनाकर उसका इस्तेमाल करें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको रूखे व फ्रिजी हेयर के लिए हेयर जेल बनाने के बारे में बता रहे हैं।

***एलोवेरा से बनाएं हेयर जेल***

एलोवेरा अपने हाइड्रेटिंग गुणों के लिए जाना जाता है, इसलिए यह रूखे बालों को नमी प्रदान करता है। जब आप इससे हेयर जेल बनाते हैं तो यह बालों को स्टाइल करने के साथ-साथ रूखेपन को कम करता है।

***आवश्यक सामग्री***

- एलोवेरा का पत्ता

- एक कप पानी

- एक नींबू

***हेयर जेल बनाने का तरीका***

- सबसे पहले एलोवेरा का पत्ता तोड़ लें और उसका जेल निकाल लें।

- अब एक कप पानी उबालें और उसमें एलोवेरा जेल के साथ-साथ एक नींबू का रस भी मिक्स करें।

- मिश्रण के गाढ़ा होने तक इसे 5 से 10 मिनट तक उबालें और फिर ठंडा होने दें।

***चिया सीड्स की मदद से बनाएं जेल***

चिया सीड्स में कई तरह विटामिन और मिनरल होते हैं जो बालों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इसके अलावा, कैस्टर ऑयल एक प्राकृतिक कंडीशनर की तरह काम करता है और रूखे बालों को नमी प्रदान करता है।

***आवश्यक सामग्री***

- एक कप चिया सीड्स

- चार कप डिस्टिल्ड वॉटर

- दो बड़े चम्मच कैस्टर ऑयल

- विटामिन ई ऑयल की 10 बूंदें

- लैवेंडर एसेंशियल ऑयल की 10 बूंदें

***जेल बनाने का तरीका***

- सबसे पहले एक पैन लें और उसमें डिस्टिल्ड वॉटर के साथ चिया सीड्स मिलाएं।

- अब इसे पैन को कवर कर दें और मिश्रण को रात भर ऐसे ही रहने दें।

- अब पैन को 10 से 15 मिनट तक गर्म करें।

- मिश्रण को हिलाएं और छलनी से छान लें।

- इसमें से चिया सीड को निकाल दें।

- अब आप विटामिन ई ऑयल, लैवेंडर एसेंशियल ऑयल और कैस्टर ऑयल डालें और उन्हें मिलाएं।

- मिश्रण को ठंडा होने दें और फिर इसे स्टेरलाइज़ किए गए कंटेनर में डालें।

# गर्मियों में जरूर ट्राई करें इस तरह के लिपस्टिक शेड्स, मिलेगा ग्लैमरस लुक

जिस तरह से बदलते मौसम के हिसाब से हम सभी कपड़े पहनते हैं, उसी तरह से हमें लिपस्टिक शेड भी चूज करना चाहिए। गर्मियों में मौसम में आपको कुछ ऐसे लिपस्टिक शेड्स ट्राई करने चाहिए, जिसको लगाने के बाद आपके लिप्स अच्छे नजर आएं। ऐसा इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि इससे आपका मेकअप अच्छा लगता है। साथ ही आपको कुछ डिफरेंट कलर ट्राई करने का मौका मिलेगा। आपको बता दें कि ऐसे कई लिपस्टिक के शेड्स होते हैं, जो गर्मी में लगाने के बाद काफी अच्छे लगते हैं।

***बेरी लिपस्टिक शेड***

अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जिनको डार्क और लाइट कलर शेड की लिपस्टिक लगाना पसंद है। तो आप बेरी लिपस्टिक शेड कलर ट्राई कर सकते हैं। बेरी लिपस्टिक शेड डार्क और वाइन का मिक्स कलर होता है। इस तरह के



लिपस्टिक को अप्लाई करने से लिप्स अच्छे लगते हैं, ऐसे में आपको यह शेड जरूर ट्राई करना चाहिए।

***वाइन कलर लिपस्टिक***

अगर आपको भी लाइट कलर की ड्रेस पहनना पसंद करती हैं, तो इसके साथ आपको वाइन कलर की लिपस्टिक ट्राई करनी चाहिए। इसमें आपको मैट और लिक्विड हर तरह के शेड मिल जाएंगे। आप चाहें तो डार्क मैरून और पिंक शेड को मिक्स कर बने शेड को ट्राई कर सकती हैं।

***कोरल लिपस्टिक शेड***

बहुत सारी लड़कियों को ब्राउन शेड लिपस्टिक लगाना बेहद पसंद होती है। लेकिन आप इस बार डार्क की जगह लाइट शेड ट्राई करें। इससे आपके लिप्स काफी अच्छे लगेंगे। इस तरह की लिपस्टिक में आपको लिक्विड और मैट दोनों कलर मिल जाएंगे। इसको आप मेकअप लुक के साथ लगा सकती हैं। मार्केट में आपको इस तरह की लिपस्टिक आसानी से मिल जाएगी। ऐसे में आप अपनी पसंद के ब्रांड के हिसाब से खरीद सकती हैं।

# पलकों पर लगे ज्यादा मस्कारा को हटाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स, खराब नहीं होगा मेकअप

मेकअप करना हर लड़की और महिला को पसंद होता है। इसलिए हम सभी न जाने कितने तरह के मेकअप प्रोडक्ट्स को खरीदते हैं। लेकिन मेकअप के दौरान जल्दबाजी करने से कई बार कुछ न कुछ गड़बड़ हो जाती है। कहीं किसी चीज को गलत तरीके से लगा लेते हैं, तो कभी किसी प्रोडक्ट का इस्तेमाल करना भूल जाते हैं। मेकअप के दौरान यही छोटी-छोटी गलतियां आपके मेकअप की खूबसूरती को बिगाड़ देती हैं।

आई लुक का मेकअप में अहम रोल होता है और इसके लिए हमें ध्यान से मेकअप प्रोडक्ट का चुनाव व इस्तेमाल करना चाहिए। कई बार मस्कारा लगाने के दौरान हम कुछ गलतियां कर बैठते हैं। जिसके कारण हमारा पूरा लुक बिगड़ जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको आंखों की पलकों की पर लगे एक्स्ट्रा मस्कारा को निकालने के



लिए उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं। जो आपके मेकअप लुक को खराब होने से बचा सकते हैं।

***मस्कारा लगाने के दौरान की गई गलतियां***

आईलैश को घना दिखाने के लिए हम मस्कारा का इस्तेमाल करते हैं। वहीं पलकों को ज्यादा घना दिखाने के लिए बार-बार मस्कारा की कोटिंग करते हैं। लेकिन बार-बार मस्कारा लगाने से पलकें घनी होने की बजाय भद्दी नजर आने लगती हैं। आईलैश पर मस्कारा की 2 से ज्यादा बार कोटिंग नहीं करना चाहिए। जिससे की आपकी आंखें खूबसूरत लगें। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि मस्कारा पलकों पर एक ही जगह इकट्ठा न हो पाए।

ऐसे हटाएं मस्कारा

***ड्राई मस्कारा हटाने के लिए***

पलकों पर लगे एक्स्ट्रा मस्कारा को हटाने के लिए कटोरी में नारियल के तेल की कुछ बूंद डालें।

फिर इस तेल में इयरबड्स को डुबोकर हल्के हाथों के दबाव का इस्तेमाल कर पलकों पर लगे एक्स्ट्रा मस्कारा को हटा सकती हैं।

***पूरा मस्कारा हटाने के लिए***

अगर आप पूरा मस्कारा हटाना चाहती हैं और आपकी आंखें ऑयली हैं, या मस्कारा पूरी तरह सूख गया है। तो आप मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल कर सकती हैं।

मेकअप रिमूवर में इयरबड्स को डुबोकर आप आंखों की पलकों पर लगे मस्कारा को हटा सकती हैं।

***ऑयली आंखों से मस्कारा हटाने के लिए***

अगर आपकी आंखों का ऊपरी हिस्सा ऑयली है। तो पलकों पर लगे मस्कारा को आप गुलाब जल की मदद से हटा सकती हैं।

इसके लिए भी आप इयरबड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। जिससे कि आपकी त्वचा और आंखों को नुकसान भी न पहुंचे और आप आसानी से मस्कारा भी हटा सकें।

अवधनामा



# एबीवीपी ने नीट-यूजी परीक्षा में गड़बड़ी दूर करने की मांग को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली (हि.स.)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र सोलंकी और शिवांगी खरवाल के नेतृत्व में परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. धर्मेंद्र प्रधान को एनटीए द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी)2024 के आयोजन की प्रक्रिया एवं परिणामों में गड़बड़ी पर उठ रहे प्रश्नों की सीबीआई द्वारा जांच करा संलिप्त दोषियों पर शीघ्रता से कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सौंपा।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ. धर्मेंद्र प्रधान ने एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल से इन बिंदुओं पर चर्चा के दौरान आश्वासन दिया कि संबंधित विषय में किसी भी छात्र के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और प्रकरण में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उन पर विधिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

एबीवीपी नेताओं ने कहा कि इस परीक्षा के आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों में अनियमितता दिखी। कुछ केंद्रों पर प्रश्न पत्र बांटने



में देरी जैसी घटनाएं सामने आईं। अभाविप विद्यार्थी समुदाय द्वारा उठाई जा रही उचित मांगों के साथ है और इस समस्या के शीघ्र निवारण की मांग करता है। उन्होंने कहा कि देश के शीर्ष चिकित्सा संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली नीट-यूजी परीक्षा की प्रक्रिया एवं परिणामों में शुचिता और पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच संशय है। परीक्षा के आयोजन के दौरान भी कई गड़बड़ी पाई गई थीं, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजन केंद्रों की समीक्षा नहीं की गई और परीक्षा आयोजन के लिए पूर्ण तैयारी नहीं थी।

एबीवीपी के राष्ट्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र सोलंकी और शिवानी खरवाल ने कहा कि विद्यार्थियों के बीच नीट-यूजी परीक्षा के आयोजन एवं परीक्षा परिणामों में अनियमितता को लेकर संदेह के स्थिति बनी हुई है। एबीवीपी विद्यार्थियों की इस मांग के साथ है और संबंधित प्रकरण में सीबीआई द्वारा जांच करा दोषियों पर शीघ्रता से कार्रवाई किए जाने की मांग करती है। एनटीए जैसी प्रमुख परीक्षा एजेंसी द्वारा इस प्रकार की गड़बड़ी उसकी अक्षमता को दर्शाती है, ऐसे में भविष्य में कोई भी गड़बड़ी न हो इसके लिए अभाविप इसकी कार्यप्रणाली को फुलप्रूफ बनाने की भी मांग करती है।

अभाविप के आयाम मेडिविजन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. अभिनंदन बोकरिया ने कहा कि प्रवेश परीक्षा एजेंसी द्वारा परीक्षा से पूर्व खामियों की समीक्षा कर लेनी थी, जिससे इस प्रकार की गड़बड़ी सामने न आतीं। नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा के लिए चिकित्सा क्षेत्र में रुचि रखने वाले विद्यार्थी कड़ी मेहनत करते हैं, ऐसी प्रमुख परीक्षा में गड़बड़ी विद्यार्थियों की वैध अपेक्षा के साथ खिलवाड़ है। अभाविप संबंधित प्रकरण में दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की मांग करती है।

# भारत ने दो वर्षों में 40 से अधिक क्वांटम टेक्नोलॉजी स्टार्ट-अप किए तैयार: डॉ जितेंद्र सिंह



**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि भारत ने दो वर्षों में 40 से अधिक क्वांटम प्रौद्योगिकी स्टार्ट-अप का उत्पादन किया है, उनमें से कुछ वैश्विक क्षमता वाले हैं। भारत दुनिया की स्टार्टअप राजधानी बन रहा है। साल 2014 से पहले इसकी संख्या कुछ ही थी जो साल 2024 में बढ़कर 1.25 लाख से अधिक हो गया है और 110 से अधिक यूनिकॉर्न स्टार्टअप्स अंतरिक्ष जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट काम कर रहे हैं। शनिवार को नई दिल्ली में विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने अधिकारियों को प्रमुख राष्ट्रीय क्वांटम मिशन पर ध्यान केंद्रित करने और क्वांटम प्रौद्योगिकियों और क्वांटम संचार के विकास पर काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्वांटम प्रौद्योगिकियों के मामले में भारत वर्तमान में अन्य देशों के साथ बराबरी पर है। हमारा मिशन और दृष्टिकोण क्वांटम प्रौद्योगिकियों के मामले में भारत को एक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करना होना चाहिए। डॉ जितेंद्र सिंह ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास में स्टार्टअप और निजी क्षेत्र की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए आईआईटी मद्रास द्वारा स्थापित बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप क्यूएनयू लैब्स की सफलता की कहानी साझा की।

महिला वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को बढ़ावा देने पर डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा, पिछले 10 वर्षों में एक्स्ट्रामुरल रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आरएंडडी) में महिलाओं की भागीदारी दोगुनी हो गई है। उन्होंने हाल ही में उनके द्वारा उद्घाटन किए गए कॉमन फेलोशिप पोर्टल का जिक्र करते हुए कहा कि लगभग 300 महिला वैज्ञानिकों को एस्पायर योजना के तहत सरकार से 03 वर्षों के लिए अनुसंधान अनुदान प्राप्त होने जा रहा है।

## भारतीय रेलवे ने लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय रेलवे ने कई स्थानों पर सार्वजनिक सेवा कार्यक्रम में सबसे अधिक लोगों के शामिल होने का प्रतिष्ठित लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराया है। रेल मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।

रेल मंत्रालय ने 26 फरवरी 2024 को एक कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमें 2,140 स्थानों पर 40,19,516 लोगों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेलवे पुलों के ऊपर और नीचे सड़क के उद्घाटन और रेलवे स्टेशनों की आधारशिला रखने के लिए आयोजित किया था।

भारतीय रेलवे के विशाल प्रयास और जुटाव को मान्यता दी गई है और इसे प्रतिष्ठित लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है।

## येदियुरप्पा सीआईडी के समक्ष 17 जून को होंगे पेश

**नई दिल्ली (हि.स.)।** वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा ने शनिवार को बताया कि वह उनके खिलाफ दर्ज पॉक्सो मामले में पूछताछ के लिए 17 जून को सीआईडी के सामने पेश होंगे। येदियुरप्पा ने कहा कि उनके खिलाफ साजिश की गई है, जिसका जनता जवाब देगी। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक हाई कोर्ट ने कल सीआईडी को येदियुरप्पा को गिरफ्तार किए जाने पर रोक लगा दी थी। न्यायालय ने कहा था कि वे समान्य व्यक्ति नहीं है, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। साथ ही वे जांच में सहयोग देने के लिए तैयार हैं। येदियुरप्पा ने कहा कि वे किसी काम से दिल्ली गए थे। उन्होंने पहले से इसकी जानकारी दी थी और 17 जून को पेश होने की भी बात कही थी। मामले में बेमतलब की संशय की स्थिति बनाई गई। येदियुरप्पा पर 17 वर्षीय नाबालिग लड़की की मां की शिकायत के आधार पर पॉक्सो और आईपीसी की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# मध्य प्रदेश के रायसेन में शराब बनाने की नामी फैक्टरी पर छापे में 58 बाल मजदूर मुक्त कराए गए

**बचपन बचाओ आंदोलन की शिकायत पर एनसीपीसीआर ने की छापे की कार्रवाई**

**नई दिल्ली (हि.स.)।** बाल मजदूरी की रोकथाम के लिए सख्त कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन ( बचपन बचाओ आंदोलन) के साथ मिलकर मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में शराब बनाने की एक नामी फैक्टरी पर छापे की कार्रवाई में 58 बाल मजदूरों को मुक्त कराया।

बचपन बचाओ आंदोलन की सूचना पर एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो की अगुवाई



में 'सोम डिस्टिलरी' पर मारे गए इस छापे में मुक्त कराए गए बच्चों में 19 लड़कियां और 39 लड़के हैं। इस मामले में कानूनी कार्रवाई जारी है और मुक्त कराए गए बच्चों को सुरक्षित जगह भेज दिया गया है।

बच्चों को मुक्त कराने की इस कार्रवाई पर संतोष जाहिर करते हुए बचपन बचाओ आंदोलन के निदेशक मनीष शर्मा जो कि छापामार टीम में भी शामिल थे, उन्होंने कहा, अल्कोहल और रसायनों की दुर्गंध हम जैसे वयस्कों के लिए भी असहनीय है। कल्पना ही की जा सकती है कि ये बच्चे इन स्थितियों में कैसे रोजाना इतने घंटे काम कर रहे थे। हम इस डिस्टिलरी के मालिकों के खिलाफ बहुत सख्त कार्रवाई की मांग करते हैं ताकि यह दूसरों के लिए भी एक उदाहरण साबित हो सके। हम ऐसी भयावह स्थितियों में काम करने वाले बच्चों को मुक्त कराने का अपना अभियान जारी रखेंगे, लेकिन देश को बाल मजदूरी के खिलाफ कड़े कानूनों और इसके खिलाफ निगरानी बढ़ाने की जरूरत है। सरकार से हमारी अपील है कि वह बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल मजदूरी को रोकने के लिए कड़े से कड़े कदम उठाएं ताकि बच्चों के साथ इस अन्याय और अत्याचार को रोका जा सके।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले 14 जून को एनसीपीसीआर ने आंदोलन की शिकायत पर इसी जिले के मंडीदीप कस्बे में छापे की कार्रवाई में 25 लड़कियों सहित कुल 36 बाल मजदूरों को मुक्त कराया था। एनसीपीसीआर ने जून को 'एक्शन मंथ' घोषित कर रखा है और पूरे देश में बच्चों की ट्रैफिकिंग और उन्हें बाल मजदूरी से मुक्त कराने के इस अभियान में आंदोलन उसका सहयोग कर रहा है।

# संसद भवन परिसर में उपराष्ट्रपति आज करेंगे प्रेरणा स्थल का लोकार्पण

**नई दिल्ली (हि.स.)।** उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ आज शाम नवनिर्मित प्रेरणा स्थल (बीजी-7, संविधान सदन के सामने) का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान लोक सभा अध्यक्ष, राज्यसभा के उपसभापति एवं संसदीय कार्य मंत्री भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में राज्य सभा एवं लोक सभा के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान शिलापट्ट के अनावरण के पश्चात गण्यमान्यजन प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। लोकसभा सचिवालय के अनुसार संसद भवन परिसर के अंदर देश के महापुरुषों एवं महान स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं स्थापित हैं। उनका हमारे देश के इतिहास में, हमारी संस्कृति में, हमारे स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ये प्रतिमाएं परिसर में अलग अलग स्थानों पर स्थित थीं, जिससे आगंतुकों को इनके



दर्शन करने में कठिनाई होती थी। इसके मद्देनजर संसद भवन परिसर के अंदर इन प्रतिमाओं को एक ही स्थान पर स्थापित करने के उद्देश्य से प्रेरणा स्थल का निर्माण किया गया है ताकि संसद भवन परिसर में आने वाले विशिष्ट व्यक्ति एवं अन्य आगंतुक इन प्रतिमाओं का एक निश्चित स्थान अर्थात प्रेरणा स्थल पर सुविधाजनक रूप से दर्शन कर सकें। उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दे सकें। प्रतिमाओं के समीप नयी टेक्नोलॉजी के माध्यम से उन महापुरुषों की जीवनगाथा, उनके सन्देश को भी आगंतुकों के लिए उपलब्ध कराने की कार्य योजना बनायी गयी है ताकि सभी को उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा मिले। इसके पहले भी संसद के नए भवन के निर्माण कार्य के दौरान महात्मा गांधी, मोतीलाल नेहरू एवं चौधरी देवी लाल की प्रतिमाएं परिसर में ही अन्यत्र स्थानांतरित की गई हैं।

'प्रेरणा स्थल' पर प्रतिमाओं के आसपास लॉन एवं पुष्प वाटिकाओं का निर्माण किया गया है। यहां गण्यमान्य व्यक्ति एवं आगंतुक उन्हें सुगमतापूर्वक अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे और क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध उनकी जीवनगाथा से प्रेरणा भी ले सकेंगे।

# नीट-यूजी में कथित धांधली के विरोध में 19-20 जून को सड़क पर उतरेंगे छात्र : जेएनयूएसयू अध्यक्ष

**नई दिल्ली (हि.स.)।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) के अध्यक्ष धनंजय ने राष्ट्रीय पात्रता सह-प्रवेश




परीक्षा (नीट-यूजी) 2024 में कथित धांधली के विरोध में 19-20 जून को राष्ट्रीयव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है।

जेएनयूएसयू अध्यक्ष ने शनिवार को नीट-यूजी के मुद्दे पर ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार की कहानी कोई नई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े पैमाने पर धांधली उजागर होने के बाद देशभर के छात्रों को एहसास हो गया है कि नीट-यूजी 2024 में जो हुआ वह एक नमूना मात्र है असल बीमारी राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ही है।

छात्र नेता ने कहा कि एनटीए ने भ्रष्टाचार को संस्थाबद्ध कर दिया है। हम इसके विरोध में नीट आवेदकों और अभिभावकों के साथ अब सड़कों पर उतरेंगे। परीक्षा में कथित धांधली के लिए सरकार की ओर से बनाई गई समिति पर सवाल खड़ा करते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले में एनटीए का रवैया शर्मनाक है। घोटाले के बाद, घोटाले की जांच भी अब घोटाले के अभियुक्त करेंगे।

आइसा के राष्ट्रीय महासचिव प्रसेनजीत ने पत्रकारों से कहा कि हम परीक्षा में विसंगतियों के खिलाफ छात्रों का बड़े पैमाने पर आक्रोश देख रहे हैं। आइसा इस आंदोलन में पूरी तरह शामिल है। उन्होंने कहा कि हम सरकार से नीट परीक्षा को फिर से आयोजित करने, घोटाले की उच्च स्तरीय जांच और एनटीए को खत्म करने की मांगों को लेकर सड़क पर उतरेंगे।

# इजराइल पर हिजबुल्ला का ताबड़तोड़ हमला

## एयर डिफेंस सिस्टम ने कई रॉकेट को हवा में नष्ट किया

**निशाना**

**ताजा हमले में हिजबुल्ला ने इजराइल के सीमावर्ती शहर किरयात शिमोना और सीमा के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। लेकिन सीमावर्ती शहर को महीनों पहले ही खाली कराए जाने से वहां पर कोई जन हानि नहीं हुई।**

**यरुशलम (हि.स.)।** ईरान समर्थित लेबनान के सशस्त्र संगठन हिजबुल्ला ने शुक्रवार को इजराइल पर लगातार तीसरे दिन राकेटों से ताबड़तोड़ हमला किया। इजराइली एयर डिफेंस सिस्टम ने जवाबी



कार्रवाई करते हुए 35 राकेटों में से अधिकांश को मार गिराया। हालांकि कुछ रॉकेट ने इजरायल को नुकसान पहुंचाया है। इसके बाद इजराइली लड़ाकू विमानों और टैंकों ने लेबनान के हिजबुल्ला के कब्जे वाले इलाकों पर हमले किए। इन हमलों में दो लोगों के मारे जाने और कई के घायल होने की सूचना है।

ताजा हमले में हिजबुल्ला ने इजराइल के सीमावर्ती शहर किरयात शिमोना और सीमा के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। लेकिन सीमावर्ती शहर को महीनों पहले ही खाली कराए जाने से वहां पर कोई जन हानि नहीं हुई। हमले से कई भवनों और कारों को नुकसान हुआ है।

इससे पहले मंगलवार को इजराइली हमले में हिजबुल्ला के एक शीर्ष कमांडर के मारे जाने के बाद से सशस्त्र संगठन इजरायल पर लगातार राकेट हमले कर रहा है। आठ अक्टूबर, 2023 से जारी इजरायल और हिजबुल्ला की लड़ाई में 300 से ज्यादा हिजबुल्ला लड़ाके और 18 इजरायली सैनिक मारे गए हैं। इसके अतिरिक्त दोनों पक्षों के 90 से ज्यादा नागरिक मारे गए हैं। हिजबुल्ला हमास के समर्थन में इजराइल पर अक्टूबर 2023 से हमले कर रहा है।

गाजा में शुक्रवार को भी इजराइली हमले जारी रहे। इन हमलों में 34 लोगों के मारे जाने की सूचना है। इस बीच हमास ने कहा है कि रफाह में इजराइल के हवाई हमले में दो इजराइली बंधक मारे गए हैं। हमास ने कहा है कि 120 बंधक अभी उसके पास हैं। लेकिन इनमें से कितने जीवित हैं, इस संबंध में आधिकारिक जानकारी नहीं है।

## नेपाल की संसद में भारतीय पर्यटकों से दुर्व्यवहार का मामला उठा

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल की संसद में भारतीय पर्यटकों के साथ सीमा नाका पर हुए दुर्व्यवहार का मामला संसद में हुआ है। सुरक्षाकर्मियों के दुर्व्यवहार पर सरकार से तत्काल जवाब मांगा गया है। यह मामला प्रतिनिधि सभा में राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के धवल शमशेर राणा ने उठाया। उन्होंने कहा कि हवाई मार्ग से आने वाले भारतीय पर्यटकों के मुकाबले सड़क मार्ग से आने वाले पर्यटकों की संख्या कई गुना अधिक होती है। नेपाल की सीमा में प्रवेश करते समय नेपाल के सुरक्षाकर्मी उनके साथ दुर्व्यवहार करते हैं। इस कारण पर्यटकों की संख्या में कमी हो रही है। प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और पर्यटन मंत्री को संसद में इस पर जवाब देना चाहिए। नेपालगंज के पूर्व धवल शमशेर राणा ने कहा कि अगर सुरक्षाकर्मियों की आदत नहीं बदली तो पर्यटकों की संख्या कम जाएगी।

# जी-7 नेताओं ने शिखर सम्मेलन में मानव तस्करी रोकने पर दिया जोर

**बारी (हि.स.)।** जी-7 देशों के नेताओं ने शुक्रवार को शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन की शुरुआत में प्रवासन पर ध्यान केंद्रित किया और मानव तस्करी से निपटने तथा उन देशों में निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की, जहां से प्रवासी अक्सर जान खतरे में डालकर यात्रा शुरू करते हैं।

इटली के दक्षिणी क्षेत्र पुगलिया में एक लक्जरी रिसॉर्ट में आयोजित इस सम्मेलन में अन्य प्रमुख विषयों पर भी चर्चा हो रही है, जिनमें यूक्रेन को वित्तीय सहायता, गाजा युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन, चीन की औद्योगिक नीति और आर्थिक सुरक्षा शामिल है। हालांकि शिखर सम्मेलन के अंतिम घोषणापत्र को लेकर भी कुछ मतभेद उभरे, जिसमें गर्भपात के संदर्भ को शामिल करने पर असहमति की खबर भी आई। शिखर सम्मेलन के मेजबान इटली के लिए प्रवासन विशेष रूप से चिंता का विषय है, जो अफ्रीका, मध्य पूर्व और एशिया में युद्ध और गरीबी से जूझ

**परिवर्तन**

**जरूरतमंद देशों में पूंजी निवेश, यूक्रेन को वित्तीय सहायता, गाजा युद्ध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक सुरक्षा पर हुई चर्चा**

रहे लोगों के लिए यूरोपीय संघ में प्रवेश के प्रमुख मार्गों में से एक है।

इस मुद्दे पर अपने सख्त रुख के लिए जानी जाने वालीं दक्षिणपंथी इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, यूरोप पर प्रवासियों के बोझ को कम करने के तरीके के रूप में अफ्रीकी देशों में निवेश और वित्त पोषण बढ़ाने को लेकर उत्सुक रही हैं।

मेलोनी ने गुरुवार को शिखर सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा था, 'इटली एक अन्य




महाद्वीप को पर्याप्त स्थान देना चाहता है जोकि हम सभी के भविष्य का आधार है, वह है अफ्रीका, अपनी कठिनाइयों और अवसरों के साथ।'

यूएनएचसीआर के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में अब तक 22,000 से ज़्यादा लोग समुद्र के रास्ते इटली पहुंच चुके हैं। 2023 में, 157,000 से ज़्यादा लोग आए थे और लगभग 2,000 लोग भूमध्य सागर को खतरनाक तरीके से पार करने की कोशिश करते हुए मारे गए या लापता हो गए।

अमेरिका भी अपनी दक्षिणी सीमा पर प्रवासियों की बढ़ती संख्या से जूझ रहा है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने कांग्रेस में एक विधेयक पारित कराने की कोशिश की थी, लेकिन इसमें सफल नहीं हो सके जिसके बाद उन्होंने प्रवासन पर अंकुश लगाने के लिए नई नीतियां पेश कीं। हालांकि, प्रवासी अधिकार अधिवक्ताओं ने नई नीतियों के खिलाफ बृहस्पतिवार को मुकदमा दायर किया, और यह स्पष्ट नहीं है कि वे अमेरिकी अदालतों में कानूनी चुनौतियों का सामना कर पाएंगे या नहीं।

शिखर सम्मेलन में पहुंचने के बाद यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने कहा कि प्रवासन से निपटना 'एक आम चुनौती है।'

इटली ने मेलोनी की प्रवासन व विकास पहल पर जोर देने के लिए कई अफ्रीकी नेताओं को भी आमंत्रित किया है, जिनमें अल्जीरियाई राष्ट्रपति अब्दुल मजीद तबून, केन्याई राष्ट्रपति विलियम रुटो और ट्यूनीशियाई राष्ट्रपति कैस सैयद शामिल हैं।

जी-7 नेताओं के बीच कुछ मतभेद दिखाई दिए। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने शिखर सम्मेलन के अंतिम घोषणापत्र के मसौदे में गर्भपात का उल्लेख न होने पर खेद व्यक्त किया।

# महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ता में बेटी को साथ रखने पर प्रधानमंत्री प्रचण्ड की आलोचना

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड की आज संसद में विपक्षी दलों ने आलोचना की है। विदेश भ्रमण के दौरान महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ता में अपने साथ बेटी को भी बिठाने को लेकर प्रधानमंत्री प्रचण्ड की आलोचना हो रही है।

नेपाल की संसद में विपक्षी सांसदों ने प्रधानमंत्री प्रचण्ड से सवाल किया है कि हाल ही में जब वो भारत की यात्रा पर गए थे तो यह दौरा उनका सरकारी था या पारिवारिक दौरा? नेपाली कांग्रेस की सांसद ईश्वरी न्यौपाने ने कहा कि आखिर प्रधानमंत्री की ऐसी क्या मजबूरी है कि वो हर द्विपक्षीय बैठक में अपनी बेटी को साथ में रखते हैं? उन्होंने कहा कि इससे देश को शर्मशार होना पड़ता है कि विदेशों में होने वाले महत्वपूर्ण मुलाकातों के दौरान प्रधानमंत्री के साथ बिना किसी प्रोटोकॉल के उनकी बेटी भी रहती हैं?

राप्रपा के सांसद ज्ञानेन्द्र शाही ने कहा कि हाल ही में पीएम प्रचण्ड के द्वारा दिल्ली भ्रमण के दौरान वहां कुछ महीने पहले भी प्रचण्ड की भारत यात्रा के दौरान भी वहां के एनएसए के साथ हुई मुलाकात में भी बेटी को साथ में रखने की



के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ हुई वन टू वन मुलाकात हो या फिर विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता हो, हर जगह प्रधानमंत्री प्रचण्ड की बेटी का साथ में रहना कूटनीतिक मर्यादा के विपरीत है। उन्होंने यह भी कहा कि फोटो सार्वजनिक हुई थी, जो अत्यन्त दुखद है। अन्य सांसदों ने भी प्रचण्ड के चीन भ्रमण से लेकर अमेरिका भ्रमण के दौरान भी हर जगह हुई सभी उच्चस्तरीय मुलाकात में बेटी की तस्वीर आना देश की मर्यादा को कम करता है।

# मेडिकल कालेज, जौनपुर में 'विश्व रक्तदाता दिवस' मनाया गया

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** 14 जून, 2024 को विश्व रक्तदाता दिवस एवं रक्तदाता के 20 वर्ष पूरे होने के अवसर पर उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर एवं वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्व विद्यालय, जौनपुर के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन प्रधानाचार्य, प्रो0 शिवकुमार के दिशा निर्देश में कार्यक्रम का प्रबंधन डा0 आशुतोष सिंह, प्रभारी अधिकारी, ब्लड बैंक द्वारा उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर के अस्पताल भवन में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति 0 बंदना सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो0 रूचिरा सेठी विभागाध्यक्ष एनाटॉमी विभाग के उद्बोधन द्वारा प्रारम्भ हुआ। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 ए0ए0 जाफरी द्वारा प्रथम रक्तदाता डा0 मनोज पाण्डेय, विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग को फरूटी एवं विस्कुट देकर अन्य लोगो द्वारा रक्तदान करने के लिए आग्रह किया गया। कुलपति महोदया द्वारा इस मौके पर उपस्थित समस्त चिकित्सक, कर्मचारी एंव छात्र-छात्रो को रक्तदान करने की शपथ दिलायी गयी। प्रो0 बन्दना सिंह ने बताया कि रक्तदान एक महादान है इससे बड़ा कोई दान नही है रक्तदान करके हम किसी का भी जान बचा सकते है जो व्यक्ति रक्तदान करता है उसे भी लाभ मिलता है क्योकि जिसे रक्त मिलता है वह दिल से रक्तदाता को आशीर्वाद देता है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डा0 ए0ए0 जाफरी ने बताया कि मेडिकल कालेज प्रशासन लगातार प्रयासरत है कि जल्द से जल्द ब्लड बैक की स्थापना की जाय एवं साथ ही साथ ब्लड बैंक का लाइसेंस मिल जाय। जिससे समय-समय पर हम व्यापक प्रचार प्रसार कर लोगो को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित कर सके एवं रक्तदाता द्वारा प्राप्त रक्त से जरूरत मंद का जीवन बचाया जा सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डा0 कृष्ण कुमार राय, जिला चिकित्सालय जौनपुर के दिशा निर्देश पर डा0 बी0के0 सोनकर, अरूण कुमार सिंह, इरसाद, शालिनी मौर्या, राजीव कुमार सिंह एवं मेडिकल कालेज जौनपुर के डा0 रविशंकर सिंह, डा0 विदिश उपाध्याय, डा0 गुलशन पटेल, डा0 धर्मेन्द्र, अबू सहमा खान तथा पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रो0 देवराज सिंह, डा0 अमित सिंह वत्स, डा0 राजबहादुर यादव, शशिकान्त यादव, श्याम कन्हैया सिंह, पुनीत धवन, राजेन्द्र सिंह, विपिन सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# तहसील केराकत सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में एवं पुलिस अधीक्षक डॉ अजय पाल शर्मा की उपस्थिति में तहसील केराकत सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारी को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर कुल 278 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुई, जिसमें राजस्व विभाग के 165, पुलिस विभाग के 70, विकास विभाग के 18 एवं अन्य के 25 है जिसमें से मौके पर ही 28 शिकायतों का निस्तारण किया गया। समाधान दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जे, पुलिस एवं राशन कार्ड से संबंधित शिकायते प्राप्त हुई जिसे सम्बंधित अधिकारियों को सौपते हुए निर्देशित किया गया कि जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये और निस्तारण करने के उपरान्त शिकायतकर्ता से बात अवश्य कर ले। वंशधारी पुत्र जगजीवन ग्राम बीरीबारी रसड़ा थाना चंदवक द्वारा शिकायत किया गया कि बंजर खाते के भूमि पर मुन्ना उर्फ श्यामधनी यादव व शिवधनी यादव पुत्रगण स्वर्गीय रामबदन द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर अन्य व्यक्तियों को बेचने की शिकायत की गई, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार को निस्तारण करने का निर्देश दिया गया एवं राजू पाल पुत्र हरगेन पाल ग्राम मटियारी थाना केराकत द्वारा शिकायत किया गया की राजस्व निरीक्षक द्वारा पत्थरगडी की कार्यवाही कर दी गई है परंतु अभी तक प्रार्थी को प्रभावित रकबे पर कब्जा दखल नहीं मिल सका है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी को आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया गया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत- रोहँव
## वि.खं. भनवापुर, जनपद-सिद्धार्थनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत रोहँव विकास खण्ड भनवापुर द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 21.06.2024 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत रोहँव के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 12:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत रोहँव के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत रोहँव कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत रोहँव के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- पूजाराम**
**ग्रा.पं. रोहँव**
**वि.खं. भनवापुर, सिद्धार्थनगर**

**सचिव- रविंद्र सिंह**
**ग्रा.पं. रोहँव**
**वि.खं. भनवापुर, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- गोपिया
## वि.खं. भनवापुर, जनपद-सिद्धार्थनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत गोपिया विकास खण्ड भनवापुर द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 16.06.2024 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत गोपिया के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 12:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत गोपिया के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत गोपिया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत गोपिया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- बरखूराम**
**ग्रा.पं. गोपिया**
**वि.खं. भनवापुर, सिद्धार्थनगर**

**सचिव- रणविजय यादव**
**ग्रा.पं. गोपिया**
**वि.खं. भनवापुर, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- कमसार
## वि.खं. भनवापुर, जनपद-सिद्धार्थनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत कमसार विकास खण्ड भनवापुर द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 21.06.2024 को 02:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कमसार के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत कमसार के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कमसार कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कमसार के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- गायत्री देवी**
**ग्रा.पं. कमसार**
**वि.खं. भनवापुर, सिद्धार्थनगर**

**सचिव- धीरेन्द्र सिंह यादव**
**ग्रा.पं. कमसार**
**वि.खं. भनवापुर, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- मुबारकपुर
## वि.खं. भनवापुर, जनपद-सिद्धार्थनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत मुबारकपुर विकास खण्ड भनवापुर द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 18.06.2024 को 03:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत मुबारकपुर के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 04:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मुबारकपुर के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मुबारकपुर कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत मुबारकपुर के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- कैंसरजहां**
**ग्रा.पं. मुबारकपुर**
**वि.खं. भनवापुर, सिद्धार्थनगर**

**सचिव- रामसागर यादव**
**ग्रा.पं. मुबारकपुर**
**वि.खं. भनवापुर, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- चकमझारी
## वि.खं. डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत चकमझारी विकास खण्ड डुमरियागंज द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 14.06.2024 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत चकमझारी के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत चकमझारी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत चकमझारी कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत चकमझारी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- हकीकुल्लाह**
**ग्रा.पं. चकमझारी**
**वि.खं. डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर**

**सचिव- लवकुश प्रसाद**
**ग्रा.पं. चकमझारी**
**वि.खं. डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- पिपरगड्डी
## वि.खं. डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत पिपरगड्डी विकास खण्ड डुमरियागंज द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19.06.2024 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत पिपरगड्डी के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत पिपरगड्डी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत पिपरगड्डी कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत पिपरगड्डी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- रूस्तम अली**
**ग्रा.पं. पिपरगड्डी**
**वि.खं. डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर**

**सचिव- अवनीश कुमार**
**ग्रा.पं. पिपरगड्डी**
**वि.खं. डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- पिकौरा
## वि.खं. भनवापुर, जनपद-सिद्धार्थनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत पिकौरा विकास खण्ड भनवापुर द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 21.06.2024 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत पिकौरा के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 12:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत पिकौरा के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत पिकौरा कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत पिकौरा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- उमेश**
**ग्रा.पं. पिकौरा**
**वि.खं. भनवापुर, सिद्धार्थनगर**

**सचिव- प्रतीक रावत**
**ग्रा.पं. पिकौरा**
**वि.खं. भनवापुर, सिद्धार्थनगर**

## कार्यालय ग्राम पंचायत- सागररौजा
## वि.खं. डुमरियागंज, जनपद-सिद्धार्थनगर

### अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत सागररौजा विकास खण्ड डुमरियागंज द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 21.06.2024 को 10:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत सागररौजा के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 11:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते -**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सागररौजा के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत सागररौजा कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत सागररौजा के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- सुमन देवी**
**ग्रा.पं. सागररौजा**
**वि.खं. डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर**

**सचिव- श्रीष कुमार**
**ग्रा.पं. सागररौजा**
**वि.खं. डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर**

## घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स घटकर 3,200 रुपये प्रति टन हुआ



**नई दिल्ली (हि.स.)।** सरकार ने घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में 2000 रुपये प्रति टन की कटौती की है। इस कटौती के बाद घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 5,200 रुपये प्रति टन से घटकर 3,200 रुपये प्रति टन हो गई है। नई दरें शनिवार, 15 जून से लागू हो गईं हैं।

सरकार की ओर से जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक घरेलू स्तर कच्चे तेल पर मौजूदा विंडफॉल टैक्स 5,200 रुपये प्रति टन से घटाकर 3,200 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। हालांकि, अधिसूचना के अनुसार पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाला अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) को शून्य पर बरकरार रखा गया है। अधिसूचना के मुताबिक नई दरें 15 जून से प्रभावी हो गई है।

उल्लेखनीय है कि 31 मई को घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 5,700 रुपये प्रति टन से घटाकर 5,200 रुपये प्रति टन कर दिया गया था। सरकार ने पहली बार एक जुलाई, 2022 को घरेलू कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स लागू किया था।

# भारत फिर बना चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार



**नई दिल्ली।** भारत के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण अब बढ़कर 5.21 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। वहीं हांगकांग के शेयर बाजार का पूंजीकरण घटकर 5.17 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। इसी वर्ष जनवरी में भी भारत ने बाजार पूंजीकरण के लिहाज से हांगकांग को पछाड़कर दुनिया में चौथा स्थान हासिल किया था। लेकिन हांगकांग ने बाद में अपनी जगह वापस हथिया ली थी।

केंद्र में नई सरकार बनने के बाद भारतीय शेयर बाजार लगभग हर दिन उच्च स्तर का नया रिकॉर्ड बना रहे हैं। इसके साथ ही भारत ने बाजार पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को एक बार फिर पछाड़ दिया है और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है।

भारत के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण अब बढ़कर 5.21 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। वहीं, हांगकांग के शेयर बाजार का पूंजीकरण घटकर 5.17 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। इसी वर्ष जनवरी में भी भारत ने बाजार पूंजीकरण के लिहाज से हांगकांग को पछाड़कर दुनिया में चौथा स्थान हासिल किया था।

**सबसे ज्यादा पूंजीकरण वाले देश**

| देश | पूंजीकरण |
|---|---|
| अमेरिका | 56.49 ट्रिलियन डॉलर |
| चीन | 8.84 ट्रिलियन डॉलर |
| जापान | 6.30 ट्रिलियन डॉलर |
| भारत | 5.21 ट्रिलियन डॉलर |
| हांगकांग | 5.17 ट्रिलियन डॉलर |

इस वजह से बढ़ा पूंजीकरण

बाजार विश्लेषकों के अनुसार, पिछले कुछ महीनों के दौरान भारत के शेयर बाजारों में तेज बढ़ोतरी रही है। जिससे बीएसई का पूंजीकरण भी बढ़ा है। अब भारतीय बाजार विदेशी निवेशकों को भी आकर्षित कर रहे हैं और आने वाले समय में विदेशी निवेश में तेजी आ सकती है। नेशनल स्टाक एक्सचेंज यानी एनएसई का निफ्टी पिछले एक महीने में करीब छह प्रतिशत और पिछले छह महीनों में 11.84 प्रतिशत बढ़ा है।

विश्लेषकों के अनुसार, अगले 12 महीनों में निफ्टी के 25,800 के स्तर के करीब पहुंचने की उम्मीद है। बीते सप्ताह बीएसई स्मालकैप में पांच प्रतिशत और मिडकैप में 4.4 प्रतिशत की तेजी रही है। स्टॉक ब्रोकर फर्म प्रभुदास लीलाधर के विशेषज्ञों का अनुमान है कि बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार पूंजीगत व्यय-संचालित विकास पर अपना ध्यान केंद्रित रखेगी। खासतौर पर प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई), सड़क, बंदरगाह, विमानन, रक्षा, रेलवे और नवीकरणीय ऊर्जा सहित इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास जैसे क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाएगा। आरबीआई की ओर से 2.1 लाख करोड़ रुपये का लाभांश मिलने से वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटे में 20 आधार अंक की कमी आने की भी उम्मीद है। प्रभुदास लीलाधर के विशेषज्ञों का कहना है कि आटो, बैंक, कैपिटल गुड्स, रक्षा, हास्पिटल्स, फार्मा, सीमेंट और विमानन क्षेत्र के शेयरों के लिए परिदृश्य सकारात्मक है।

## कर्नाटक में पेट्रोल 3 रुपये और डीजल 3.02 रुपये प्रति लीटर हुआ महंगा




**नई दिल्ली (हि.स.)।** कर्नाटक सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा किया है। पेट्रोल के दाम में 3 रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में 3.02 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में यह बढ़ोत्तरी बिक्री कर (केएसटी) में संशोधन होने के बाद हुई है। नई दरें तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं।

राज्य सरकार के वित्त विभाग द्वारा शनिवार,15 जून को जारी अधिसूचना के मुताबिक पेट्रोल पर कर्नाटक बिक्री कर (केएसटी) 25.92 फीसदी से बढ़ाकर 29.84 फीसदी और डीजल पर 14.3 फीसदी से बढ़ाकर 18.4 फीसदी कर दिया गया है। पेट्रोल और डीजल पर केएसटी में इजाफे के बाद बेंगलुरु में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में क्रमश– करीब 3 रुपये और 3.02 रुपये की बढ़ोत्तरी होगी।

अखिल कर्नाटक पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर कर्नाटक बिक्री कर (केएसटी) के इजाफा के बाद बेंगलुरु में पेट्रोल की कीमत बढ़कर 102.85 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी, जबकि डीजल की कीमत 88.93 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। फिलहाल बेंगलुरु में पेट्रोल 99.84 रुपये प्रति लीटर, जबकि डीजल 85.93 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

उल्लेखनीय है कि देश के अन्य शहरों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। देश की राजधानी नई दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

## फन रिपब्लिक मॉल में फ़न का स्पोर्ट्स चैंपियन में अब बारी बास्केटबॉल और टेबल टेनिस की

**लखनऊ।** लखनऊ का सबसे पसंदीदा शॉपिंग गंतव्य फन



रिपब्लिक मॉल इस गर्मी की छुट्टियों में लखनऊवासियों के लिए कुछ खास लेकर आया है जिससे शहरवासियों का पूर्ण मनोरंजन हो रहा है। फन रिपब्लिक मॉल ने 9 जून से 23 जून तक युवाओं एवं बच्चों के लिए फन का स्पोर्ट्स चैंपियन नामक एक फन फिल्ड एक्टिविटी चल रही है। जिसका उद्घाटन प्रियंका शैली मिश्रा.पूर्व महिला क्रिकेट अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी..वर्तमान समय में यूपीसीए की सीनियर महिला चयन समिति की अध्यक्ष.और लखनऊ महिला विंग की अध्यक्ष ने किया था।

फन रिपब्लिक मॉल में 10 से 14 जून तक क्रिकेट के शानदार आयोजन के बाद अब लखनऊवासी 15 से 19 जून के अंतराल में बास्केटबॉल और टेबल टेनिस का लुफ्त उठा सकेंगे। इसके 20 एवं 21 जून को क्रमशः जिम्नास्टिक, वेटलिफ्टिंग, योगा जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन होगा और अंत में 22 जून को बच्चों के लिए आर्ट और क्राफ्ट से सम्बंधित वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा जिसके बाद 23 जून को प्रतियोगिताओं का समापन हो जायेगा। अधिक जानकारी आपको फन रिपब्लिक मॉल के इंस्टाग्राम पेज से मिल जाएगी जहां पर स्पोर्ट्स से संबंधित कॉन्टैक्ट भी चल रहे हैं।

फन रिपब्लिक मॉल की मार्केटिंग मैनेजर प्रीती पांडे ने इस खास मौके पर बताया कि फन का स्पोर्ट्स चैंपियन अपने आपमें एक अनोखा इवेंट है जहां पर लखनऊ के कोने कोने से आए खिलाड़ियों को मौका दिया जा रहा है जहां वो अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

## हुंडई मोटर इंडिया ने आईपीओ के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट पेपर किए दाखिल




**नई दिल्ली (हि.स.)।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) भारतीय बाजार में आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) लाने की तैयारी में है। कंपनी ने आईपीओ के लिए शेयर बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं।

सूत्रों ने शनिवार को बताया कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने आईपीओ लाने के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा करा दिया है। एचएमआईएल के आईपीओ को अगर सेबी की मंजूरी मिल जाती है, तो यह भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक निर्गम होगा। कहा जा रहा है कि यह दो साल पहले आए एलआईसी के 21 हजार करोड़ रुपये के आईपीओ को भी पीछे छोड़ देगा। उल्लेखनीय है कि हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) हुंडई मोटर कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है। इसका मुख्यालय दक्षिण कोरिया में स्थित है। ये भारत में तीसरी सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल निर्माता है।

## जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट लखनऊ ने अपने 28वें दीक्षांत समारोह में भावी बिज़नेस लीडर्स को किया प्रेरित

**लखनऊ।** देश के प्रमुख एकेडमिक संस्थानों में से एक जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, लखनऊ ने पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेन्ट (पीजीडीएम), पीजीडीएम (फाइनैंशियल सर्विसेज़) और पीजीडीएम (रीटेल मैनेजमेन्ट) प्रोग्राम के छात्रों (2022-24 बैच) के लिए 28वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया। इस आयोजन ने 347 ग्रेजुएट छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत, उत्साह एवं अथक प्रयासों के लिए सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्य सभा के प्रतिष्ठित संसद सदस्य डॉ सुधांशु त्रिवेदी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। साथ ही 1998-2000 बैच से जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट लखनऊ के पूर्व छात्र और एक्सिस बैंक के सीनियर वाईस प्रेज़ीडेन्ट अशोक जोशी का स्वागत भी माननीय अतिथि के रूप में किया गया। समारोह के दौरान जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट, लखनऊ की डायरेक्टर डॉ कविता पाठक द्वारा सालाना रिपोर्ट पेश की गई और चेयरमैन श्री शरद जयपुरिया ने



ग्रेजुएट छात्रों को डिप्लोमा की डिग्री से सम्मानित किया।

गौतम बुद्ध की कालजयी शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. पाठक ने आज की तेजी से विकसित हो रही दुनिया में आत्मनिर्भरता और निरंतर सीखने के महत्व पर जोर दिया। अपनी रोशनी स्वयं बनो! उन्होंने बुद्ध के गहन मार्गदर्शन का उदाहरण देते हुए कहा। दीक्षा या साधना की परिणति पर, गौतम बुद्ध का उपदेश था कि अपना रास्ता खुद रोशन करो और इसे बड़ी विनम्रता, आंतरिक चेतना और आत्म-जागरूकता के साथ करो। अपने आप को पूर्वाग्रहों, और किसी भी डर से मुक्त करो जो तुम्हें पीछे धकेलता है। डॉ. कविता पाठक ने कहा।

अनुकूलनशीलता की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. पाठक ने स्नातकों से लर्न टू अनलर्न की अवधारणा को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने टिप्पणी की, ऐसी दुनिया में जहां हर तीन महीने में आप प्रौद्योगिकी को अपना रूप बदलते देखते हैं, सीखते हैं और नए ज्ञान, जानकारी और कौशल के साथ फिर से सीखने के लिए तैयार होते हैं।

## राजकीय पॉलिटेक्निक, बरेली में टोयोटा ने तकनीकी शिक्षा कार्यक्रम [टी-टीईपी] और स्टार छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू किया

**कानपुर।** स्किल इंडिया मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर [टीकेएम] ने आज राजकीय पॉलिटेक्निक, बरेली में 66वें टोयोटा तकनीकी शिक्षा कार्यक्रम (टी-टीईपी) सुविधा और टी-टीईपी के तहत तकनीकी शिक्षा तथा मान्यता के लिए छात्रवृत्ति कार्यक्रम [स्टार] पहल के शुभारंभ की घोषणा की। इन दोनों पहल का प्राथमिक उद्देश्य छात्रों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के कौशल में सुधार करना और कंपनी के अनूठे प्रशिक्षण कार्यक्रम, टोयोटा तकनीकी शिक्षा कार्यक्रम (टी-टीईपी) के जरिये उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। उद्घाटन समारोह में विधायक श्री डीसी वर्मामुख्य अतिथि थे। इस मौके पर राजकीय पॉलिटेक्निक, बरेली के प्रिंसिपल श्री नरेंद्र कुमार, वाणिज्यिक टोयोटा के निदेशक, श्री शिवम गुप्ता के साथ टीकेएम का वरिष्ठ प्रबंधन भी मौजूद था। टी-टीईपी एक व्यापक, साल भर चलने वाला कार्यक्रम है जिसमें ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग (ओजेटी) शामिल है और इसे अंतिम वर्ष के आईटीआई/डिप्लोमा छात्रों के लिए तैयार किया गया है। इस कार्यक्रम की



मुख्य विशेषताओं में टोयोटा द्वारा टी-टीईपी के प्रमुख प्रशिक्षकों के लिए विशेष प्रशिक्षण, रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए टोयोटा डीलरशिप पर व्यावहारिक कौशल विकास और भारतीय ऑटो उद्योग की जरूरतों के अनुरूप उन्नत तकनीकों का तकनीकी ज्ञान प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया पाठ्यक्रम शामिल है। पिछले साल, टीकेएम ने आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को तकनीकी शिक्षा पाने में मदद करने के लिए स्टार छात्रवृत्ति कार्यक्रम भी शुरू किया था। आज तक 13,000 से अधिक छात्रों को टी-टीईपी के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है, जिनमें से 70% से अधिक को देश भर में विभिन्न ऑटोमोबाइल कंपनियों और उनकी डीलरशिप में रोजगार मिला है। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए, कंपनी के कंट्री हेड और कॉरपोरेट मामलों तथा प्रशासन के कार्यकारी वाइस प्रेसिडेंट श्री विक्रम गुलाटी ने कहा, ÷टीकेएम में, हम युवा प्रतिभाओं के लिए उन्नत तकनीकी कौशल और ज्ञान प्राप्त करने के अवसर पैदा करने में तकनीकी प्रशिक्षण की परिवर्तनकारी शक्ति को पहचानते हैं। हमारी टी-टीईपी सुविधा और स्टार कार्यक्रम व्यापक कौशल भारत मिशन का समर्थन करते हुए ऑटोमोटिव उद्योग के लिए एक कुशल कार्यबल तैयार करने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है, जो अंततः हमारे समुदायों में सकारात्मक बदलाव लाएगा। टी-टीईपी पहल का हिस्सा, स्टार कार्यक्रम, योग्य छात्रों, विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करके और ऑटोमोटिव क्षेत्र में सफल करियर के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करके सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। राजकीय पॉलिटेक्निक, बरेली के प्रधानाचार्य श्री नरेन्द्र कुमार ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, यह साझेदारी हमारे छात्रों, खास तौर पर ग्रामीण और आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों के कौशल स्तर को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने के लिए तैयार है। टीकेएम द्वारा प्रदान किया जाने वाला व्यापक प्रशिक्षण और छात्रवृत्ति सहायता हमारे छात्रों को उनके करियर की आकांक्षाओं को प्राप्त करने और ऑटोमोटिव क्षेत्र तथा पूरे देश में सार्थक योगदान देने के लिए सशक्त बनाएगी।

## सन नियो अपने चार नए शोज छठी मैया की बिटिया, साझा सिंदूर, इश्क़ जबरिया, और नंदिनी के साथ करेगा दर्शकों का मनोरंजन

**मुंबई।** भारत के प्रमुख मीडिया नेटवर्क, सन टीवी नेटवर्क ने हाल ही में अपने पहले हिंदी जनरल एंटरटेनमेंट चैनल (जीईसी), सन



नियो के साथ हिंदी भाषी बाजार में कदम रखा है। इस चैनल ने हिंदी जीईसी क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से चार अपने आकर्षक शो छठी मैया की बिटिया, इश्क़ जबरिया, साझा सिंदूर और नंदिनी को लॉन्च करने की घोषणा की है। सन नियो इन चार नए शोज के साथ प्राइम-टाइम को और भी रोमांचक बनाने के लिए तैयार है, जो इस 16 जून से शाम 7 बजे से 3.5 घंटे अपने शानदार कंटेंट को प्रस्तुत करेगा। छठी मैया की बिटिया शो में उत्तर प्रदेश और बिहार में पूजनीय देवी छठी मैया का चित्रण प्रस्तुत किया गया है, उनके भक्तों में उनकी आस्था अटूट है साथ ही उन्हें बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इश्क़ जबरिया एक रोमांटिक ड्रामा है, जो पकड़वा विवाह के मुद्दे से जुड़ी एक लड़की की तमाम बाधाओं के बावजूद अपने सपनों को पूरा करने की यात्रा को दर्शाता है। साझा सिंदूर की कहानी माता-पिता बनने की इच्छा, बच्चे के जन्म, महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों, प्यार और विश्वासघात के इर्द-गिर्द घूमती है। नंदिनी एक अलौकिक फैंटसी थ्रिलर ड्रामा है, जो सांप के श्राप से पीड़ित एक अमीर और प्रभावशाली परिवार की कहानी है। इन चार शोज का उद्देश्य भारतीय दर्शकों की विविध प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक अनोखा कंटेंट प्रस्तुत करना है। द्धछठी मैया की बिटिया शो में देवी छठी मैया की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने कहा, जब मुझे यह भूमिका ऑफर की गई, तो मैं बहुत अचंभित थी क्योंकि यह मेरे द्वारा निभाए गए पहले किरदारों से बहुत अलग है। यह मेरा पहला ऐसा शो है, जिसमें मैंने एक देवी का किरदार निभाया है। मैंने ऐसी भूमिका निभाने की कभी कल्पना भी नहीं की थी। यह पहली बार है कि छठी मैया को हिंदी टीवी चैनल पर पेश किया जा रहा है, जिससे यह भूमिका निभाना मेरे लिए और भी खास हो गया है। बिहार की संस्कृति में रहते हुए और खुद छठी मैया के बारे में बहुत कुछ जानने के बाद जहाँ एक ओर बहुत उत्साहित हूं वहीं थोड़ी नर्वस भी हूं।

### घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 पर सम्मेलन 19 जून को

**नई दिल्ली।** घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) वित्त वर्ष 2022-23 पर डेटा उपयोगकर्ता सम्मेलन का आयोजन 19 जून, 2024 को राजधानी नई दिल्ली में किया जाएगा। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष डॉ बिबेक देबराय इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने शनिवार को जारी एक बयान में बताया कि इस सम्मेलन में विभिन्न प्रमुख अवधारणाओं, परिभाषाओं, सर्वे के प्रमुख परिणामों, इकाई स्तर के डेटा, गुणकों का उपयोग और एचसीईएस की डेटा गुणवत्ता का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा। इसके पश्चात प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के तहत राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) वर्ष 1950 में अपनी स्थापना के बाद से नियमित रूप से घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) का आयोजन कर रहा है।

## नरचर फ्लोरेस्ट' अयोध्या में किसानों को सहयोग प्रदान करने सबसे बड़ी एग्रोफॉरेस्टरी पहल

**अयोध्या।** जानी मानी विश्वस्तरीय फार्मास्युटिकल फर्म मैनकाइंड फार्मा ने एक अनूठी




पर्यावरण पहल 'नरचर फ्लोरेस्ट' की शुरूआत की है। यह एक भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनी के द्वारा पहली बार लाई गई अनूठी पहल है, जिसके तहत स्थानीय किसानों को सहयोग प्रदान करने और स्थायित्व को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 3300 से अधिक पेड़ों के साथ 'गायनेकोलोजिस्ट्स के सहयोग से एग्रोफॉरेस्टरी प्रोजेक्ट' की शुरूआत की गई है। 5 जून को आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मैनकाइंड फार्मा ने 'नरचर फ्लोरेस्ट' पहल की घोषणा की थी, जिसमें देश भर से 3300 से अधिक गायनेकोलोजिस्ट्स ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया था, जिन्होंने अपने पेशे को सम्मान देते हुए इस एग्रोफॉरेस्टरी प्रोजेक्ट को अपनाया। अयोध्या में स्थानीय किसानों द्वारा उगाया गया हर पौधा इस पेशे के प्रति सम्मान का प्रदर्शन है, जो महिलाओं के स्वास्थ्य और उनके सकारात्मक दृष्टिकोण के लिए गायनेकोलोजिस्ट्स के समर्पण की पुष्टि करता है। नरचर फ्लोरेस्ट के तहत पेड़ों की विभिन्न प्रजातियां उगाई जाएंग जिनमें जामुन, आम, अमरूद, चीकू और फल वाले वृक्ष शामिल होंगे, जो स्थानीय किसानों को आय के अतिरिक्त स्रोत प्रदान करेंगे। इसके अलावा छांव देने, हवा को शुद्ध करने और आस-पास के पर्यावरण में सुधार लाने के लिए नीम और पीपल जैसी प्रजातियों को चुना गया है, जिन्हें खासतौर पर शिक्षण परीक्षण विद्या आश्रम स्कूल के आस-पास उगाया जाएगा।

# खज़ाना और हंगामा ने की खज़ाना आर्टिस्ट अलाउड टैलेंट हंट के 7 वें संस्करण की घोषणा



दो विजेताओं को मुंबई में 26 और 27 जुलाई 2024 में भारत का सबसे बड़ा ग़ज़ल महोत्सव खज़ाना ग़ज़ल महोत्सव में दिग्गज कलाकारों के साथ प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा।

ग़ज़ल उस्ताद अनूप जलोटा, तलत अज़ीज़, रेखा भारद्वाज, सुदीप बैनर्जी और पेनाज़ मसानी परीक्षक की भूमिका निभाएंगे और विजेताओं का चयन करेंगे।

खज़ाना - ग़ज़लों का महोत्सव, जो हर साल मनाया जाने वाला सबसे प्रतिष्ठित ग़ज़ल महोत्सव है, और हंगामा आर्टिस्ट अलाउड, एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म जो स्वतंत्र सामग्री का समर्थन और प्रचार करता है, ईन दोनों ने एक बार फिर खज़ाना आर्टिस्ट अलाउड टैलेंट हंट की घोषणा की है, जो दुनिया भर के नवोदित कलाकारों के लिए है। टैलेंट हंट के 7वें संस्करण में ग़ज़ल कलाकार प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे, और ग़ज़ल उस्ताद अनूप जलोटा, तलत अज़ीज़, रेखा भारद्वाज, सुदीप बैनर्जी और पेनाज़ मसानी परीक्षक की भूमिका निभाएंगे।

भाग लेने के लिए, प्रतियोगियों को गजल गाते हुए उनके वीडियो 21 जून 2024 तक https://www.artistaloud.com/khazana2024/ अपलोड करने होंगे । इसके बाद एक जूरी मीट होगी, जिसमें 20 शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवार हंगामा कार्यालय कुर्ला, मुंबई में लाइव प्रदर्शन करेंगे।

खज़ाना एक वार्षिक संगीत समारोह है जो ग़ज़लों की कला का उत्सव मनाता है। यह हर साल मुंबई में प्रस्तुत किया जाने वाला सबसे प्रतिष्ठित और चर्चित वार्षिक महोत्सव है। इसका स्थापना प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक पंकज उधास ने दो दशक पहले की थी।

खज़ाना आर्टिस्ट अलाउड टैलेंट हंट, ग़ज़ल गायकों के लिए भारत का पहला और एकमात्र टैलेंट हंट, छह साल पहले हंगामा और खज़ाना द्वारा शुरू किया गया था। खज़ाना आर्टिस्ट अलाउड टैलेंट हंट के 7वें संस्करण ने फिर से प्रतिभाशाली ग़ज़ल गायकों को इस साल जुलाई में अगले खज़ाना में गाने का अवसर प्रदान किया है।

खज़ाना आर्टिस्ट अलाउड टैलेंट हंट प्रतियोगिता का समापन दो विजेताओं के 'खज़ाना - ए फेस्टिवल ऑफ ग़ज़ल्स' में ग़ज़ल के दिग्गजों के साथ 26 और 27 जुलाई 2024 को मुंबई में प्रदर्शन के साथ होगा।

प्रतिभा खोज के बारे में अपने विचार साझा करते हुए, प्रसिद्ध कलाकार अनूप जलोटा ने कहा, खज़ाना आर्टिस्ट अलाउड टैलेंट हंट के 7वें संस्करण का हिस्सा बनकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। वर्षों के साथ, हम अधिक से अधिक नई प्रतिभाओं को टैलेंट हंट में भाग लेते हुए देख रहे हैं। खज़ाना और हंगामा आर्टिस्ट अलाउड के इस सहयोग के माध्यम से हम ग़ज़ल संगीत के प्रति युवाओं की रुचि को बढ़ावा दे रहे हैं।

ग़ज़ल उस्ताद तलत अज़ीज़ ने कहा, ÷हम एक बार फिर दुनिया भर के नवोदित युवा प्रतिभाओं को आगे आने और अपने ग़ज़ल प्रेम और प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मेरे और मेरे प्रिय मित्र पंकज उधास और अनूप जलोटा द्वारा 2002 में एक आकस्मिक मुलाकात में शुरू किया गया खज़ाना महोत्सव पंकज और उनकी टीम द्वारा उनके बेटी नायाब के नेतृत्व में प्रेमपूर्वक आगे बढ़ाया गया और इस महोत्सव ने 22 साल पूरे कर लिए हैं, जो इसे एक प्रतिष्ठित बना देता है। अब सभी प्रयास इस समृद्ध ग़ज़ल परंपरा को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी फरियाद

## शिकायती पत्रों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें : डीएम



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** शासन के मंशानुरूप शिकायती पत्रों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करें। शिकायती पत्रों में पारदर्शिता होनी चाहिए। गुण दोष के आधार पर फरियादियों को न्याय मिले। इसमें किसी भी स्तर से लापरवाही क्षम्य नही होगी। उक्त बातें शनिवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने खड्डा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में लोगों की शिकायती पत्रों का निस्तारण करने के दौरान कहा।

उन्होंने ने कहा कि तहसील दिवस के प्रार्थना पत्रों को ग्राम पंचायतों में

### 71 मामलों में सात का कराया निस्तारण

जाकर प्रार्थना पत्रों का अधिकारी व कर्मचारी स्वयं संज्ञान लेते हुए निस्तारण करें तथा ऐसे मामले जिनके निस्तारण में व्यवधान हो उनके सम्बन्ध में अपने उच्च अधिकारियों को अवश्य अवगत कराएं तथा राजस्व टीम प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के समय सर्वप्रथम आवेदक को सहमति के आधार पर समस्या का निस्तारण करने का प्रयास करें अगर नियमों के अंतर्गत प्रार्थना पत्रों का निस्तारण संभव नहीं है तो तत्काल उच्च अधिकारी को अवगत कराए तथा निस्तारण करने का फोटो एवं वीडियो अवश्य बनाकर रखें। दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास करें। प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में संवेदनशील रहे।प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में लापरवाही क्षम्य नही होगी इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने पुलिस विभाग से जुडे मामलों की सुनवाई की व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को प्राप्त सभी संदर्भों का निस्तारण राजस्व विभाग की सहायता से प्राथमिकता एवं गुणवत्ता के साथ शत प्रतिशत सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 71 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से राजस्व विभाग के 22 में से 04 को तत्काल निस्तारित कराया गया। राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित 06, पुलिस विभाग से 16, विकास विभाग से संबंधित 08, स्वास्थ्य विभाग के 02 तथा अन्य विभाग के 17 प्रार्थना पत्र में से तत्काल 3 का निस्तारण हुआ। इस प्रकार कुल 71 में से 07 प्रार्थना पत्र का निस्तारण तत्काल एवं अवशेष 64 प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभाग को समय से पहले निस्तारण के निर्देश के साथ सौंपा गया।

### सर्वे में लापरवाही बरतने के आरोप में लेखापाल निलंबित

30 मई रात्रि को आए तेज आंधी तूफान में किसानों के खेतों में लगे केले के फसलों की क्षति का सर्वे कार्यों में शिथिलता एवं लापरवाही बरतने के कारण लेखपाल कृष्ण प्रसाद को निलंबित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी खड्डा को दिए। किसानों के क्षति हुए फसलों के सर्वे कार्यों में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। राजस्व विभाग से प्राप्त शिकायतों के क्रम में उन्होंने कहा की कोई भी कानूनगो और लेखपाल अपने हल्के में उच्च अधिकारियों के बिना आदेश के कदापि पैमाईश न करें। विवादों को निस्तारित करने के प्रयास करें न कि उसे और विवादास्पद करें। ज्यादातर मामले राजस्व में पैमाईश से संबंधित होते है इसलिए राजस्व वादों के निस्तारण में सभी अधिकारी व कर्मचारी सजगता व संवेदनशीलता बरतें और गुणवत्तापूर्ण निस्तारित करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का निस्तारण आज नहीं हो सका है उनका समय के अंतर्गत शासन की मंशानुसार सुचिता एवं पारदर्शिता के साथ गुणवत्ता पूर्ण एवं संतुष्टिपूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण हो जाना चाहिए। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं उनका उत्साहवर्धन भी किया।

### कुशीनगर माथा कुंवर मंदिर के करीब अधेड़ का मिला शव

**कसया, कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के कुशीनगर स्थित मांथा कुंवर मंदिर के पास शनिवार को एक व्यक्ति जमीन पर गिरा मिला। आसपास के लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने व लोगो ने आनन फानन में सीएचसी कसया लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। कसया थाना क्षेत्र के अनिरुद्धवा गांव के खनुआ टोला (वार्ड -20 शहीद भगत सिंह नगर) निवासी रमेश यादव (45) पुत्र बंसु यादव किसी काम से कुशीनगर गया था। शनिवार की शाम करीब 4:30 बजे मांथा कुंवर मंदिर के बाहर पास में आसपास के दुकानदारों ने जमीन पर पड़ा हुआ देखा। किसी ने इसकी जानकारी कुशीनगर चौकी पुलिस को दी। सूचना पर चौकी प्रभारी रणजीत सिंह बघेल मय फोर्स पहुंचे और व्यक्ति को सीएचसी कसया पहुंचाया जहां डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया। इसे प्रथम दृष्ट्या पुलिस मौत की वजह हीट स्ट्रोक मान रही है। चौकी प्रभारी ने बताया कि परिजन के पोस्टमार्टम की कार्रवाई से इंकार कर रहे थे इसलिए जरूरी विधिक कार्रवाई करते हुए शव को सुपुर्द कर दिया गया।

# टीबी मुक्त पंचायत करने का लक्ष्य: आशुतोष मिश्र

## सभी के सहयोग से जीतेंगे टीबी के खिलाफ जंग : कल्पना




अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** हर माह की 15 तारीख को निक्षय दिवस मनाया जाता है जिसके क्रम में शनिवार को सीएचसी कसया के अंतर्गत विश्वम्भरपुर के मलिन बस्ती में समुदाय बैठक कर ग्रामीणों को टीबी रोग के प्रति जागरूक किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष मिश्र ने कहा कि 2025 तक टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अब हमें ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करना है जिसके लिए आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि यह बिना आप सभी के सहयोग से सम्भव नही हो पायेगा। अतः जिन व्यक्तियों को टीबी रोग के लक्षण दिखे वे अवश्य अपनी जांच करा ले। एसटीएस शाहिद अंसारी ने कहा कि टीबी की जांच एवं उपचार निःशुल्क है तथा मरीज को दवा के साथ ही उनके खाते में प्रतिमाह पोषण भत्ता भी दिया जा रहा है। सीएचओ कल्पना ने कहा कि आप सभी के सहयोग से टीबी के खिलाफ जंग हम जरूर जीतेंगे तथा प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत 2025 के सपने को साकार करेगे। इस दौरान 11 सम्भावित व्यक्तियों के बलगम के नमूने जांच हेतु एकत्रित किए गए। इस दौरान ईशरावती देवी, सैम्पल ट्रांसपोर्टर धनश्याम प्रसाद, वेदांती देवी, मालती देवी, उषा देवी, उर्मिला देवी, फूलमती देवी, गरिमा, रीमा, सपना, अंजू, रेशमा, काजल, गीता, गुड्डू, बबलू, पुत्तन, नगीना आदि दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# तहसील दिवस की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण करें निस्तारण: डीएम




अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव के चलते संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन बंद था चुनाव समाप्त होने के बाद शनिवार को पहले संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जहां फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी है जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सिराथू तहसील में फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और उसके निस्तारण के लिए अधीनस्थों को निर्देशित किया गया जिले के सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील सिराथू में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पैमाइश आदि से सम्बन्धित कोर्ट के आदेश का अनुपालन न कराये जाने की शिकायतें प्राप्त होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी राजस्व निरीक्षकों को निर्देशित किया कि इस प्रकार की शिकायतों का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण/समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 135 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता शोभा सिंह निवासी ग्राम-टाण्डा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि गांव के ही दबंग व्यक्ति द्वारा खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सिराथू को प्रकरण की जॉच कर खलिहान की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता दारा सिंह निवासी ग्राम-रमपुरवा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि गांव के ही व्यक्ति द्वारा ग्रामसभा की भूमि पर मकान बना लिया गया है तथा आरसीसी रोड में पिलर गाड़ दिया गया है।

# बकरीद पर खुले में न करें कुर्बानी, अवशेष गड्ढों में करें दफन



**कप्तानगंज, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** बकरीद त्यौहार को लेकर कप्तानगंज थाना परिसर में शनिवार की शाम पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित लोगों से अधिकारियों ने शांति माहौल में त्यौहार मानने की अपील किए। शासनादेश का उल्लेख करते हुए प्रतिबंधित पशुओं एवं खुले में कुर्बानी न करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। पीस कमेटी की बैठक में हिंदू मुस्लिम समुदाय के धर्म गुरुओं के अलावा क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बकरीद त्योहार को लेकर शासनादेश के बारे में बताया गया। पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी कप्तानगंज योगेश्वर सिंह ने कहा कि कुर्बानी खुले में न करें और अवशेष गड्ढों में दफन करें। ध्यान रहे कोई भी व्यक्ति प्रतिबंध पशुओं की कुर्बानी न करें। सीओ कुंदन सिंह ने कहा कि कुर्बानी करते समय रील न बनाएं, न ही सोशल मीडिया पर वायरल करें, यह अपराध है। थानाध्यक्ष राजुमार बरवार ने कहा कि आपसी भाईचारे के साथ मिलकर त्यौहार मनाए। त्यौहार में खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाई की जायेगी।

# समस्याओं के निराकरण को बनी पत्रकार समन्वय समिति



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** नगर स्थित निरीक्षण भवन में शनिवार को विभिन्न समस्याओं को लेकर पत्रकारों की एक बैठक हुई। जिसमें कई संगठनों के प्रतिनिधि पत्रकार शामिल हुए पत्रकारों की समस्याओं पर व्यापक चर्चा के उपरांत पत्रकार समन्वय समिति के गठन का निर्णय लिया गया।

शनिवार को पत्रकार सुधीर रंजन के संयोजन में पत्रकारों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें युवा और वरिष्ठ पत्रकारों ने वर्तमान परिवेश में पत्रकारों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर व्यापक चर्चा की। अंबरीश मिश्र ने कहा कि अतीत में पत्रकारों का जो गौरव था उसमें वर्तमान परिवेश में काफी ह्रास हुआ है इसके पीछे पत्रकार और समाज दोनों जिम्मेदार हैं। जहां पत्रकारिता के समक्ष साख का संकट उत्पन्न हुआ है वही पत्रकारों को अपने दायित्व के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। पत्रकारों के सामने आज तमाम संकट खड़े हैं जिस पर समन्वय स्थापित करने की भी जरूरत है।संतोष श्रीवास्तव ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पत्रकारों को संगठित होकर चुनौतियों पर चर्चा करना और समस्याओं के निराकरण के प्रति आगे बढ़ना समय की मांग है। इसके अभाव में आने वाला समय और गंभीर चुनौती पैदा कर सकता है। आलोक रंजन ने कहा कि पिछले दशक तक पत्रकारों की खबरों का जो असर होता था वह आज नहीं है इसके पीछे कहीं न कहीं पत्रकार स्वयं जिम्मेदार हैं हमें अपने नैतिक दायित्व का बोध करना होगा। विजय मिश्र ने कहा कि जिले के विभिन्न संगठनों के लोगों को पत्रकारों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों के समाधान के लिए आगे आना होगा। शैलेंद्र सिंह ने युवा पत्रकारों के समक्ष चुनौतियां और समस्याओं को बैठक में रखा। सुधीर रंजन द्विवेदी ने कहां की जिले में कई पत्रकार संगठन सक्रिय हैं जिनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पत्रकार समन्वय समिति बनाकर पत्रकारों के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों और समस्याओं के निराकरण का कार्य किया जाएगा।

### रामपुर सुहेला एवं नॉदेमई में ससुर खदेरी नदी की खुदाई जीर्णोद्धार कार्य का सीडीओ ने किया निरीक्षण



**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा शनिवार को ग्राम पंचायत-रामपुर सुहेला में मनरेगा योजनान्तर्गत चल रहें कार्य-बनवारी के खेत से राम सुमेर के खेत तक ससुर खदेरी नदी की खुदाई/जीर्णोद्धार कार्य का भौतिक निरीक्षण किया गया।मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान मौके पर 90 श्रमिक कार्य करते हुए पाये गए। खण्ड विकास अधिकारी, सिराथू भावेश शुक्ला ने मुख्य विकास अधिकारी को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कार्य को 750 मीटर लम्बाई में कराया जायेंगा, वर्तमान में कुल 150 मीटर तक कार्य कराया जा चुका हैं एवं शेष कार्य जारी है। कार्य की कुल प्राक्कलित लागत 8.13 लाख है, जिसमें 3317 मानव दिवस सृजित करने का प्रावधान हैं। नदी पुनरुद्धार में औसतन 10 मीटर चौड़ाई और ढलान के अनुसार औसतन 1.6 मीटर गहराई तक खुदाई करायी जा रहीं है और 1.20 मीटर का दोनों तरफ बंधा तैयार किया जा रहा है, जिसके उपरान्त नदी में जल धारण क्षमता और वर्ष भर पानी की उपलब्धता बनाये रखने में मदद मिलेगी। जंगली जानवरों, पशु पक्षियों एवं किसानो को सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बनी रहेंगी। नदी पुरुद्धार से जहाँ एक ओर मानव दिवस सृजन कर अकुशल श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, वही दूसरी ओर जल संरक्षण तथा विलुप्त प्राय नदी को पुनर्जीवित भी किया जा रहा हैं।

### आवेदन पत्र करें प्रस्तुत

**अमेठी।** प्रभागीय वनाधिकारी वन प्रभाग अमेठी रणवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 (यथा संशोधित) के प्राविधानों के अनुसार जिन व्यक्तियों संस्थाओं को दिनांक 01 अप्रैल 2016 से 31 मार्च 2018 (वित्तीय वर्ष 2016-17 एवं 2017-18) तक वृक्ष पातन अनुज्ञा जारी की गयी है तथा उक्त पातन अनुज्ञाओं के सापेक्ष वृक्षों के काटने गिराने के बदले पौध रोपण हेतु प्रतिभूति (जमानत) धनराशि बंधक की गयी है के सम्बन्ध में सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित वृक्ष पातन अनुज्ञा धारकों द्वारा उक्त काटे गिराये गये वृक्षों के बदले यदि नियमानुसार वृक्ष लगाये गये हों तो सम्बन्धित प्रतिभूति धनराशि की वापसी हेतु 15 दिन के भीतर कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी वन प्रभाग अमेठी में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर दें। ताकि रोपित पौधों की स्थलीय जाँच कराकर प्रतिभूति (जमानत) धनराशि वापसी हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा सके। इस अवधि तक उक्त आवेदन पत्र प्रस्तुत न करने वाले पातन अनुज्ञा धारकों की प्रतिभूति (जमानत) धनराशि नियमानुसार जब्त कर ली जायेगी।

# शिकायतें लंबित न रखी जाये: डीएम



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील गौरीगंज में कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील अमेठी में 74 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 04 का निस्तारण किया गया।तहसील तिलोई में 39 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमे 06 का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 32 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह तहसीलदार गौरीगंज सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की आयोजित की गई त्रैमासिक बैठक



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार समिति (डीसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की मार्च-2024 की त्रैमासिक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी।

बैठक के मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि द्वारा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं के सुलभ एवं सफल क्रियान्वयन के लिए बैंको को निर्देशित किया गया। जनपद का ऋण जमानुपात एवं वार्षिक ऋण योजना की प्रगति की बैंकवार समीक्षा की गयी। जिसमें मार्च-2024 को समाप्त वार्षिक तिमाही में जनपद ने वार्षिक ऋण योजना के लक्ष्य 394150.33 लाख के सापेक्ष 419671.95 लाख की उपलब्धि प्राप्त की, जोकि लक्ष्य का 106.48 प्रतिशत रही। वार्षिक ऋण योजना 2023-24 में कृषि क्षेत्र की उपलब्धि 42.56 प्रतिशत एवं कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की उपलब्धि 73.13 प्रतिशत रही जो कि काफी असंतोषजनक है। जिसके लिए अध्यक्ष द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी। साथ ही मार्च-2024 तिमाही में जनपद का ऋण जमानुपात रेसियों 40.51 प्रतिशत था। जोकि राज्य के औसत लक्ष्य 59 प्रतिशत से कम है। जनपद के लगभग सभी प्रमुख बैंकों का ऋण जमानुपात रेसियों 40 प्रतिशत से कम है, जिसके लिए सीडीओ द्वारा सख्त नाराजगी व्यक्त की गई एवं सभी बैंको को ऋण जगानुपात के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सख्त निर्देश दिया गया। कृषि, उद्योगों, एवं अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में ऋण को बढ़ावा देकर जनपद के ऋण जमानुपात रेसियो को राज्य के औसत लक्ष्य तक प्राप्त करने का निर्देश जारी किया गया। साथ ही अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के लक्ष्य से अधिक उपलब्धि एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्वयं सहायता समूहों को सी0सी0एल0 ऋण में वितरण में जनपद की राज्य में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सराहना की गयी एवं इसमें उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बड़ौदा यू0पी0बैंक एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा प्राप्त उपलब्धि की अध्यक्ष द्वारा प्रशंसा की गयी। इस बैठक में वार्षिक ऋण योजना 2024-25 के लक्ष्य जोकि 541069.90 लाख का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में सभी शासकीय योजनाओं, स्वयं सहायता समूहों, किसान क्रेडिट कार्ड, व्यवसाय ऋणों एवं पी0 एम0 स्वनिधि से सम्बन्धित ऋण पत्रावलियों को समय से स्वीकृत व वितरित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी शासकीय योजनाओं के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने का निर्देश भी अध्यक्ष महोदय द्वारा दिया गया। वित्तीय साक्षरता एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ाने, गुणवत्तापूर्ण नोटों की आपूर्ति के सम्बन्ध में भारतीय रिजर्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी ने प्रकाश डाला। जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड द्वारा प्री पी0एल0पी0 2025-26 की चर्चा की गयी। अन्त में अग्रणी जिला प्रबन्धक अरूणेश कुमार ने सांसद एवं अध्यक्ष को सभी बैंको द्वारा लक्षित प्रगति के आश्वासन के साथ सभी उपस्थित गणमान्य अधिकारियों एवं सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए बैठक का समापन किया।

### जिलाधिकारी व एसपी ने सलेमपुर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी जन समस्याएं

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने सलेमपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याओं की सुनवाई की। आज कुल 73 प्रकरण आये जिसमें 06 प्रकरणों का मौके पर समाधान किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक फरियादी की समस्याओं का गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ निस्तारण किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिकारी जिन प्रकरणों की जांच करने स्वयं जाते हैं उनका गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें, जिससे लोगों को उनकी समस्याओं का समाधान मिल सके। उन्होंने कहा कि समस्त लेखपालों का उत्तरदायित्व होगा कि उनकी तैनाती जिस ग्राम पंचायत में है, यदि वहाँ खलिहान की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण होता है तो उनकी संज्ञान में लाएं। यदि किसी अन्य माध्यम से उनकी संज्ञान में खलिहान की भूमि पर अतिक्रमण की जानकारी मिलेगी तो लेखपाल का उत्तरदायित्व तय कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिन प्रकरणों में संयुक्त रुप से निराकरण की आवश्यकता हो, उसमें आपसी समन्वय रखते हुए उन मामलो का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्ता के साथ होना चाहिये। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने पुलिस विभाग से जुडे मामलो की सुनवायी किये व पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षो को प्राप्त सभी सन्दर्भो का निस्तारण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराये जाने का निर्देश दिया। तहसील सलेमपुर में आयोजित समाधान दिवस में कुल प्राप्त 73 प्रकरणो मे सर्वाधिक राजस्व विभाग के 45, पुलिस के 14, विकास के 01 व अन्य विभागों से 13 मामले आये। 06 प्रकरणों का आज समाधान किया गया। शेष 67 प्रकरणों को संबंधित विभागों समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश के साथ सौंपा गया। आज आने वाले प्रकरणों में से अधिकांश पारिवारिक भूमि विवाद, पैमाइश, चकरोड, अतिक्रमण, विद्युत, राशनकार्ड आदि से संबंधित थे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत- मस्जिदिया वि.खं. शोहरतगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत मस्जिदिया विकास खण्ड शोहरतगढ द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 26.06.2024 को 01:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत मस्जिदिया के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मस्जिदिया के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मस्जिदिया कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत मस्जिदिया के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- सुकलावती**
**ग्रा.पं. मस्जिदिया**
**वि.खं. शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर**

**सचिव- सुमन पटेल**
**ग्रा.पं. मस्जिदिया**
**वि.खं. शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर**

# आपसी सौहार्द के साथ मनायें ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्यौहार: डीएम



- धर्मप्रमुखों व अधिकारियों के साथ बैठक कर हुयी वार्ता
- विद्युत, पेयजल, स्वास्थ्य, सफाई व यातायात सहित सभी व्यवस्थाएं रखने के निर्देश
- भ्रामक अफवाह या अराजक तत्वों के प्रति संवेदनशील रहे पुलिस : एसपी

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** आमामी 17 जून 2024 को ईद-उल-अजहा (बकरीद) त्यौहार को परम्परागत शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाये जाने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद के धर्मप्रमुखों व सम्बंधित अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में शान्ति एवं कानून व्यवस्था की बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने जनपदवासियों से त्यौहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाने की अपील भी की। जिलाधिकारी ने कहा कि ईद-उल-अजहा (बकरीद) त्यौहार के दौरान सुबह 7 बजे से 10 बजे के मध्य ईदगाहों/मस्जिदों में सामूहिक नमाज अदा की जाएगी, इस हेतु सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें, पेयजल व विद्युत आपूर्ति सुचारु रखें, विद्युत फाल्ट आने पर तत्काल ठीक करायें तथा धार्मिक स्थलों पर पर्याप्त सफाई व्यवस्था करायी जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि त्यौहर पर आपात कक्ष में इमरजेन्सी डॉक्टर मय स्टाफ एवं आवश्यक दवाओं के साथ उपस्थित रहेंगे, एम्बुलेंस भी सक्रिय रहेंगी। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर सफाई करायी जाए। यातायात व्यवस्था बेहतर तरीके से व्यवस्थित की जाए, वाहनों को एकत्र न हो दें तथा बाजारों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की चैकिंग भी करायी जाए। उन्होंने समस्त उप जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए पीस कमेटी की बैठकें आयोजित करा लें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था पूर्ण रुप से व्याप्त है, प्रत्येक धार्मिक आयोजन में शासन के दिशा-निर्देशों का अनुपालन अति आवश्यक है। धर्मगुरु किसी भी प्रकार के धार्मिक आयोजन की सूचना अपने क्षेत्र के थानों में अवश्य दें।

# पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य ने जिले का किया भ्रमण



**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर आये पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य बौद्ध अरविंद सिंह पटेल ने महर्षि बालार्क चिकित्सालय, सीएचसी कैसरगंज व 50 बेडेड मैटरनिटी विंग कैसरंगज का निरीक्षण विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया तथा मौके पर मौजूद चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि चिकित्सालयों में सरकार द्वारा प्रदत्त सभी स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जाए।

सदस्य श्री पटेल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व 50 बेडेड मैटरनिटी विंग कैसरगंज के निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका, ओपीडी, लेबर रूम, ब्लड बैंक, कोल्ड चेन, स्टाफ, दवाओं की उपलब्धता एवं रख-रखाव, एक्सरे रूम, पैथोलॉजी, इमरजेंसी तथा वार्डो का अवलोकन किया। वार्ड के निरीक्षण के दौरान मरीज़ों व तीमारदारों से चिकित्सालय द्वारा प्रदान की रही सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। कोल्ड चेन मे मौजूद प्रतिरक्षण अधिकारी संगीता श्रीवास्तव से स्टाक व दवाओ के रखरखाव की जानकारी लेते हुए व्यवस्थाओ पर सन्तोष व्यक्त करते हुए उनके कार्यो की सराहना की।

# राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशों का अनुपालन कराये अधिकारी: जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से राजस्व, पुलिस, वन, वाणिज्यकर, खनन, जिला पंचायत, उद्योग, अग्निशमन आदि विभागों के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिये गये कि साप्ताहिक भ्रमण कर मा. हरित अधिकरण के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कैसरगंज पंकज दीक्षित, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसौदिया, महसी अनिल कुमार सिंह, कैसरगंज रूपेन्द्र कुमार गौड़, जिला अग्निशमन अधिकारी गौड़ विशाल रामानुज, उपायुक्त उद्योग केशवराम वर्मा सहित जिला पंचायत, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अयोध्या से वैज्ञानिक सहायक अफजल अबरार, प्रयोगशाला सहायक विनोद वर्मा तथा अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत डगा वि.खं. पूरनपुर, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योंजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 19.06.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 20.06.2024 सायं 4:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**इस्तियास अहमद**
**ग्राम प्रधान**

**रामकिशोर**
**सचिव**

## योग दिवस का वरदानी भवन में हुआ शुभारंभ

**ललितपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में साप्ताहिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें योगाभ्यास एवं राजयोग मेडिटेशन कराया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अधिक से अधिक संख्या में सभी ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में राजयोगिनी बीके चित्ररेखा दीदी, बीके मायारानी दीदी, बीके प्रीती दीदी, बीके पूजा, बीके विद्यासागर भाई, रामस्वरूप भाई, कुंजबिहारी उपाध्याय भाईजी, लक्ष्मी नारायण भाई, डा.श्रीराम भाई, खुशीलाल भाई, रामप्रसाद भाई, दातार भाई, मंजू बहन, चंदा बहन, मुन्नी बहन, विमला माताजी, भगवती माताजी, विमला बहन, सुमन बहन समस्त बीके भाई-बहन उपस्थित रहे।

# हर घर आंगन योग-करो योग रहो निरोग

- अटल पार्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह का शुभारंभ

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के परिपेक्ष्य में पूरे देश में आयुष मंत्रालय द्वारा 15 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है, इसी के तहत नगर के अटल पार्क में आयुष विभाग और नगर विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में योग सप्ताह शिविर विधिवत प्रारंभ हुआ। शिविर का शुभारंभ प्रातः 06 बजे महापौर श्रीमती कामिनी राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह एवं सीडीओ दीक्षा जैन ने संयुक्त रूप से भगवान धनवंतरि के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। किया। शिविर प्रतिदिन 05 से 06 बजे तक संचालित होगा, जिसमें योग, आसन, प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया जाएगा और योग के माध्यम से रोगों का निदान किया जाएगा।



इस मौके पर महापौर कामिनी राठौर ने कहा कि हमे योग और प्राणायाम को अपनी जीवन शैली का हिस्सा बनाना चाहिए,तभी हम निरोग रह सकते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह ने कहा कि योग, शरीर मन और बुद्धि को आत्मा के नियंत्रण में रखकर आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का काम करता है। सीडीओ दीक्षा जैन ने कहा कि नियमित योग करने से इम्यूनिटी पावर बढ़ती है जो हमारे लिए सुरक्षा कवच का काम करती है इसलिए प्रयेक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम एक घंटा योग करना चाहिए। योग शिविर समन्वयक/प्रधानाचार्य भगवानदास शंखवार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन योगाचार्य डॉ पी एस राना ने किया।

इस मौके पर परियोजना निदेशक प्रदीप पांडेय, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 सरस वर्मा, सहायक नगर आयुक्त निहाल सिंह, जेडएसओ संदीप भार्गव, चीफ इंजीनियर मनीष कुमार सिंह, आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारियों में डॉ0राकेश कुमार, डॉ0महेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ0सुग्रीव अशोक, डॉ0 निधि बंसल, डॉ0 साक्षी कनोजिया, बेसिक से जिला क्रीड़ा शिक्षक सीपी सिंह, स्काउट गाइड शिक्षिका विनीता सिंह, पूजा उद्योग समूह के राजीव अग्रवाल, योग प्रशिक्षक राजमाला यादव, धर्मेंद्र वर्मा, मानिक चन्द्र यादव, राजेश यादव, मनोज सविता आदि उपस्थित रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत रम्पुरा मुस्तकिल कोन वि.खं. पूरनपुर, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योंजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 19.06.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 20.06.2024 सायं 4:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**रजविन्द्र कौर**
**ग्राम प्रधान**

**सुरेश वर्मा**
**सचिव**

# नीट परीक्षाओं में धांधली, कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



- छात्र-छात्राओं के भविष्य को लेकर सरकार को नहीं है कोई चिंता: अभिषेक

**सुल्तानपुर।** नीट परीक्षा परिणामो में धांधली को लेकर कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजदूगी में दो दर्जन से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से निकलकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए 6 सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में आये सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को भेजा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नीट परीक्षा 2024 में की गई धांधली अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच हो जिससे दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जा सके।नीट परीक्षा में जिन छात्रों के नंबर 580 से ऊपर आए हैं उनके परीक्षा केदो के नाम सार्वजनिक किया जाए।नीट परीक्षा में जिन परीक्षा केदो के परीक्षार्थियों को उच्चतम अंक मिले हैं उनके परीक्षा केंद्र के भीतर की वीडियो रिकॉर्डिंग सार्वजनिक की जाए। नीट परीक्षा 2024 संपन्न करने वाली संस्था एन0टी0ए0 (NTA) द्वारा जिस मनमानी तरीकों को अपनाते हुए माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों का उलझन करते हुए परीक्षार्थियों की ग्रेस मार्क दिए गए तथा अनियमितताएं की गई को दृष्टिगत रखते हुए आगामी किसी भी परीक्षा को संपन्न करने के लिए संस्था एन0टी0ए0 (NTA) को प्रतिबंधित किया जाए, आदि मांग पत्र के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा शासन काल में पेपर लीक होना आम बात हो गई है।नीट परीक्षा में हुई धांधली से लाखों बच्चों के भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है लेकिन केंद्र सरकार देश के नौजवान छात्र-छात्राओं के भविष्य को लेकर कोई चिंता नहीं है, और न ही पारदर्शिता से प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन करने में सक्षम है। वहीं उन्होंने सरकार से परीक्षा को दोबारा करने का आग्रह किया है, ताकि सभी छात्र-छात्राओं के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके।

## जिला पंचायत इण्टर कालेज, कालाआम-खीरी।

पत्रांकः मेमो/ जि0प0इ0का0-कालाआम/2024-25 दिनांक : 12 जून, 2024

### अति अल्पकालिक निविदा सूचना

राजकीय निर्माण कार्यों में दक्ष फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि प्रोजेक्ट अलंकार सहयोगी अनुदान योजनान्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य हेतु निविदा दिनाँक 29.06.2024 को समय 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी तिथि को सायं 02.00 बजे से समिति के समक्ष खोली जायेगी, कार्य का विवरण निम्नवत् है-

| क्रम स. | विकास खण्ड | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (लाख में) | जी.एस.टी. रहित धन राशि रु. में | धरोहर राशि (रु. में) | टेण्डर मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | लखीमपुर | जिला पंचायत, इण्टर कालेज कालाआम में छः कक्षों का निर्माण कार्य। | 46.620 | 3822840 | 76457 | 1180 | 8 माह |

1. निविदा के साथ फर्मो/ठेकेदारों द्वारा पंजीयन प्रमाण-पत्र, हैसियत प्रमाण-पत्र, चरित्र प्रमाण-पत्र जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड, डी0डी0/एफ0डी0आर0 की संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. सार्वजनिक निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजो पर रायल्टी का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषयक भूतत्व एव खनिज कर्म विभाग द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेशों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।
3. पंजीकृत ठेकेदार को ठेका दिये जाने के पश्चात कभी भी यह संज्ञान में आता है कि वह ठेकेदार सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों असामाजिक कार्यों एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसे प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम प्राधिकारी द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।
4. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी में निहित होगा।

कार्यदायी सस्था प्रबन्धक/प्रशासक एवं प्रधानाचार्य, जिला पंचायत इण्टर कालेज, कालाआम खीरी

**प्रधानाचार्य**
**जिला पंचायत इण्टर कालेज**
**कालाआम खीरी**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भगवन्तापुर बघेड़ा वि.खं. ललौरी खेडा, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योंजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 19.06.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 20.06.2024 सायं 4:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**ख्याली राम**
**ग्राम प्रधान**

**अमित श्रीवास्तव**
**सचिव**

### सूचना

मैं फरत जहाँ (FARAT JAHAN) W/O सदाब (SADAB), निवासी 108/292, तालाब गगनी शुक्ल, लखनऊ, उत्तर प्रदेश की हूँ। मैंने अपना नाम फरत जहाँ (FARAT JAHAN) से बदलकर फरहत जहाँ (FARHAT JAHAN) रख लिया है, जो कि अब मेरे सभी दस्तावेजों में दर्ज है। मुझे भविष्य में फरहत जहाँ (FARHAT JAHAN) के नाम से जाना,पहचाना व पुकारा जाए।

### सूचना

मैं मोहम्मद शादाब (MOHAMMAD SHADAB) पुत्र अल्ताफ हुसैन, निवासी 108/292, तालाब गगनी शुक्ल, लखनऊ, उत्तर प्रदेश का हूँ। मैंने अपना नाम मोहम्मद शादाब (MOHAMMAD SHADAB) से बदलकर सदाब (SADAB) रख लिया है, जो कि अब मेरे सभी दस्तावेजों में दर्ज है। मुझे भविष्य में सदाब (SADAB) के नाम से जाना,पहचाना व पुकारा जाए।

## कार्यालय-नगर पंचायत मथौली जनपद-कुशीनगर (उ.प्र.)

पत्रांक- 418/न.प.म./पे.ज.यो./2023-2024 दिनांक- 11-06-2024

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना
### ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना

एतद्वारा सूचित किया जाता है, कि पेयजल हेतु व्यवस्था योजना अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पंचायत मथौली में विभिन्न निर्माण कार्य कराया जाना है, जिसके लिए ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। कार्य से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध निविदा नोटिस में धरोहर धनराशि, निविदा डालने की तिथि, समय, श्रेणी, कार्य करने की अवधि एवं निविदा लागत तथा निविदा के विस्तृत नियम एवं शर्तों का उल्लेख है।

| 1 | बेवसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा प्रकाशित किये जाने की तिथि एवं समय | 14.06.2024 | 05:00 बजे अपरान्ह |
| 2 | ई-निविदा डाउनलोड किये जाने की प्रारम्भ तिथि एवं समय | 14.06.2024 | 05:00 बजे अपरान्ह |
| 3 | ई-निविदा अपलोड किये जाने की अन्तिम तिथि एवं समय | 21.06.2024 | 12:00 बजे मध्याहन |
| 4 | ई-निविदा खोलने की तिथि व समय | 21.06.2024 | 02:00 बजे अपरान्ह |

**(प्रभाकर सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत मथौली**
**कुशीनगर।**

**(नवरंग सिंह)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत मथौली**
**कुशीनगर।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सैजना वि.खं. ललौरी खेडा, पीलीभीत

### निविदा आमन्त्रण सूचना

सभी पंजीकृत फर्मों व आपूर्तिकताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत की वार्षिक कार्योंजना वर्ष 2024-25 ग्राम निधि (राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त), SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), मनरेगा योजना आदि मंद से प्राप्त शासकीय धनराशि से ग्राम में सी.सी. रोड निर्माण, इन्टरलॉक कार्य, नाला/नाली निर्माण कार्य, RRC केन्द्र निर्माण, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गढ्ढे, फिल्टर चैम्बर, ई-रिक्शा क्रय, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, स्ट्रीट लाईट, सोलर लाईट, हैन्डपम्प मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर, फर्नीचर व उपकरण क्रय, कायाकल्प कार्य, शौचालय निर्माण व मरम्मत (रैट्रोफिटिंग कार्य), वालपेन्टिंग कार्य, सोक पिट निर्माण, व शासन के आदेशानुसार अन्य कार्य सम्पादित किये जाने हैं। उक्त कार्यों के लिए उचित गुणवत्ता की ईट, इन्टरलॉक ब्रिक, सीमेन्ट, मौरंग, रेता, बजरी, सरिया, टीनशेड, ई-रिक्शा, स्ट्रीट व सोलर लाईटें, फर्नीचर, टाईल्स व अन्य सामग्री क्रय की जानी हैं। जिसके लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 19.06.2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 20.06.2024 सायं 4:00 बजे खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कोई भी निविदा प्राप्त न होने की स्थिति में ग्राम पंचायत किसी भी अधिकृत फर्म से शासन द्वारा अनुमन्य दरों पर सामग्री क्रय करने हेतु स्वतन्त्र होगी।

**निर्दोश गंगवार**
**ग्राम प्रधान**

**अमित श्रीवास्तव**
**सचिव**

# प्रयागराज में लाख उद्योग से हजारों ग्रामीण बेरोजगारों को मिला काम

- पारंपरिक उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए वरदान साबित हो रही है स्फूर्ति निधि योजना
- खादी ग्रामोद्योग के सहयोग से मिली निधि से 11 हजार से अधिक ग्रामीणों को मिला रोजगार

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** वृहद स्तर पर रोजगार सृजन उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की प्राथमिकता है। सरकार इसके लिए जहां नए उद्योग लगा रही है तो वहीं पारंपरिक उद्योगों का भी पुनरुद्धार कर रही है। स्फूर्ति निधि योजना पारंपरिक उद्योगों को नया जीवन दे रही है । प्रयागराज में लाख उद्योग के उन्नयन में सहयोग कर रही इस योजना से हजारों ग्रामीण रोजगार पा रहे हैं। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र के पारंपरिक उद्योगों में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। योगी सरकार इन पारंपरिक उद्योगों को नया जीवन प्रदान कर रही है। प्रयागराज के मोहरब में लाख के क्लस्टर का विकास किया जा रहा है। खादी ग्रामोद्योग विभाग की तरफ से इस उद्योग के पुनरुद्धार के लिए मदद की गई है। प्रयागराज के जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी अजय कुमार सिंह बताते हैं कि स्फूर्ति निधि योजना के अंतर्गत मोहरब के बायो वेद रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज संस्थान को 256.12 लाख की आर्थिक मदद प्रदान की गई है । इस आर्थिक मदद से यहां लाख के उद्योग के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित किया गया है। इसे क्लस्टर के रूप में विकसित कर गांव के बेरोजगार लोगों को रोजगार दिया जा रहा है। प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर के निकट मोहरब में स्थापित ब्रिट्स संस्थान लाख के उत्पादन का प्रदेश में अग्रणी संस्थान है। लाख की खेती के लिए प्रोत्साहन दे रहा यह संस्थान अब लाख से कई तरह के इको फ्रेंडली उत्पाद तैयार कर हजारों ग्रामीणों को काम भी दे रहा है। संस्थान के निदेशक डॉ. बीके द्विवेदी बताते हैं कि खादी ग्रामोद्योग की तरफ से स्फूर्ति निधि योजना से ?236.12 लाख की आर्थिक मदद मिली है जिससे यहां कॉमन फैसिलिटी सेंटर स्थापित किया गया है। सरकार की तरफ से इसमें 90 फीसदी की सब्सिडी प्रदान की गई है। सेंटर स्थापना से ग्रामीण कारीगरों को काम और स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है। डॉक्टर बीके द्विवेदी के मुताबिक योजना से लाख उद्योग के उत्पाद निर्माण से 11 हजार से अधिक ग्रामीणों को काम मिला है।

### बदल रही है ग्रामीण कारीगरों और महिलाओं की जिंदगी

पारंपरिक उद्योग गांवों के एक बड़े हिस्से को रोजगार देते हैं। स्फूर्ति योजना पहले बांस, खादी और शहद जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित जिसमे लाख उद्योग को भी शामिल किया गया है। इसका प्राथमिक उद्देश्य पारंपरिक उद्योगों और कारीगरों को एक साथ लाना , नए उत्पादों को बाजार की मांग के अनुरूप डिजाइन करना और क्लस्टर के विकास से बेहतर पैकेजिंग करना है। प्रयागराज में लाख के उत्पादों को तैयार करने में स्थापित सीएफसी से स्थानीय कारीगरों और ग्रामीण लोगों को रोजगार मिला है। आनापुर की गृहिणी प्रतिमा मिश्रा बताती हैं कि अपना घर गृहस्थी का काम पूरा कर वह संस्थान में लाख से बने विभिन्न गिफ्ट आइटम और यूटिलिटी प्रोडक्ट तैयार करती हैं जिससे उन्हें अतिरिक्त आमदनी हो रही है। मोहराब गांव की रजिया बेगम का कहना है कि संस्थान में वह लाख के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण ले रही हैं । आगे इसकी मार्केटिंग से उनकी आमदनी बढ़ेगी।

# राष्ट्रीय राजमार्ग के नाले को किया बंद पीएनसी ने थमाया नोटिस

- ग्राम पंचायत में कुंडौरा किसान ने बनवा दी सीसी दीवाल

अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** नेशनल हाईवे 34 के किनारे बसे ग्राम पंचायत कुंडौरा प्रधान को नोटिस भेज कर नेशनल हाईवे द्वारा निर्मित कराए गए नाले को अज्ञात व्यक्ति द्वारा जाम करने के बाद खुलवाने के लिए कहा है। नेशनल हाईवे 34 ग्राम पंचायत कुंडौरा के मध्य से गुजरता है। पंचायत के गंदे पानी एवं बरसात के पानी के निकासी के लिए दोनों तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण में नाला निर्माण कर रखा है। इस नाले को किसी अज्ञात व्यक्ति ने अंतिम छोर में पूरी तरह से आरसीसी की दीवाल बनाकर जल निकासी को अवरुद्ध कर दिया है। जिससे गांव का गंदा पानी नाले में ही एकत्र हो रहा है। हाईवे के रखरखाव का जिम्मा संभाल रही पीएनसी कंपनी के पेट्रोलिंग आफिसर की सूचना पर कंपनी कॉरिडोर मैनेजर राम सिंह ने ग्राम पंचायत को नोटिस भेजकर अवरुद्ध नाले को मुक्त कराने का निर्देश दिया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद प्रताप सिंह यादव ने बताया कि पीएनसी का नोटिस प्राप्त हुआ है। गांव के छोटे सिंह ने नाले को बंद किया है। छोटे सिंह का कहना कि उसके खेत में गांव का गंदा पानी जाता है। इससे उसकी फसल को नुकसान पहुंचता है। कहा कि पीएनसी की नोटिस का जवाब तैयार करके भेजा जा रहा है। ताकि आगे की कार्यवाही कंपनी स्वतः कर सके।

# विश्व रक्तदान दिवस: जिलाधिकारी ने फीता काटकर ब्लड सेपरेटर यूनिट का किये शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह आज विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर ब्लड बैंक केन्द्र राबर्ट्सगंज में ब्लड सेपरेटर यूनिट का माँ सरस्वती जी के चित्र पर माल्र्यापण कर व फीता काटकर शुभारंभ किये, इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि ब्लड सेपरेटर यूनिट के शुभारंभ हो जाने से जनपद के लोगों को प्लाजमा लेने के लिए गैर जनपद नहीं जाना पड़ेगा, प्लाजमा, प्लेटलेट की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी, लगभग 500 यूनिट क्षमता वाले ब्लड बैंक में इस यूनिट के संचालन से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में मरीजों को काफी सुविधा प्राप्त होगी, इस यूनिट के संचालन से डेंगू पीड़ित मरीजों को भी प्लेटलेट की सुविधा जनपद में ही मिलेगी और गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों का ईलाज जनपद में ही हो सकेगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान महादान है, रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं आती, ब्लड बैंक में रक्त होने से इमरजेंसी में बहुत उपयोगी साबित होता है, उन्होंने कहा कि विभिन्न व्यापरी वर्ग, जनपद के विभिन्न फाउंडेशन व अन्य समूहों की तरफ से भी रक्तदान किया जा रहा है, इस मुहिम को सभी लोग आगे बढ़ाएं। सभी लोग मिल-जुलकर हर जगह रक्तदान करने के लिए सबको प्रेरित करें तभी इसकी सफलता है, उन्होंने कहा कि आज रक्तदानियों और सहयोगियों का उत्साह देखते बनता है, रक्तदान से लोगो की जान बचाई जा सकती है। इस दौरान जिलाधिकारी ने रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर उत्साह वर्धन किया। रक्तदान करने में सहयोग करने वाली संस्थाओं उत्साह वर्धन भी किये। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, सी0एम0एस0 डॉ0 सुरेश सिंह, प्राचार्य मेडिकल कालेज सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण, व्यापारी वर्ग, मीडियागण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# तहसील दिवस पर सुनी गयी फरियादियों की समस्याएं



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** शनिवार को तहसील दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से तहसील सदर (रॉबर्ट्सगंज) पर जन शिकायतों को सुना गया तथा तहसील दिवस के अवसर पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी सिटी डॉ चारू द्विवेदी, घोरावल राहुल पाण्डेय,सिओ सदर संजीव कटियार मौजूद रहे वही जनपद के अन्य तहसील पर संम्बन्धित अधिकारियों द्वारा जन समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया गया।22

# बेसिक शिक्षा विभाग के सभी विद्यालयों में संचालित होगी स्काउटिंग गाइडिंग

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** आलोक सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर ने शिक्षा निदेशक बेसिक द्वारा जारी निर्देश के क्रम में बेसिक शिक्षा के कक्षा 1 से 8 तक प्रत्येक विद्यालय में बालक और बालिकाओं की एक-एक स्काउट गाइड दल का बनाए जाने के निर्देश प्रदान किए हैं जिनका निःशुल्क पंजीकरण नवीनीकरण भारत स्काउट और गाइड द्वारा कराया जाएगा। इन दलों के दल प्रभारी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण भी भारत स्काउट गाइड द्वारा निशुल्क कराया जाएगा। इसी के साथ शासन द्वारा डीबीटी योजना के माध्यम से प्रदान की जाने वाली दो सेट यूनिफॉर्म में से एक सेट यूनिफॉर्म स्काउट गाइड की अभिभावकों द्वारा बच्चों को दिलवाई जाएगी जिसकी राशि शासन द्वारा उनके खातों में उपलब्ध कराया जाता है साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि एक-एक स्काउट बैण्ड भी प्रत्येक जनपद, ब्लॉक स्तर पर भी टीमों द्वारा तैयार किया जाएगा। जिसकी प्रतियोगिता जनपद मंडल एवं प्रदेश स्तर पर कराई जाएगी। विशेष रूप से बताते चलें कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रत्येक स्कूल में स्काउट गाइड शिक्षा नामक पुस्तक निशुल्क प्रदान की जाती है जिसमें विद्यालय में स्काउट गाइड पाठ्यक्रम का निर्धारण समय सारणी के अनुसार नियमित पठान-पाठन भी कराया जाएगा। इससे जनपद के बच्चों में स्काउटिंग को प्रभावी ढंग से संचालित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसका सामंजस्य जिला स्काउट मास्टर के माध्यम से विभिन्न खंड शिक्षा अधिकारियों के निर्देशन में विद्यालय में कराया जाएगा। बच्चों को शारीरिक ,मानसिक ,नैतिक, देशप्रेम व नेतृत्व क्षमता के साथ चारित्रिक निर्माण में स्काउट गाइड का महत्वपूर्ण योगदान रहता है । जल्दी जनपद में संचालित स्काउट दलों के यूनिट लीडर को प्रशिक्षित कर विद्यालय में बच्चों को स्काउट शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसे जिला में शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि समस्त खंड शिक्षा अधिकारी, एसआरजी, एआरपी, संकुल शिक्षक तथा अन्य पर्यवेक्षण अधिकारी विद्यालयों में निरीक्षण , पर्यवेक्षक के समय स्काउट गतिविधियों व उनका पाठ्यक्रम के अनुसार समय सारणी में शिक्षक की विस्तृत जानकारी व समीक्षा करेंगे।

## योग सप्ताह का हुआ शुभारम्भ

**प्रयागराज।** दशम् अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के उपलक्ष्य में दिनांकः 15 जून से 21 जून तक जन सामान्य को नियमित रूप से योग से जोड़ने उद्देश्य से आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसके तारतम्य में जनपद प्रयागराज में इस कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरु प्रसाद मौर्य, विधायक फाफामऊ द्वारा आज अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद उद्यान, सिविल लाइन्स प्रयागराज में दीप प्रज्ज्वलन एवं योगाभ्यास से किया गया। मौके पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 शारदा प्रसाद, होम्योपैथिक अधिकारी डा0 संजीव वर्मा, क्रीड़ाधिकारी देवी प्रसाद जिला उद्यान अधिकारी, डा0 राजेश चन्द्र मौर्य, डा0 हेमन्त सिंह, डा0 दीपक सोनी, डा0 सुमन मिश्रा आयुष विभाग के चिकित्सक व योग प्रशिक्षकों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से योगाभ्यास का प्रदर्शन किया गया।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया थाना सिसोलर का वार्षिक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा थाना सिसोलर का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम जनसुनवाई कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया गया तत्पश्चात थाने के कार्यालय, लॉकअप, अपराध रजिस्टर/ महिला हेल्पडेस्क/साइबर हेल्प डेस्क /सीसीटीएनएस कक्ष/ विवेचना कक्ष/ ई-मालखाना / मैस/ थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया गया, अभिलेखों को गहनता से चेक किया गया व समय से अद्यावधिक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया, तदोपरांत थाना परिसर की साफ-सफाई को चेक किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए साथ ही थानाध्यक्ष सिसोलर तथा अन्य पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाली जनता /पीड़ितों से सम्मानजनक व्यवहार करने व जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में कप्तान द्वारा ग्राम प्रहरी(चौकीदार) से वार्ता कर थाना क्षेत्र के बारे में जानकारी की गई तथा आगामी त्यौहार के दृष्टिगत क्षेत्र में सतर्क दृष्टि बनायें रखने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रो में संदिग्ध लोगो पर निगाह रखें। भूमि विवाद व रंजिश के मामलो में उन लोगो पर नजर रखें जिससे कोई वारदात होने से पहले पुलिस को सूचना मिल सके। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मौदहा, थानाध्यक्ष सिसोलर व अन्य सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## एमसीएच हॉस्पिटल पर हो करवाई की मांग

**सोनभद्र।** जिला अस्पताल स्थित सौसैया युक्त मातृ एवं स्वास्थ्य विग अस्पताल में आए दिन हो रही चिकित्सा स्टाफ द्वारा लापरवाही के खिलाफ पीड़ितों द्वारा संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जाता है उसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है ताजा मामला प्रकाश में आया है कि जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल के रिलेशन में परिजनों के डिलीवरी के दौरान वहां के चिकित्सकों व स्टाफ द्वारा किए गए लापरवाही और इस संदर्भ में जब अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा वार्ता की गई तो उनसे दुर्व्यवहार किया गया वहीं बता दें कि मामले में संज्ञान लेते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अरुण पटेल ने शनिवार को जिलाधिकारी व सीएमओ को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए बताया कि विगत 6 जून, 2024 को सौ शैयायुक्त मात्र एवं स्वास्थ विंग सोनभद्र (एम0सी0एच0) में ग्राम बैड़ाड घोरावल निवासी पूजा पटेल पति सुनील पटेल प्रसव पीड़ा के दौरान भर्ती कराया गया था।

# इलाहाबाद सर्जन एसोसिएशन की तरफ से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** इलाहाबाद सर्जन्स एसोसिएशन के सौजन्य से आज मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।अखिल भारतीय सर्जन एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रोबल नियोगी की पहल पर एसोसिएशन की तरफ से पूरे देश में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए, और इसी श्रृंखला में इलाहाबाद सर्जन्स एसोसिएशन ने इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस शिविर की थीम पे बैक टू सोसाइटी थी। शिविर का उद्घाटन इलाहाबाद सर्जन्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल और मोती लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. कमल सिंह, इलाहाबाद सर्जन्स एसोसिएशन के सचिव डॉ. वैभव श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह, संयुक्त सचिव डॉ. संतोष सिंह, सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. वी के पांडे, सर्जरी विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. सबी अहमद, डॉ यूके पांडे, डॉ अरविंद श्रीवास्तव, डॉ कचनार वर्मा,डॉ सुबिया अंसारी, श्री के पी सिंह समेत कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस पुण्य अवसर पर संयुक्त सचिव डॉ संतोष सिंह ने सबसे पहले रक्तदान कर शुरुआत की एवं बायोकेमेस्ट्री विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. बिनू और चर्म रोग विभाग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुधा यादव, डॉ विशाल केवलानी डॉक्टर अखिलेश यादव डॉ रवि राज पाटिल डॉ तरुण कलर डॉ आलोक सिंह डॉक्टर सुयश डॉक्टर नीतूसमेत कुल 65 लोगों ने रक्तदान किया। इस आयोजन का उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस आयोजन से जुड़े सभी लोगों ने इस प्रयास को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# फर्जी अस्पताल पर कार्यवाही न करने पर डीएम ने सीएमओ की लगाई कलास

अवधनामा संवाददाता



**राठ।** कस्बे में सरकारी अस्पताल के पास चल रहे फर्जी अस्पताल के संचालन में स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका को संदिग्ध मानते हुए डीएम राहुल पांडे ने भरे तहसील दिवस में सीएमओ को जमकर फटकार लगाई। बताते चलें कि राठ में संचालित हो रहे फर्जी अस्पतालों में सरकारी अस्पताल के पास संचालित अवैध अस्पताल हमेशा सुर्खियों में रहता है। बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय से लेकर जिला स्तरीय अधिकारी भी उक्त अस्पताल पर कार्यवाही करने से बचते हैं। आज जब तहसील दिवस में एक युवक राठ में संचालित हो रहे फर्जी अस्पताल पर कार्यवाही की शिकायत करने डीएम राहुल पांडेय के पास पहुंचा तो डीएम ने उक्त विषय में सीएमओ डॉ गीतम सिंह से जानकारी लेनी चाहिए जिसपर सीएमओ ने अपनी सफाई में बोला कि उस अस्पताल का वह निरीक्षण कर चुके हैं वहां कुछ नहीं मिला इसपर जिलाधिकारी नें पूछा कि बच्चे की मौत हुई है या नहीं इसपर सीएमओ हूं में सर हिलाते हुए चुप हो गए। बस इतना सुनते ही डीएम का पारा चढ़ गया और कार्यवाही न करने पर सीएमओ पर कार्यवाही करने की बात कही और सीएमओ को जमकर फटकार लगाई तथा सीओ राठ को निर्देश देते हुए एफआईआर करने की बात कही। उक्त फर्जी अस्पताल के संचालन की खबर को अनेकों बार अखबारों में प्रकाशित किया गया लेकिन स्वास्थ्य विभाग के कानों पर जूं नहीं रेंगी। आलम ये है कि किसी भी दिन कोई बड़ी दुर्घटना इन फर्जी अस्पतालों में हो सकती है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। अब जिलाधिकारी की बात को सीएमओ द्वारा कितना गंभीरता से लिया जाता है ये तो भविष्य के गर्त में है।

### राठ में सरकारी अस्पताल के पास चल रहे फर्जी अस्पताल पर कार्यवाही की मांग

**राठ, हमीरपुर।** कस्बे में सरकारी अस्पताल के पास चल रहे फर्जी अस्पताल में डिलेवरी दौरान हुई एक छह माह के मासूम की मौत के बाद कार्यवाही न होने व धडल्ले से संचालित हो रहे इस अवैध अस्पताल में स्थानीय चिकित्साकर्मियों के संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए तहसील दिवस में एक युवक ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंप कार्यवाही की मांग की। युवक के प्रार्थना पत्र पर जिलाधिकारी हमीरपुर ने सीएमओ को फटकार लगाते हुए कार्यवाही करनें को कहा। कस्बे के पठनऊ मुहल्ले निवासी युवक रोहित यादव ने बताया कि कस्बे के सरकारी अस्पताल के पास एक फर्जी अस्पताल संचालित हो रहा है। जिसे एक गांव का प्रधान व उसकी आशा बहु पत्नी संचालित कर रहे हैं। अस्पताल में कोई चिकित्सक नहीं है बावजूद उसके उस अस्पताल में धड़ल्ले से डिलेवरी व ऑपरेशन इन लोगों के द्वारा किए जाते हैं। कुछ समय पूर्व इन्हीं के अस्पताल में एक छह माह के मासूम की डिलेवरी के दौरान मौत हो गई थी। जिस पर इन लोगों ने पीड़ित से सांठ गांठ कर मामला को दबा दिया था। इससे पूर्व भी एक फर्जी अस्पताल में एक युवक की मौत हो चुकी है। युवक ने स्वास्थ्य कर्मियों की भी संलिप्तता की बात कही है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम राहुल पांडे ने कार्यवाही करने के सीएमओ और सीओ राठ को निर्देश दिए हैं।

## हिंदुस्तान इंजीनियरिंग क्लब ने एसजेसी को हराया

**प्रयागराज।** हिंदुस्तान इंजीनियरिंग क्लब ने सेंट जोसेफ कॉलेज (एसजेसी) को प्रथम स्वर्गीय हाफिज़ ग़ज़नफर उल्ला स्मृति अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता में पांच विकेट से हराया। एमआईसी मैदान पर शनिवार को खेले गए मैच में सेंट जोसेफ कॉलेज ने 22.3 ओवर में 104 रन (प्रत्यूष कुमार 33, कृष्णम पाण्डेय 31, अथर्व 3/15, संस्कार श्रीवास्तव 3/22) बनाये। जवाब में हिंदुस्तान इंजीनियरिंग ने 15.2 ओवर में पांच विकेट पर 106 रन (सक्षम 22, आरव मौर्य 20 नाबाद, अंश सोनकर 19 नाबाद, प्रकेत 15, मोहम्मद आकिब इमरान 2/24) बना लिए। संस्कार श्रीवास्तव को रेलवे के क्रिकेटर सुशील ओझा ने मैन ऑफ दि मैच का पुरस्कार दिया।

# एनटीपीसी सिंगरौली के स्टेज-3 के कार्य की प्रगति का क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर), एनटीपीसी लिमिटेड ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एन श्रीनिवास राव, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर), एनटीपीसी लिमिटेड ने दिनांक 14.06.2024 को एनटीपीसी सिंगरौली के आगंतुक स्टेज - 3 प्लांट के प्रगति कार्य का निरीक्षण किया। तत्पश्चात् उन्होंने विद्युत गृह के पुराने सेंट्रल स्टोर, स्टेज-1 ट्रैक होपर, स्टेज-2 एफ.जी.डी., न्यू पी.ई.बी., यूनिट 1 व 6 कंट्रोल रूम, एवं स्टील यार्ड का भी दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में विद्युत गृह के कामकाज की गहन समीक्षा करते हुए भारत सरकार की विद्युत प्राथमिकताओं के अनुसार गुणात्मक भावी कार्य योजना के संबंध में उचित दिशा-निर्देश भी दिए। एन श्रीनिवासा राव ने कहा कि एनटीपीसी लिमिटेड कर्मचारियों के कल्याण के लिए सभी सक्रिय कदम उठा रही है एवं उन्होंने अपने संबोधन में एनटीपीसी लिमिटेड के प्रमुख एजेंडे पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के राजीव अकोटकर (परियोजना प्रमुख,एनटीपीसी सिंगरौली), एल के बेहेरा, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना), अमरीक सिंह भोगल, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), जोसफ बास्टीयन, महाप्रबंधक (ए.डी.एम.), सिद्धार्थ मण्डल, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन), यूनियन एवं एसोशिएशन के पदाधिकारीगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# टैलेंट शो के प्रदर्शन के साथ बालिका सशक्तिकरण अभियान-2024 का समापन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के उमंग भवन में नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत बालिका सशक्तिकरण अभियान, 2024 का समापन भव्य कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ।

तत्पश्चात मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर), एन एस राव, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल), ई सत्य फणि कुमार, परियोजना प्रमुख (शक्तिनगर), राजीव अकोटकर, परियोजना प्रमुख (रिहंद) पंकज मेदिरत्ता, विंध्याचल, रिहंद एवं शक्तिनगर के सभी महाप्रबंधकगण, अध्यक्षा सुहासिनी संघ सरोजा फणि कुमार, वर्तिका महिला मंडलअध्यक्षा अनीता मेदिरत्ता, अध्यक्षा लेडीज क्लब, शक्तिनगर पियूषा अकोटकर तथा सुहासिनी संघ पदाधिकारीगण व सभी सदस्याएं एवं अन्य पधारे सभी विशिष्ट अतिथियों के साथ मिलकर दीप-प्रज्ज्वलन कर एनटीपीसी गीत के साथ इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) राकेश अरोड़ा ने अपने स्वागत उद्बोधन के दौरान ÷बालिका सशक्तीकरण अभियान 2024÷ का संक्षिप्त परिचय देते हुए सभागार में उपस्थित अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत किया एवं बताया कि एनटीपीसी सीएसआर के अंतर्गत एनटीपीसी-विंध्याचल में बालिका सशक्तिकरण अभियान 19 मई से 14 जून 2024 तक सिंगरौली जिले की 18 सरकारी विद्यालयों की 120 बालिकाओं हेतु आयोजित किया गया, जिसमें एक माह तक चलने वाले इस आवासीय कार्यक्रम में छात्राओं के लिए प्रारंभिक शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, योग एवं क्रीडा से संबन्धित विभिन्न कार्यशालाएँ आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के दौरान हमने विशेष व्यवस्थाएँ की है, जिनमे बच्चों को सुरक्षित अपने-अपने गांवो से लाना तथा उनका एक माह तक उनका विधिवत ख्याल रखना उनकी सभी आवश्यकताओं जैसे- Healthy & Hygienic Food, Dress, स्टेशनरी, गुड टच-बैड टच, साफ-सफाई, कपड़ो की धुलाई के साथ-साथ उनकी सुरक्षा का ध्यान रखना है। उन्होनें बताया कि बच्चियाँ अपने जीवन के हर लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल होंगी। कार्यक्रम में प्रशिक्षित बच्चियाँ एक माह में जो सीख पाई है, उसे अपने आस-पास के वातावरण में तथा अपने दोस्तों से साझा करेंगी। इन बच्चियों के माध्यम से हम अपने आस-पास के ग्रामीणजनो के जीवन के हर पहलूओं से जुड सकेंगे। विश्वास है कि एनटीपीसी विंध्याचल का यह प्रयास सार्थक होगा तथा बच्चियों के जीवन में एक नई ऊर्जा का संचार करेगा।

# सीएम योगी ने कहा, जाओ और बाड़े में चला गया बब्बर शेर

- बब्बर शेर की जोड़ी को सीएम ने कराया चिड़ियाघर के बाड़े में प्रवेश
- तेरह दिन में दूसरी बार गोरखपुर के चिड़ियाघर पहुंचे मुख्यमंत्री
- हरिशंकरी का पौध रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

अवधनामा ब्यूरो

**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान (गोरखपुर चिड़ियाघर) में बब्बर शेर भरत और शेरनी गौरी को बाड़े में प्रवेश कराया। इन दोनों दुर्लभ वन्यजीवों को मई माह के अंतिम सप्ताह में इटावा लायन सफारी से लाया गया था। मुख्यमंत्री द्वारा इन्हें बाड़े में छोड़े जाने के बाद अब चिड़ियाघर आने वाले दर्शक बब्बर शेर की इस जोड़ी का दीदार कर सकेंगे। इनकी दहाड़ का भी रोमांच ले सकेंगे। इसके पहले दो जून को भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चिड़ियाघर का भ्रमण करने आए थे। तब उन्होंने बब्बर शेर पांच साल के भरत और शेरनी सात साल की गौरी को देखने के साथ उनके बारे में जानकारी हासिल की थी।

उल्लेखनीय है कि गोरखपुर चिड़ियाघर से सीएम योगी को बहुत लगाव है। जब भी उन्हें मौका मिलता है, वह यहां वन्यजीवों को देखने और उनके देखभाल की जानकारी लेने आते हैं।

शनिवार को वह बब्बर शेर की जोड़ी भरत और गौरी को बाड़े में छोड़ने आए। मुख्यमंत्री के साथ वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण सक्सेना भी उपस्थित थे। जैसे ही सीएम ने क्रॉल का गेट खोलकर यह कहा, चलो जाओ, बब्बर शेर दौड़ते हुए बाड़े में चला गया। मुख्यमंत्री ने यहां चिड़ियाघर के निदेशक एवं डीएफओ विकास यादव से दोनों शेरों के बारे में जानकारी ली। शेर के बाड़े के समीप हरिशंकरी पौध का रोपण कर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। सीएम ने यहां तैल चित्रों का भी अवलोकन किया। उन्होंने अपने एक चित्र पर ऑटोग्राफ भी दिया।



### हरि-गौरी की खिलाया चारा, बिल्लू को आइसक्रीम और शहद

सीएम योगी ने चिड़ियाघर का भ्रमण करते हुए निरीक्षण भी किया। इस दौरान भ्रमण करते हुए सीएम योगी गैंडों की जोड़ी हरि और गौरी के बाड़े के पास पहुंचे और अपने हाथों से दोनों को चारा खिलाया। गैंडों की यह जोड़ी मुख्यमंत्री को काफी प्रिय है और इसके पहले 2 जून को वह यहां आकर उन्हें केला खिला चुके हैं। भ्रमण के सीएम योगी हिमालयन भालू बिल्लू के बाड़े पर भी पहुंचे। उसे आवाज देकर बुलाया। गर्मी से परेशान इस भालू को उन्होंने आइसक्रीम, बर्फ का गोला और शहद खिलाया। हरि-गौरी और बिल्लू के बाड़े के पास सीएम ने कुल मिलाकर करीब बारह मिनट का वक्त बिताया। उन्होंने चिड़ियाघर के अन्य वन्यजीवों के बाड़ों तथा सांपघर का भी अवलोकन किया।

### शक्ति होगा लखीमपुर के जंगल से आए बाघ का नाम

चिड़ियाघर भ्रमण के दौरान सीएम योगी ने लखीमपुर के जंगल से रेस्क्यू कर लाए गए बाघ का नामकरण किया। बाघ का नाम उन्होंने शक्ति रखा। नामकरण के बाद बाड़े के अंदर यह बाघ काफी देर तक दहाड़ता रहा।

### बच्चों से मुलाकात की मुलाकात

चिड़ियाघर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां आए वनटांगिया बस्ती, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जंगल तिकोनिया नम्बर तीन के बच्चों से भी मुलाकात की। उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद कर उन्हें आशीर्वाद दिया। उन्हें चॉकलेट भी गिफ्ट की। इस दौरान उन्होंने अभिभावक जैसे बच्चों को समझाया कि चॉकलेट का रैपर या अन्य कूड़ा इधर उधर न फेंकें, डस्टबिन में ही डालें। गर्मी को देखते हुए खूब पानी पीते रहें। मुख्यमंत्री ने यहां लायन थीम पर फेस पेंटिंग कराए कुछ बच्चों से खूब हंसी ठिठोली की। मुख्यमंत्री के साथ महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, एमएलसी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र सिंह, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, डीएफओ एवं चिड़ियाघर के निदेशक विकास यादव आदि भी उपस्थित रहे।

# हजरत मुस्लिम बिन अकील अजीम इंसान थे: मौलाना हबीब

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत मोहम्मद साहब (स.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के सफीर (दूत) हजरत मुस्लिम बिन अकील (अ.स.) की शहादत की याद में सफीर-ए-हुसैन का मातम शीर्षक से दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) रूस्तम नगर में शनिवार को मौलाना हबीब हैदर ने मजलिस को खिताब किया। मौलाना ने कहा कि हजरत मुस्लिम वह अजीम इंसान थे जिनके बेटों ने हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) पर अपनी कुर्बान कर दी। उन्होंने कहा कि जब कूफे के लोगों ने हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) को हजारों खत भेजकर बुलाया था तो उन्होंने अपने चचेरे भाई हजरत मुस्लिम बिन अकील को अपना सफीर बनाकर कूफे भेजा था, जहां यजीद के लोगों ने उन्हें धोखे से पकड़ कर शहीद कर दिया गया। हजरत मुस्लिम (अ.स.) की दर्दनाक शहादत सुनकर अजादारों की आंखें अश्कबार हो गई। मजलिस के बाद शहर की दर्जनों अंजुमनें हजरत मुस्लिम (अ.स.) के ताबूत के साथ नौहाख्वानी व सीनाजनी करती हुई ताबूत को शबीह-ए-नजफ तक ले गयी। रौजा-ए-हजरत मुस्लिम रईस मंजिल में अंजुमन गुंचाए मेहदिया द्वारा आयोजित मजलिस को मौलाना गुलरेज मेहदी ने खिताब करते हुए हजरत मुस्लिम की शहादत को बयान किया तो अजादार रोने लगे। मजलिस के बाद अंजुमनों ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। अलविदायी मजलिस रविवार शाम 5 बजे होगी, जिसे मौलाना मोहम्मद अली हैदर खिताब करेंगे। मजलिस के बाद हजरत मुस्लिम के ताबूत की जियारत करायी जायेगी। कर्बला शाह नसरूद्दीन हैदर डालीगंज में मजलिस को मौलाना सैयद अनवर हुसैन रिजवी ने खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत और जुलजनाह की जियारत करायी गयी।

# लगातार बढ़ती जा रही हैं हज यात्रियों की परेशानियां

- प्रधानमंत्री से मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने आरोप लगाया कि राज्य हज समितियों व निजी टूर ऑपरेटर्स के जरिए मुकद्दस हज पर गये भारतीय हज यात्रियों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मक्का और मदीना में हाजियों को होने वाली परेशानियां अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और हज कमेटी की सोची-समझी साजिश का नतीजा है। इसके पीछे बहुत बड़ा भ्रष्टाचार है। उन्होंने प्रधानमंत्री से मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। इसी के साथ उन्होंने कहा कि हाजियों की समस्याओं के तमाम वीडियो वायरल हैं लेकिन हज यात्रियों को हरी झण्डी दिखा रवाना करने वाले मौलवी चुप्पी साधे हैं। हाजियों की वतन वापसी 22 जून से शुरू हो रही है ऐसे में अगर यह मौलाना हाजियों की वापसी पर एयरपोर्ट पर दिखे तो पसमांदा मुस्लिम समाज उनका विरोध करेगा। अनीस मंसूरी ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हाजियों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। हाजियों के भवन बहुत गंदे हैं, वहां शौचालय और स्नानागार तक नहीं हैं। सफाई कर्मी आते नहीं। मक्का में बीते दिनों लिफ्ट गिरने से बिहार के दो हाजियों की मृत्यु अफसोसनाक है। हाजियों की मृत्यु की जिम्मेदारी अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और हज कमेटी के अधिकारियों की है। उन्होंने दोनों मृत हाजियों के परिजनों को बीमा के अलावा सऊदी हुकूमत व अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय व हज समिति से एक-एक करोड़ मुआवजे की मांग की। उन्होंने कहा कि राज्य हज समिति के अध्यक्ष मोहसिन रजा शिया समुदाय से हैं जिनके मात्र 141 हज यात्री इस वर्ष गये। मोहसिन रजा को पद से हटा कर सुन्नी समुदाय के ईमानदार और कर्मठ व्यक्ति को राज्य हज समिति का अध्यक्ष बनाया जाए।

# ईदुल अज़हा पर पूछे गये सवालों के जवाब

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** तकबीर तशरीक 9 जिलहिज्ज की फज्र की नमाज से लेकर 13 जिलहिज्ज को अस्र की नमाज बजमाअत के बाद तक कही जाएगी। यह बात दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल की ओर से संचालित हेल्पलाइन पर पूछे एक सवाल के जवाब में उलमा ने कही। हेल्पलाइन पर सवाल पूछने के लिए दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9335929670, 7007705774, 9415102947, 9140427677 पर सम्पर्क किया जा सकता है। एक कॉलर ने पूछा कि कोई शख्स ईदुल अजहा की नमाज से पहले कुर्बानी करा ले तो क्या सही है, जिसके जवाब में उलमा ने बताया कि दूसरा जानवर लेकर दोबारा कुर्बानी कराए। एक कॉलर ने पूछा कि एक औरत जिसके शौहर का इंतकाल हो गया है और वह साहिबे हैसियत है तो क्या अपने दामाद के साथ हज पर जा सकती है। उलमा ने बताया कि दामाद महरम है यानि उससे निकाह सही नहीं है। उसके साथ हज का सफर करना सही है। एक कॉलर ने पूछा कि जिस शख्स पर कुर्बानी वाजिब नहीं है अगर वह बाल और नाखून न काटे तो क्या उसे सवाब मिलेगा, इस पर उलमा ने बताया कि जी नहीं, यह सिर्फ कुर्बानी करने वालों के लिए खास है। इसी तरह एक अन्य कॉलर ने पूछा कि बच्चे के बालिग होने या इंतकाल के बाद अकीका करना कैसा है इस पर उलमा ने बताया कि बालिग होने के बाद अकीका करना सही है लेकिन इंतिकाल के बाद सही नहीं है।

# आयुष मंत्री ने योग सप्ताह का किया शुभारम्भ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एम.ओ.एस.) डा0 दयाशंकर मित्र दयालु आज राजकीय आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय, लखनऊ के सभागार में दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के परिपेक्ष्य में आज योग सप्ताह कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया। यह योग सप्ताह 15 से 21 जून, 2024 तक पूरे प्रदेश में एक साथ मनाया जायेगा। उन्होने कहा कि योग के बल से हमारे ऋषियों मुनियों ने अनेक सिद्धियां प्राप्त कर जनमानस के कष्टों को दूर किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में मनुष्य को बीमारियों से बचाने तथा अनेकों जटिल बीमारियों को ठीक करने में योग के माध्यम से सफलता प्राप्त की जा सकती है, जिससे बिना पैसे खर्च किए स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होता रहता है और व्यक्ति एवं समाज पर आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ता है। उन्होने मा0 प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद किया कि उनके प्रयासों से ही योग की विधा से पूरी दुनिया को एक सूत्र में बांधा गया है। आज विश्व के अधिकांश देशों ने योग की महत्ता को समझते हुये प्रतिवर्ष 21 जून को अपने वहां योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित करते है। दुनिया के 57 मुस्लिम देशों में भी योग का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर योग सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।




- बिना खर्च योग से जटिल बीमारियों को ठीक करने में प्राप्त की जा सकती है सफलता
- योग खुद को स्वस्थ्य रखने के लिये एवं मानसिक मजबूती के लिये सर्वोत्तम विधा है: डा0 दयाशंकर मिश्र दयालु
- प्रतिदिन योग करने से शरीर स्वस्थ्य एवं मजबूत रहता है
- योग प्राचीन भारत से उत्पन्न एक शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि समग्र अभ्यास है: प्रमुख सचिव आयुष

# ख्वाज़ा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कोडिंग और प्रोग्रामिंग कोर्स का शुभारंभ

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने समाज कल्याण और सशक्त समाज के लिए विकास नामक संस्था (इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया (ESSCI) के प्रशिक्षण भागीदार) के साथ साझेदारी में, सैमसंग इनोवेशन कैंपस प्रोग्राम(SIC) के तहत कोडिंग और प्रोग्रामिंग कोर्स के नए बैच की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम को लेकर दोनों ही संस्थान बेहद उत्साहित है। यह कार्यक्रम, जो इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया (ESSCI) द्वारा समर्थित है, इस कार्यक्रम के अंतर्गत 100 छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया जाएगा।

# गोरखनाथ मंदिर में भाजपा कार्यकर्ताओं के अभिनंदन समारोह

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रवि किशन की लगातार दूसरी बार ऐतिहासिक जीत पर खुशी जाहिर करते हुए इसे भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम का प्रतिफल बताया। उन्होंने कहा कि गोरखपुर महानगर के बूथ से लेकर जनपद स्तर तक के पदाधिकारी जिस मनोयोग से और रणनीति के तहत नामांकन से लेकर रोड शो तक लगातार प्रयासरत रहे, उसका परिणामस्वरूप हमें जीत मिली।

मुख्यमंत्री आज जनपद गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति भवन परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं के अभिनंदन समारोह में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री सभी से व्यक्तिगत रूप से मिले। उन्होंने कहा कि गोरखपुर के हर भाजपा कार्यकर्ता के लिए प्रसन्नता की बात कि उन्हें वैश्विक नेता नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने में अपनी भूमिका निभाने का गौरव प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने भाजपा के सभी पदाधिकारियों से कहा कि आप सभी के पास मतदाता सूची है, उसके आधार पर लोक सभा चुनाव में प्रत्येक बूथ पर पार्टी की स्थिति का आकलन करते हुए आगे की तैयारी के लिए लगना चाहिए। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सांसद रवि किशन ने जीत का पूरा श्रेय मुख्यमंत्री को देते हुए उपस्थित सभी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों के प्रति हृदय से आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य डॉ धर्मेंद्र सिंह, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, पुष्प दंत जैन, डॉ सत्येंद्र सिन्हा, डॉ नवीन पाण्डेय बच्चा, देवेश श्रीवास्तव, अच्युतानंद शाही, ओम प्रकाश शर्मा, इन्द्रमणि उपाध्याय, उपाध्यक्ष शशिकांत सिंह, बृजेश मणि मिश्रा, रमेश प्रताप गुप्ता, दयानंद शर्मा, रणजीत राय बड़े, पवन यादव, रणविजय शाही, जितेंद्र चौधरी जीतू, वीरेंद्र पाण्डेय, पदमा गुप्ता, जितेंद्र बहादुर चंद, अनुभव वाजपेई, सुअमिता गुप्ता, श्वेता श्रीवास्तव, मीना श्रीवास्तव, रत्नेश मौर्य, सुआरती सिंह, रानी मिश्रा, पूजा गुप्ता, भाजपा पार्षदगण, बूथ अध्यक्षगण, मण्डल अध्यक्ष, महानगर पदाधिकारी व मोर्चा अध्यक्षगण सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



- मुख्यमंत्री ने गोरखपुर से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रवि किशन की लगातार दूसरी जीत को भाजपा कार्यकर्ताओं के परिश्रम का प्रतिफल बताया
- गोरखपुर के हर भाजपा कार्यकर्ता के लिए प्रसन्नता की बात कि उन्हें वैश्विक नेता नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने में अपनी भूमिका निभाने का गौरव प्राप्त हुआ

# लखनऊ में पहली बार भंडार में आयोजित किया गया निशुल्क संपूर्ण स्वास्थ्य शिविर



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** यूं तो जेठ के महीने में बड़े मंगल एवं शनिवार को तमाम भंडारे का आयोजन किया जाता है। लेकिन हर बार अनोखे प्रयोग के लिए विख्यात सरिता प्रवाह ने इस बार लखनऊ के नामी-गिरामी चिकित्सकों की अगुवाई में एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में सौ से अधिक लोगों ने अपनी शुगर, बीपी, एवं अन्य जांच करायीं तो कम्प्यूटराइज्ड मशीन द्वारा आंखों की भी निशुल्क जांच करायी गयी। इस अवसर पर आये लोगों ने इस शिविर की जमकर तारीफ की।निशुल्क स्वास्थ्य शिविर खुशी फाउंडेशन के बैनर तले हुआ जिसमें डा. अवधेश द्विवेदी, डा, नारायन प्रसाद, डा. अमरीश, डा. दीपांशु, राहुल तिवारी के अलावा वाघा अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञ डा. राजीव भी मौजूद रहे।गौरतलब है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरिता प्रवाह द्वारा 13वां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस भंडारे में जहां सुंदरकांड का पाठ अमर दीक्षित की भजन मंडली द्वारा गायन किया गया वहीं प्रसाद वितरण का आयोजन भी हुआ जो सुबह से शुरू होकर देर रात तक चला। भंडारे में कई मंत्रियों के सूचना अधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।


# सी.एम.एस. के तीन छात्रों को भारत सरकार द्वारा चार-चार लाख रूपये की स्कॉलरशिप

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के तीन मेधावी छात्रों शिवेन्द्र प्रताप सिंह, श्रेया श्रीवास्तव एवं समर्थ रघुवंशी को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा चार-चार लाख रूपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। सी.एम.एस. छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक छात्र को पाँच वर्षों तक प्रतिवर्ष रु. 80,000/- अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है।

श्री खन्ना ने बताया कि इन मेधावी छात्रों ने इस वर्ष की आई.एस.सी. (कक्षा-12) परीक्षा-2024 में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए पूरे देश में 'टॉप वन परसेन्ट' मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है। इसी अभूतपूर्व प्रदर्शन हेतु इन छात्रों को विज्ञान की उच्चस्तरीय शिक्षा हेतु इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप हेतु चयनित किया गया है।

सी.एम.एस. के इन मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के अलावा सी.एम.एस. के शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. के इन होनहार छात्रों के उज्जवल भविष्य कामना की है। प्रो. किगडन ने सी.एम.एस. प्रधानाचार्याओं व शिक्षकों का भी आभार व्यक्त किया जिनकी लगन व कठिन परिश्रम के बलबूते सी.एम.एस. छात्र नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।




# रत्ना डांस अकादमी में लिटिल एंजिल्स ने किया योगाभ्यास

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रत्ना डांस अकादमी में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की अवसर पर छोटी-छोटी बच्चियों ने लिटिल एंजिल्स कैटेगरी में योगाभ्यास किया। रत्ना अस्थाना के निर्देशन में गोमती नगर विनय खंड के एम - 4 / 76 स्थित ÷भारतीयम् भवन÷ में हुए इस आयोजन में बेटियों से लेकर माताओं तक ने योग की जानकारी हासिल की। इस अकादमी में हर उम्र की महिलाओं को डांस का प्रशिक्षण साल भर दिया जाता है। ऐसे में प्रतिभागियों को बताया गया कि योग के माध्यम से न केवल वह तंदुरुस्त रह सकते हैं बल्कि उनका शरीर भी अधिक लचीला बनेगा और नृत्य के लिए आवश्यक ऊर्जा भी प्राप्त होगी। लिटिल एंजिल्स कैटेगरी में अविका सिंह, अनिका सिंह, तनिष्का सिंह, अवंतिका श्रीवास्तव, अग्रिमा चौरसिया, श्री मौर्या, ध्वनि सिंह, आयुषी सिंह, अनन्या शर्मा, अदिति सिंह, स्वस्तिका त्रिपाठी, अनिका चंदेल, पीहू वर्मा, और स्मार्ट मदर कैटेगरी में बबीता साहू, आशा चौरसिया, गरिमा सिंह सहित अन्य ने योगाभ्यास किया। इस अवसर पर भारतेन्दु नाट्य अकादमी के पूर्व निदेशक पुनीत अस्थाना ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है। यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीर्घायु बनाता है। 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। भारत के इस प्रस्ताव को 90 दिन के अन्दर पूर्ण बहुमत से पारित किया गया, जो किसी प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र संघ में पारित करने के लिए सबसे कम समय है। कार्यक्रम संयोजिका शुभ्रा अस्थाना ने कहा कि योग वास्तव में स्वस्थ जीवन जीने का आसान और निःशुल्क माध्यम है।



# कांग्रेस की मजबूत स्थिति सरकार को जवाब देने को मजबूर करेगी

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार मांगी सूचनाओं के जवाब न देकर सूचना का अधिकार कानून को कमजोर कर रही थीं। लेकिन अब कांग्रेस की मजबूत स्थिति सरकार को जवाब देने को मजबूर करेगी। वे शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में विभाग के पदाधिकारियों व जिला-शहर अध्यक्षों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में लोकसभा चुनाव परिणामों की समीक्षा करते हुए पदाधिकारियों व जिला-शहर अध्यक्षों ने अपनी रिपोर्ट भी पेश की। बैठक में पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि हमने मेहनत कर सांसद तो जितवा लिये अब सांसदों के जरिए जनता के काम करा कर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस संगठन को मजबूत करना जिम्मेदारी है। बैठक में अमित उठावल, प्रदेश महासचिव संगठन प्रभारी सीमा देबनाथ, महेन्द्र श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी व जिला-शहर अध्यक्ष उपस्थित थे।

## ईदुल अज़हा के नमाज़ का समय व मस्जिद का नाम

मस्जिद लाही शाह खदरा 05.40 बजे
मस्जिद सिद्दीकिया, बिल्लौचपुरा 05.40 बजे
मस्जिद इब्राहीमी, गली मीरमाता 05.45 बजे
इमामबाड़ा आगा बाकिर चौक 06.00 बजे
हैदरी मस्जिद नक्खास 06.00 बजे
मस्जिद मम्मी जर्राह मंसूर नगर 06.00 बजे
मस्जिद पीर जड़ावन 06.00 बजे
मस्जिद चांद वाली खदरा 06.00 बजे
मदरसा जमाअत उल खुरा खदरा 06.00 बजे
मस्जिद रसूली पुलवाली टूरियागंज 06.00 बजे
मस्जिद तकवियतुल ईमान, नादान महल 06.00 बजे
मस्जिद उमर, बिल्लौचपुरा 06.30 बजे
मस्जिद दाया मिशरी कंघी वाली गली 07.00 बजे
मस्जिद मोलसरी राकेट लांड्री गोलागंज 07.00 बजे
मस्जिद इब्राहिम बिल्लौचपुरा 07.00 बजे
मस्जिद निमराह शाहगंज 07.00 बजे
मस्जिद हमजा, जलाल पूर राजाजीपुरम 07.00 बजे
मस्जिद हमजा कंघी वाली गली 07.00 बजे
मस्जिद फारूकिया, हुसैनाबाद 07.00 बजे
मस्जिद नदवातुल उलमा 07.30 बजे
छोटी मस्जिद, हसन पुरिया 08.00 बजे
मस्जिद जहरा हाता मिर्जा अली खां 08.00 बजे
ईदगाह मलेसेमऊ गोमतीनगर 08.00 बजे
ईदगाह उजरियांव गोमतीनगर 08.00 बजे
इंदारे वाली मस्जिद मेंहदीगंज 08.00 बजे
मस्जिद कादर खां, तालकटोरा 08:00 बजे
मस्जिद आलिया मकबरा आलिया 08.30 बजे
मस्जिद पत्थर वाली शीश महल 08.30 बजे
दरगाह शाहमीना शाह मेडिकल कालेज 08.30 बजे
मस्जिद चांद वाली ताल कटोरा 08.30 बजे
मस्जिद तहसीन चौक 09.00 बजे
मदरसा अबुतालिब दुबग्गा 09.00 बजे
शाही मस्जिद रईस मंजिल 09.00 बजे
टीले वाली मस्जिद 09.00 बजे
मस्जिद जमानी गोलागंज 09.00 बजे
मस्जिद मोलसरी नक्खास 09.00 बजे
हुसैनी इमामबारगाह,सेक्ट.एम अलीगंज 09.00 बजे
इमामियां मस्जिद हाता मिर्जा अली खां 09.00 बजे
बड़ी मस्जिद हसन पुरिया 09.00 बजे
मोहम्मदी मस्जिद रूस्तम नगर 09.00 बजे
मस्जिद कर्बला अजमतुद्दौला मेहदीगंज 09.00 बजे
मस्जिद अंजुमन चश्में कौसर,वजीरबाग 09.00 बजे
रौजाए जैनबया टिकैतराय तालाब 09.00 बजे
मस्जिद रिक्की साहिबा झवाईटोला 09.00 बजे
मस्जिद स्टार लांड्री मंसूर नगर सुबह 09. बजे
ईदगाह पुरानी बास मंडी 09.00 बजे
खुमैनी मस्जिद हसन पुरिया 09.00 बजे
अंजीर वाली मस्जिद, घास मंडी 09.00 बजे
मस्जिद लाल कोठी,मंसूर नगर 09.00 बजे
अब्बासिया मस्जिद, हसन पुरिया 09.00 बजे
मस्जिद जफर हुसैन पुराना चबूतरा 09.00 बजे
मस्जिद कदम रसूल,कश्मीरी मोहल्ला 09.00 बजे
मस्जिद मौलाना इश्तियाक बास मंडी 09.30 बजे
सज्जादिया मस्जिद आलमनगर 09.30 बजे
ताक वाली मस्जिद छोटे साहब आलम 09.30 बजे
मस्जिद मकसदे हुसैनी, नैपियर रोड 09.30 बजे
जामा मस्जिद तहसीनगंज 10.00 बजे
मस्जिद मीर हैदर हुसैन राकेट लांड्री 10.00 बजे
हैदरी मस्जिद बीरबल साहनी मार्ग 10.00 बजे
मस्जिद हैदरी शाही खैरातखाना 10.00 बजे
मस्जिद मुंशी फजले हुसैन हैदरगंज 10.00 बजे
ईदगाह ऐशबाग 10.00 बजे
मस्जिद मीर मोहल्ला रूस्तम नगर 10.00 बजे
मस्जिदे कूफा, काजमैन 10.00 बजे
दरगाह हजरत अब्बास रुस्तमनगर 10.00 बजे
मस्जिद खाके पाक त्रिवेनीगंज 10.00 बजे
इमामिया मस्जिद,सुनारों वाली गली 10.00 बजे
मस्जिद मोलसिरी नक्खास 10.00 बजे
हैदरी मस्जिद बीरबल साहनी मार्ग 10.00 बजे
मस्जिद मिर्जा जैना महमूद नगर 10.30 बजे
आसिफी मस्जिद हुसैनाबाद 11.00 बजे
वक्फ शाही ईदगाह नादान महल रोड 11.00 बजे
मस्जिद सबा हाता संगी बेग 11.00 बजे